उस परिस्थिति में और किसी उपाय को न देख कर लाचार हो कर उस ने अपनी बहिन का सिर काट दिया।

कर्म दारुणं कृत्वा विवशो-
भगिनीधर्मारिरक्षुः ।
साक्षाद् यमइवभूत्वा यवनान्,
शतशः सोऽथ चकर्त ॥२३॥

लाचारी से भगिनी के धर्म की रक्षा की इच्छा से उस भयङ्कर कर्म को कर के उस ने साक्षात् यम के समान हो कर सैकड़ों यवनों को काट डाला।

दुष्टदमनरूपं निजधर्मं, मुदा पालयन् सिंहः ।
बहुसंख्यैर्यवनैराक्रान्तो, वीरगतिं स जगाम ॥२४॥

वह शेर दुष्टों के दमन रूप अपने धर्म का प्रसन्नता पूर्वक पालन करता हुआ बहुत अधिक संख्या में यवनों द्वारा आक्रमण करने पर वीर गति को प्राप्त हुआ।

कुतुबुद्दीनकुबुद्धिर्यद्यपि, इत्थं विजयं लेभे ।
किन्तु केवलं शवान् सुशून्यं, दुर्गं चैव स लेभे॥२५॥

इस प्रकार यद्यपि कुबुद्धि कुतुबुद्दीन ने विजय प्राप्त की किन्तु उसे केवल वीरों के शव और सर्वथा शून्य किला ही प्राप्त हुए।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

धन्या ताजकुमारी देवी, वन्द्या कस्यनहि स्यात् ।
यया वीरयात्यद्भुतकृत्यं, कृतं सुविस्मयकारि॥२६॥

वह वीरा ताजकुंवरी धन्य थी जिस ने इतना आश्चर्य जनक कार्य कर के दिखाया । वह किस के लिए वन्दनीया नहीं ?

करस्पर्शतो नहि दुष्टानां,
भ्रष्टा जातु भवेयम् ।
इति बलिदानं स्वयं ययान्ते,
कृतं धर्मरक्षायै ॥२७॥

दुष्टों के हाथों के स्पर्श से मैं कभी भ्रष्ट न हो जाऊं इस लिए जिस ने धर्म की रक्षा के लिए अन्त में स्वयं अपना बलिदान कर दिया ।

विनतास्ताजकुमारीं देवीं,
वीरां वयं नमामः ।
भारतमातुर्नाम चोज्ज्वलं,
कर्त्रीं सदा स्मरामः ॥२८॥

इस लिए हम वीरा, भारतमाता के नाम को उज्ज्वल करने वाली ताजकुमारी देवी को नम्र हो कर सदा नमस्कार करते हैं ॥

—०—

रानी दुर्गावती
(बलिदानम् १५६४ ई०)

चन्देला सरदारसुपुत्री, रानी दुर्गावतिसंज्ञा ।
शौर्यवीर्यपौरुषसम्पन्ना, सिंहीवासीद् विभया॥१॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रानी दुर्गावती महोबा के चन्देल सरदार की पुत्री शौर्य वीर्य-
बल सम्पन्ना और सिंही की तरह निर्भया थी।

बाज़ बहादुर मुग़लाक्रमणैः,चक्रे स्वदेशरक्षाम्।
सा विजित्य इह बाज बहादुर-संग्रामे वीराग्र्या॥२॥

मालवा के बाज़ बहादुर और मुग़लों के आक्रमण से उस ने अपने देश की रक्षा की और बाज़बहादुर के साथ युद्ध में उस ने विजय पाई।

आसफखानं प्रैषयदकबर-सम्राट् तद्विजयाय।
किन्तु विजेतुं नहि सोऽशक्नोत् शूरां रणे सुधीराम्॥३॥

सम्राट् अकबर ने आसफखान को उस को जीतने के लिए भेजा किन्तु वह उस शूरवीरा धीरा को हराने में समर्थ न हो सका।

इभमारुह्य[1] सुवीरा स्वयमपि, सैन्यचालनं चक्रे।
तस्याः शौर्यं दृष्ट्वा सुभटाः,सर्वे विस्मयमापुः॥४॥

हाथी पर सवार हो कर उस सुवीरा ने स्वयं सेना का संचालन किया और उस की शूरवीरता को देख कर सब उत्तम सैनिक भी आश्चर्य चकित हो गये।

भवती गच्छतु संग्रामे नो,
बृहती रिपुदलसेना।
निधनं तत्रभवत्याः सम्भवि,
न स्यादित्थमनिष्टम्॥५॥

आप युद्ध में न जायं क्योंकि शत्रु की सेना बहुत बड़ी है। संभव है आप की युद्ध में मृत्यु हो जाय। इस प्रकार का अनिष्ट न हो।

---

१ इभम्—हस्तिनम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इत्थं निवार्यमाणा स्वजनैः, बन्धुभिराप्तैरिष्टैः।
वरमिह मरणं मानसमेतं, मानरहितजीविततः॥६॥

इस प्रकार अपने सम्बन्धियों, बन्धुओं और इष्टजनों द्वारा मना किये जाने पर भी उस ने कहा कि सम्मान रहित जीवन से मानयुक्त मृत्यु ही अच्छी है।

एवं कथयित्वा धैर्येण, प्रतिरोधं सा चक्रे।
प्रबले सत्यपि शत्रुदले सा, नो विह्वलतामाप॥७॥

इस प्रकार कह कर उस ने धैर्य पूर्वक शत्रु सेना का डट कर मुकाबला किया। शत्रु सेना के प्रबल होने पर भी वह व्याकुल नहीं हुई।

रणेह्याहतस्तस्या पुत्रः,
श्री नारायणसंज्ञः।
त्रिशती केवलमवशिष्टान्यैः,
सा त्यक्ता विषमापदि ॥८॥

उस का पुत्र वीर नारायण युद्ध में घायल हो गया। केवल ३०० को छोड़ कर शेष सब ने उस का साथ छोड़ दिया।

विषमपरिस्थितिमवलोक्यासौ,
कुर्वन्ती प्रतिरोधम्।
अन्यमुपायं कमपि न लब्ध्वा,
चक्रे निजबलिदानम् ॥९॥

इस प्रकार की विषम परिस्थिति में प्रतिरोध करते हुए और कोई उपाय न देख कर उस ने अपना बलिदान कर दिया।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तां दुर्गादेवीमिव चण्डीं, रिपुदलदलने दक्षाम् ।
राज्ञीं दुर्गादेवीं विनताः, वीरां मुदा नमामः ॥१०॥

उस दुर्गा देवी की तरह तेजस्विनी, शत्रु सेना के नाश करने में समर्था, वीरा रानी दुर्गादेवी को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ॥

—०—

सुवीरा पतिव्रता कर्णदेवी (किरणदेवी)

(षोडशशतकीया)

यद्यपि स्वीयैर्गुणैः, कैश्चित्प्रसिद्धोऽस्त्यक्बरः ।
दुर्गुणस्तस्मिन् परं, कामित्वरूपो निन्दितः ॥१॥

यद्यपि अकबर अपने उदारता, सहिष्णुता, गुणग्राहकता आदि कई गुणों के कारण प्रसिद्ध है, तथापि उस में कामिता का एक निन्दित दुर्गुण था ।

कामसन्तृप्त्यै च तेना- योजितो मीनापणः ।
यत्र महिलानां प्रवेशः, पूरुषाणां वर्जितः ॥२॥

अपनी इस कामवासना की तृप्ति के लिए उस नें एक मीना बाजार की आयोजना की थी जिस में केवल स्त्रियों का प्रवेश होता था, पुरुषों का प्रवेश उस में वर्जित था ।

तत्र नारीवेशधारी, अक्बरोऽगच्छत्स्वयम् ।
वीक्ष्य महिलां मोहिनीं, स्वान्तःपुरे प्रावेशयत् ॥३॥

वहां स्वयं स्त्री वेश धारण कर के अकबर जाया करता था

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
और किसी मोहिनी स्त्री को देख कर उसे अपने अन्तःपुर में प्रविष्ट कर लेता था।

दुश्चरित्रोत्तेजकं, कार्यं सुजनगणनिन्दितम्।
किन्तु सम्राजो भिया, कर्तुं विरोधं नाशकन्॥४॥

इस दुराचार के उत्तेजक उस के कार्य की सज्जन गण निन्दा करते थे, किन्तु सम्राट् के भय से उस का लाग विरोध करने में समर्थ न थे।

बीकानेरनृपानुजस्य दयिता-
सीत्कर्णदेवी सती।
पृथ्वीराजबुधस्य सद्गुणवती,
ख्याता सुरूपान्विता॥
तां कर्तुं चकमे यथा कथमपि,
प्रीत्यन्वितामक्बरः।
बीकानेरपुरीं विजित्य दिहली-
मानाययद् दम्पती॥५॥

बीकानेर के राजा के छोटे भाई पृथिवीराज की कर्ण देवी (किरण देवी) गुणवती अत्यन्त रूपवती होने के कारण प्रसिद्ध पत्नी थी। अकबर उस को किसी तरह अपनी प्रिया बनाना चाहता था, इस लिए बीकानेर को जीतकर वह पृथिवीराज और उस की पत्नी किरण देवी को देहली ले आया।

आदेश एकः प्रहितश्च तेन,
मीनापणे प्रेषयितुं स्वपत्नीम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पृथ्वीपतेर्येन समस्तदेहे,
क्रोधस्य वह्निर्ज्वलितो बभूव ॥६॥

वहां उस ने पृथ्वीराज को अपनी धर्मपत्नी को मीना बाजार में भेजने का आदेश दिया जिसे प्राप्त कर पृथ्वीराज के सारे शरीर में क्रोध की अग्नि जल उठी।

स्वकीयभार्यामदिशद् यदासौ,
सिद्धाभवत्सा स्वयमेव गन्तुम्।
रक्तेक्षणः कोपपरीतचेताः,
उवाच तां त्वं [1]कुलटासि गुप्ता ॥७॥

जब उस ने अपनी पत्नी से इस आदेश के विषय में बताया तो वह स्वयं ही जाने को तैयार हो गई। तब पृथिवीराज ने क्रोध से व्याकुल चित्त वाला हो कर आंखों को लाल करते हुए कहा कि तू छिपी हुई व्यभिचारिणी है।

गन्तुं सहर्षं यदिहोद्यतासि,
पार्श्वेऽक्बरस्यातिजघन्यवृत्तेः।
चरित्रहीना त्वमपीह नूनं,
ज्ञातं मयाद्यैव ततो न पूर्वम् ॥८॥

जो तू नीच वृत्ति वाले अकबर के पास प्रसन्नता से जाने को तैयार हो गई है। आज ही मैंने इस बात को जाना कि तू चरित्रहीना है। पहले मुझे पता न था।

---

१ कुलटा – व्यभिचारिणी।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उवाच देवी नहि नाथ शङ्कां,
कुरुष्व पत्न्यां सुपतिव्रतायाम् ।
स्वप्नेऽप्यहं देव कदापि नान्यं,
त्यक्त्वा भवन्तं प्रतिदत्तचित्ता ॥९॥

देवी ने कहा कि हे प्राणनाथ ! आप अपनी उत्तम रूप से पतिव्रता धर्म का पालन करने वाली इस पत्नी में किसी प्रकार का सन्देह न करें। पतिदेव ! मैं तो स्वप्न में भी आप को छोड़ कर किसी अन्य में अपना चित्त नहीं लगा सकती ।

कटौ कृपाणो निहितो हि येन,
ध्रुवं हनिष्यामि हि पामरं तम् ।
निरुध्य मीनापणमेव पश्चात्,
प्राणेश विश्रान्तिमहं करिष्ये ॥१०॥

मैंने अपनी कमर में कृपाण (कटार) बांध ली है। मैं उस नीच को अवश्य मार दूंगी। हे प्राणनाथ ! मैं तो मीना बाजार को बन्द करा कर ही फिर आराम करूंगी।

सत्क्षत्रिया अत्र कथं भवन्ति,
सद्वृत्तरक्षानिरता नितान्तम् ।
प्रदर्श्य तं तस्य वधं च कृत्वा-
ऽऽयास्यामि हृष्टा भवदन्तिकेऽहम् ॥११॥

उत्तम क्षत्राणियां किस प्रकार अपने सदाचार की निरन्तर रक्षा करने वाली होती हैं, यह उसे दिखा कर और उस का वध कर के फिर मैं प्रसन्न चित्त से आप के पास आऊंगी।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पृथ्वीपतिस्तेन सुगद्गदोऽभू-
न्निशम्य पत्न्या ध्रुवनिश्चयं तम् ।
ददौ स्वकीयाशिष एव हृष्टः,
स प्रार्थयामास च तस्य सिद्धयै ॥१२॥

अपनी पत्नी के इस अटल निश्चय को सुन कर पृथ्वीराज बहुत गद्गद हो गया । प्रसन्न हो कर उस ने उसे आशीर्वाद दिया और उस के निश्चय की सफलता के लिए भगवान् से प्रार्थना की ।

अलंकृता सा तु ततो जगाम,
मीनापणं साधुजनैर्विगर्हिते ।
श्रुत्वा गतां तां निजकुट्टिनीभिः,
जगाम चात्यन्तमुदं स सम्राट् ॥१३॥

वह उत्तम वस्त्रों से सजधज कर सज्जनों द्वारा अत्यन्त निन्दित उस मीना बाजार में गई । अपनी प्रचारिणी दलाल स्त्रियों द्वारा उस किरण देवी के आने का समाचार जान कर सम्राट् अत्यन्त प्रसन्न हुआ ।

नीत्वा च तां यत्र न कश्चिदन्यः,
कर्तुं कुचेष्टामुपचक्रमे[1] यदा ।
अपातयत् तं सहसा सुवीरा,
कृपाणपाणिश्च तदा [2]जिघांसुः ॥१४॥

और उस देवी को उस स्थान में ले जा कर जहां कोई अन्य न था, उस ने उस के साथ कुचेष्टा प्रारम्भ करनी चाही, तब उस सुवीरा

---

१ उपचक्रमे – प्रारेभे ।
२ जिघांसुः – हन्तुमिच्छुका ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
ने एक दम उसे नीचे गिरा दिया और हाथ में कृपाण ले कर उसे मारने की इच्छा वाली हो कर कहा ।

जगाद भोः पामर ते शरीरं,
सुखण्डयिष्यामि पतिव्रताहम् ।
दृष्टा त्वया दुष्ट न भारतीयाः,
देव्यः सुवीराः पतिदत्तचित्ताः ॥१५॥

हे नीच ! मैं पतिव्रता तेरे शरीर के टुकड़े कर डालूंगी । हे दुष्ट ! तूने पतिव्रता सुवीरा भारतीय देवियों को कभी देखा नहीं ?

येनेदृशं कर्म विगर्हितं त्वं,
करोषि [1]नापत्रपसे च नीच ।
त्वामन्तिकेऽहं द्रुतमन्तकस्य,
संप्रेषयामीह मुदाति निन्द्यम् ॥१६॥

जिस से हे नीच ! तू ऐसे अत्यन्त निन्दित कर्म को करता और उस से लज्जित नहीं हाता । अब मैं तुझ नीच को शीघ्र ही प्रसन्नतापूर्वक यमराज के समीप भेज देती हूं ।

पातिव्रतं येन सुरक्षितं स्यात्,
लोके समानां प्रमदाजनानाम् ।
एतादृशं दण्डमहं सुघोरं,
दास्यामि तुभ्यं भुवि पामरेश ॥१७॥

जिस से सब स्त्रियों का पातिव्रत संसार में सुरक्षित हो । हे नीचराज ! मैं तुझे ऐसा कठोर दण्ड दूंगी ।

---

१ अपत्रपसे – लज्जसे ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इत्येवमुक्त्वा किल तस्य वक्षसि,
स्वीयं कृपाणं विनियोक्तुमुद्यता ।
तस्याः पतित्वा पदयोः स सम्राट्,
भिक्षां ययाचे निजजीवितस्य ।।१८।।

ऐसा कह कर वह उस की छाती में अपने कृपाण को घुसेड़ने को तैयार हुई । तब सम्राट् उस के पैरों पर पड़ कर अपने जीवन की भिक्षा मांगने लगा ।

नैवं कदाचित्पुनराचरिष्ये,
क्षमस्व मातः किल तेऽस्मि पुत्रः ।
भवत्युदारा तव हस्तयोर्हि
मज्जीवितं साम्प्रतमस्ति मातः ।।१९।

मैं फिर कभी ऐसा नहीं करूंगा । माता जी! मुझे क्षमा करो । मैं आप का पुत्र हूं । आप तो बड़ी उदार हैं । हे माता जी ! अब मेरा जीवन आप के हाथों में है ।

त्वं मृत्युदण्डं त्वधमार्हसीह,
न जातु संशीतिलवोऽपि तत्र ।
तथापि यत्प्रार्थयसेऽत्र भिक्षां,
ददामि तां तत्र पणावुभौ स्तः ।।२०।।

हे नीच ! तू तो निश्चय से मृत्यु दण्ड के योग्य है इस में जरा भी सन्देह नहीं है, तो भी जो तू जीवन भिक्षा की प्रार्थना कर रहा है, मैं उसे देती हूं पर उस में दो शर्तें हैं ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इतः परं मैव कदापि नीच,
मीनापणं योजयितासि निन्द्यम् ।
पूज्यश्च भर्ता मम सद्य एव,
कार्यः स्वतन्त्रः स यथेष्टगत्यै ॥२१॥

इस के पश्चात् हे नीच ! तूने कभी निन्दनीय मीना बाज़ार को नहीं लगाना और मेरे पूज्य पतिदेव को स्वतन्त्र संचार के लिए तत्काल बन्धनमुक्त कर देना ।

नार्यः समस्ता भगिनीवदीक्ष्याः
संभावनीया निजमातृवद् वा ।
पणौ यदि त्वं ह्युररीकरोषि,
सकृत् क्षमां दातुमिहोद्यताहम् ॥२२।

सारी स्त्रियों को बहिन व अपनी माता की तरह समझना । यदि तू मेरी इन दो शर्तों को स्वीकार करता है तो मैं तुझे क्षमा प्रदान करने को तैयार हूं ।

मातः पणौ द्वावुररीकरोमि,
क्षमस्व मामम्ब दयां कुरुष्व ।
नेतः परं कामपि वान्यपत्नीं,
मातः कुदृष्ट्या ह्यवलोकयिष्ये ॥२३॥

माता जी ! मैं इन दोनों शर्तों को स्वीकार करता हूं । मुझे क्षमा करो माता जी ! मेरे पर दया करो । मैं इस के बाद कभी किसी भी दूसरे की पत्नी व अन्य स्त्री को माता जी ! मैं बुरी दृष्टि से नहीं देखूंगा ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इत्थं प्रतिज्ञां खलु तस्य लब्ध्वा,
दत्वा च भिक्षां निजजीवितस्य ।
तदा मुदा सा गृहमाजगाम
न्यवेदयद् वृत्तमिदं च भर्त्रे ॥२४॥

इस प्रकार उस से प्रतिज्ञा वचन ले कर और उसे जीवन की भिक्षा दे कर वह देवी प्रसन्नता से अपने घर आई और उस ने अपने पतिदेव को सारा वृत्तान्त सुनाया ।

निशम्य वृत्तं मुदितः स गद्गदः,
पृथ्वीपतिस्तां प्रशशंस पत्नीम् ।
धन्योऽस्म्यहं येन भवादृशी स्त्री,
लब्धा सुवीरा सुचरित्रवित्ता ॥२५॥

पृथिवीराज इस वृत्तान्त को सुन कर अत्यन्त प्रसन्न और गद्गद हो गया और अपनी पत्नी की प्रशंसा करने लगा । उस ने कहा कि मैं धन्य हूं जिस को तुम्हारे जैसी सदाचाररूपी धन से युक्ता, सुवीरा पत्नी मिली है ।

क्षमस्व मां देवि मयाऽतिरोषात्,
आसीत्प्रयुक्त कुलटाद्यवाच्यम् ।
दुर्गासि साक्षात्सकलाभिनन्द्या,
तथानुकृत्या महिलाभिराभिः ॥२६॥

हे देवि ! मुझे क्षमा करो कि मैंने अत्यन्त क्रोध वश तुम्हारे लिए कुलटा (व्यभिचारिणी) आदि बुरे शब्दों का प्रयोग किया था । तुम तो सब के लिए प्रशंसा करने योग्य साक्षात् दुर्गा देवी हो, जो इन सब अन्य स्त्रियों द्वारा अनुकरण करने योग्य हो ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्राणप्रियां तामभिनन्द्य सम्यक्,
चुचुम्ब तस्याः शशिसन्निभं मुखम्।
आलिङ्ग्य तां गाढमतीव दोर्भ्यां,
धन्यं निजात्मानमय च मेने ॥२७॥

अपनी प्राणप्रिया की अच्छी प्रकार से प्रशंसा कर के पृथिवीराज ने उस के चन्द्र-समान मुख का चुम्बन किया और अपने बाहुपाश से उस का गाढ आलिङ्गन करके अपने आप को धन्य माना।

इत्थं महान् सन्महिलोपकारः,
कृतो यया स्वीयचरित्रशक्त्या।
नमामि भक्त्या महिलोत्तमां तां,
श्रीकर्णदेवीं प्रथितां सुवृत्ताम् ॥२८॥

इस प्रकार जिस देवी ने अपने सच्चरित्र की शक्ति से उत्तम महिलाओं का महान् उपकार किया, उन महिलाओं में उत्तमा सुप्रसिद्धा सदाचारिणी श्री कर्ण देवी (किरण देवी) को मैं भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूं।

अद्यापि लोके मनुजा अनेके,
ये दुश्चरित्रा धनशक्तिमत्ताः।
नार्यो भवेयुर्यदिकर्णदेवी-
तुल्यास्तदा सत्पथि चानयेयुः ॥२९॥

आज भी इस लोक में अनेक धन और शक्ति के मद से मस्त दुराचारी लोग विद्यमान हैं। यदि कर्ण देवी के समान सुवीरा नारियां हों तो उन को वे सीधे रास्ते पर ले आयें।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४सच्छक्तियुक्ता अबला न नार्या,
वेदोदितादर्श इहायमेकः ।
तं स्थापयन्तीं पुरतो जनानां,
श्रीकर्णदेवीं विनतो नमामि ॥३०॥

नारियां अबला नहीं किन्तु उत्तम शक्तियुक्ता होनी चाहियें यह एक वेदोक्त आदर्श है। उस वैदिक आदर्श को जनता के सम्मुख स्थापित करने वाली श्री किरण देवी को मैं नम्रतापूर्वक नमस्कार करता हूं ॥

४ अवीरामिव मामयं शरारुरभिमन्यते । उताहमस्मि वीरिणी इन्द्रपत्नी । (ऋग्वेदे १०. ८६. ९)

—०—

त्यागमूर्तिर्हाडी रानी
(सप्तदशशतकीया)

चूडावताख्यः सुभटाग्रगण्य-
१ श्चित्तौडसेनापतिरेक आसीत् ।
नीचं निरोद्धुं ह्यवरङ्गजीवं,
चित्तौड़भूपः स यदा प्रतस्थे ॥१॥

चूडावत नामी एक उत्तम योद्धाओं में श्रेष्ठ, चित्तौड़ के महाराणा का सेनापति था। जब नीच औरंगजेब को रोकने के लिए चित्तौड़ के महाराना ने प्रस्थान किया।

अन्तःपुरं स प्रविवेश चूडो,
द्रष्टुं नवोढां दयितां स्वकीयाम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हाडीति संज्ञा सुभटस्य पत्नी,
दृष्ट्वा विषण्णं स्वपतिं जगाद ।।२।।

चूडावत अपनी नवविवाहिता प्रिय पत्नी को देखने के लिए अन्तःपुर में गया । हाडी नाम वाली उस उत्तम योद्धा की पत्नी ने अपने पति को दुःखी देख कर कहा ।

भर्तर्विषण्णः किमु लक्ष्यसे त्वं
चिन्तातुरः किं प्रतिभासि नाथ ।
सत्क्षत्रियाः स्वर्गकपाटभूतं,
युद्धं [1]यदृच्छागतमामनन्ति[2] ।।३।।

हे स्वामिन् ! आप क्यों दुःखित दिखाई देते हैं ? हे नाथ ! आप क्यों चिन्ता से व्याकुल प्रतीत होते हैं ? उत्तम क्षत्रिय तो स्वय अकस्मात् आये हुए युद्ध को स्वर्ग का द्वार कहते हैं ।

चूडावतो नोत्तरितुं शशाक,
[3]पाणिग्रहो नूतन इत्युवाच ।
प्रिये म्रियेयं यदि युद्धभूमौ,
का ते दशा स्यादिति चिन्तयामि ।।४।।

चूडावत इस का उत्तर न दे सका । उस ने इतना ही कहा कि अभी हमारा नया-नया विवाह हुआ है । प्रिये ! यदि मैं युद्ध भूमि में मर जाऊं, तो तेरी क्या अवस्था होगी यही मुझे चिन्ता है ।

---

१ यदृच्छागतम् – स्वयम् अकस्माद्वा आगतम् ।
२ आमनन्ति – कथयन्ति ।
३ पाणिग्रहः – विवाहः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वीरा तदोवाच नवोढपत्नी,
चिन्ता न कार्या भवता मदीया ।
स्वर्गे तदा नौ भविता हि योगो,
द्रष्टास्मि तत्रैव भवन्तमर्च्यम् ॥५॥

तब उस वीरा नवविवाहिता पत्नी ने कहा कि आप को मेरी चिन्ता नहीं करनी चाहिये । तब निश्चय से हमारा स्वर्ग में मेल होगा । मैं अपने पूज्य आप को वहीं देखूंगी ।

भूत्वा भवान् क्षत्रकुलावतंसः,
किमस्ति चिन्तानिरतो नितान्तम् ।
कर्तव्यमेवावहितेन चेतसा,
कुर्वन्नरः सद्गतिमेति नित्यम् ॥६॥

आप क्षत्रिय कुल के भूषण हो कर क्यों निरन्तर चिन्ता में मग्न हैं ? मनुष्य सावधान चित्त से कर्तव्य कर्म करता हुआ ही सदा उत्तम गति को प्राप्त होता है ।

प्रबोधितः स्वप्रियया सुवीरया,
प्रोत्साहितश्चापि हि कृत्यपालने ।
चूडावतो हृष्टमनाः प्रतस्थे,
युद्धं मुदा कर्तुमथोद्यतोऽभूत् ॥७॥

इस प्रकार अपनी उत्तम वीर पत्नी द्वारा समझाया और निश्चय से कर्तव्यपालनार्थ प्रोत्साहित किया हुआ चूडावत प्रसन्न मन वाला हो कर चल दिया और प्रसन्नता पूर्वक युद्ध करने को तैयार हो गया ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर विषादी हृदये तदीये,
आसीत्पुनः शल्य[1] इव प्रविष्टः ।
प्रिया नवोढा भविता हि तस्याः,
शोच्या दशा वै निहते मयीत्थम् ॥८॥

किन्तु उस के हृदय में यह दुःख कांटे की तरह घुसा हुआ था कि मेरी नव विवाहिता पत्नी है, मेरे इस प्रकार मर जाने पर उस की निश्चय से शोचनीय अवस्था हो जायेगी ।

चिन्तानिमग्नो नितरां स खिन्नो,
नोत्साहवान् युद्धरतिः स आसीत् ।
संप्रैषयत्सेवकमेव सद्यः,
पुनः स पत्न्या हृदयं विबोद्धुम् ॥९॥

वह चिन्ता में निमग्न (डूबा हुआ) और दुःखित था तथा उस का युद्ध में प्रेम और उत्साह न रहा था । उस ने शीघ्र अपनी पत्नी के हृदय के भाव को भली-भांति जानने के लिए एक सेवक को भेजा ।

स [2]किङ्करस्तत्पतिचित्तवृत्तं,
प्रोवाच तस्या हृदयस्य भावम् ।
ज्ञातुं ततः सा महिलामणिस्तु,
छेत्तुं स्वपत्युर्नवमोहपाशम् ॥१०॥
छेत्तुं [3]कृपाणेन शिरः स्वकीयं,
निर्धारयामास सती सुवीरा ।

१ शल्यः – कण्टकः । २ किंकरः – सेवकः ।
३ कृपाणेन – खड्गेन, करवालेन ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उवाच तं सेवकमेव सद्यः,
शीर्षं मदीयं दयिताय देहि ॥११॥

उस सेवक ने उस देवी के हृदय के भाव को जानने के लिए उस के पति के हृदय का वृत्तान्त बताया। तब उस उत्तम सुवीरा सती नारी मणि ने अपने पति के नये मोह के पाश को काटने के लिए तलवार से अपने सिर को काटने का निश्चय कर लिया और उस ने सेवक से कहा कि जल्दी जा कर मेरे सिर को मेरे पतिदेव को दे दो।

विच्छिन्न इत्थं मम मोहपाशे,
छिन्द्यात् स्वशत्रून् गतभीर्विचिन्तः।
उक्त्वा च विच्छिद्य शिरः स्वकीयं,
तस्मै ददौ वीरवराङ्गना सा ॥१२॥

इस प्रकार मेरे मोह रूप पाश के कट जाने पर वह (मेरा पति) निर्भय और चिन्ता रहित हो कर अपने शत्रुओं का ही छेदन करे। यह कह कर उस वीर स्त्री ने अपने सिर को काट कर उस सेवक को दे दिया।

त्यागं महान्तं पतिमेव कर्तुं,
कर्तव्यनिष्ठं विदधे सती सा।
चूडावतः स्फूर्तियुतस्तदानीं,
क्षात्रं स्वकर्तव्यमिहाचरन् स्वम् ॥१३॥

लेभे सुकीर्तिं निहतश्च युद्धे,
पुण्यं ततो लोकमिहासमाद।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हाडी सती स्वर्गतिमेव लेभ,
लोकेऽद्भुतं त्यागमिहाचरन्ती ॥१४॥

उस सती ने अपने पति को कर्तव्यनिष्ठ बनाने के लिए ही यह महान् त्याग किया। तब चूडावत ने स्फूर्तियुक्त हो कर अपने क्षात्र कर्तव्य का आचरण करते हुए उत्तम कीर्ति को और युद्ध में मरने के पश्चात् पुण्य लोक की प्राप्त सती हाडी रानी ने इस लोक में अद्भुत त्याग कर के स्वर्ग को प्राप्त किया।

तयोस्तदा तत्र सुयोग आसीत्,
सम्बन्ध आसीन्नहि छेत्तुमर्हः।
धन्या सुवीरे तव कीर्तिगाथां,
गास्यन्ति नित्यं मुदिताः समस्ताः ॥१५॥

तब उन दोनों का वहां (परलोक) में फिर मेल हुआ, क्योंकि उन का सम्बन्ध टूटने योग्य न था। हे सुवीरे ! तुम धन्य हो। तुम्हारी कीर्ति गाथा को सब प्रसन्न हो कर सदा गायेंगे।

एतादृशस्त्याग इहान्यदेशे,
मन्ये नहि श्रोत्रपथं प्रयातः।
नमो नमस्ते विनयेन मात-
र्यया प्रसूताः सुसुता गुणाढ्याः ॥१६॥

मैं समझता हूं कि ऐसा त्याग किसी अन्य देश में कभी नहीं सुना गया। हे भारत माता। हम तुझे विनयपूर्वक नमस्कार करते हैं, जिस ने ऐसी गुणशालिनी उत्तम पुत्रियों को जन्म दिया है ॥

—०—

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वीरवरा लक्ष्मी बाई (झांसी राज्ञी)

१८ नव. १८३५–१७ जून १८५८ ई०

यस्याः शौर्यं, मुदितमनसोऽद्यापि गायन्ति वीराः,
सद्यः स्फूर्ति,स्मरणमपि तच्चारु यस्या दधाति ।
लोकातीतं, किमपि विमलं, कर्म कृत्वाऽमरा या,
लक्ष्मीबाईं प्रथितयशसं, झांसिराज्ञीं नमामः॥१॥

जिस की शूरवीरता का आज भी वीर लोग प्रसन्न मन हो कर गान करते हैं, जिस का उत्तम स्मरण भी तत्काल स्फूर्ति को धारण कराता है, जो अलौकिक (अद्भुत) निर्मल कर्म कर के अमर हो गई है ऐसी प्रसिद्ध यश वाली झांसी की रानी श्रीमती लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं ।

नारीजातिः,सततमबला, या मताऽज्ञानकाले,
तस्याः कीर्तिं, स्वकृतसुकृतैरुज्ज्वलं कारयन्तीम् ।
ऊर्ध्वं शीर्षं, पुनरपि मुदा स्वीयमातुर्दधानां,
लक्ष्मीबाईं,प्रथितयशसं, झांसिराज्ञीं नमामः ॥२॥

जिस स्त्री जाति को अज्ञान के समय में निरन्तर अबला माना गया, उस की कीर्ति को अपने पुण्य कार्यों के द्वारा उज्ज्वल करने वाली, अपनी जननी भारत माता के सिर को फिर से संसार की दृष्टि में ऊंचा करने वाली यशस्विनी झांसी की रानी श्रीमती लक्ष्मीबाई को हम नमस्कार करते हैं ।

स्वातन्त्र्याग्निर्मनसि सततं, दीप्त आसीद् यदीये,
तेनैवान्तः, स्फुरितहृदया, याद्भुतं कर्म चक्रे ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आङ्ग्लानां नो ह्यति मतिमता या पुरोऽप्याननाम,
लक्ष्मीबाईं,धवलयशसं,झांसिराज्ञीं नमामः ॥३॥

जिस के मन में स्वतन्त्रता की अग्नि निरन्तर जल रही थी, उसी से प्रेरित हृदय वाली हो कर जिस ने अद्भुत कर्म किया, जो अत्यन्त बुद्धिमान् चतुर अंग्रेजों के आगे कभी नहीं झुकी, उस शुभ्र यश वाली झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं।

राष्ट्रं कर्तुं, पुनरपि महत्, सत्स्वतन्त्रं पृथिव्यां,
क्लेशान् सर्वानगणितवती, याऽनिशं तत्परासीत्।
सिंहीवेहातुलबलवती, शौर्यधैर्यादिसिन्धुः,
लक्ष्मीबाईं, प्रथितयशसं, सादरं तां नमामः॥४॥

जो पृथिवी में अपने राष्ट्र को फिर से महान् और स्वतन्त्र बनाने के लिए दिनरात प्रयत्नशील थी, जो शेरनी की तरह अनुपम बल वाली, शौर्य और धैर्य की समुद्र थी ऐसी यशस्विनी महारानी लक्ष्मी बाई को हम आदर पूर्वक नमस्कार करते हैं।

सर्ह्यू रोज़ प्रभृति सुभटा आंग्लदेशोद्भवा ये,
तेऽप्याहुर्यां खलु वरतमां, विप्लवस्याधिनेत्रीम्।
चण्डीवांग्लान्, ननु जितवतीं, खड्गहस्तां सुवीरां,
लक्ष्मीबाईं, प्रथितयशसं, सादरं तां नमामः ॥५॥

सर ह्यू रोज़ आदि अङ्ग्रेज वीर सैनिक भी जिसे सन् १८५७ के विद्रोह की सब से श्रेष्ठ अधिनायिका कहते हैं, चण्डी की तरह तलवार ले कर अङ्ग्रेजों को जीतने वाली सुवीरा, सुप्रसिद्ध यश वाली महारानी लक्ष्मी बाई को हम नमस्कार करते हैं।

"The Rani was the bravest and the best military leader of the rebels." Sir Hugh Rose.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अश्वारूढामसियुतकरां, भानुवद् भासमानां,
कन्यां शिश्वीं, भयविरहितां,पृष्ठभागे वहन्तीम् ।
प्राणाहुत्या, रुचिरवपुषो मातरं पूजयन्तीं,
लक्ष्मीदेवीं, धवलयशसं, सादरं तां नमामः ॥६॥

घोड़े पर सवार, हाथ में तलवार लिए हुए, सूर्य की तरह चमकती हुई, छोटी पुत्री को अपनी पीठ पर चढ़ा कर भय रहिता, अपने सुन्दर शरीर की और प्राणों की आहुति से भारत माता की पूजा करने वाली, शुभ्र यश वाली महारानी लक्ष्मीबाई को हम आदर सहित प्रणाम करते हैं ।

यावल्लोके, शशिदिनकरौ, यावदास्ते च गंगा,
यावत्तुङ्गा अतिहिमवृताः, पर्वताः सिन्धवश्च ।
तावन्नूनं, बहुबलवतीं, वीरतादर्शभूतां,
लक्ष्मीदेवीं, प्रथितयशसं, कीर्तयिष्यन्ति वीराः॥७॥

जब तक संसार में चन्द्र और सूर्य हैं, जब तक गंगा है, जब तक संसार में चन्द्र और सूर्य हैं, जब तक हिम से ढके हुए ऊंचे २ हिमालयादि पर्वत और समुद्र हैं, तब तक निश्चय से अत्यन्त बलवती, वीरता की मूर्ति, स्वच्छ यश वाली महारानी लक्ष्मी बाई का वीर लोग सदा कीर्तन करते रहेंगे ।

—o—

सुवीरा बाला कनकलता
(१९२६-१९४२ ई०)

कामरूपदेशस्य सुरूपा,
कनकलतासंज्ञा बालासीत् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उत्तमकुलजा स्वतन्त्रतायाः,
भावपरिप्लुतचित्ता सासीत् ॥१॥

असम देश में कनकलता नाम की एक सुरूपा कुलीना, स्वतन्त्रता के भावों से परिपूर्ण चित्त वाली बालिका थी।

आंग्ला भारतदेशं त्यक्त्वा,
स्वकीयदेशं प्रति गच्छन्तु।
इदमान्दोलनमत्र प्रवृत्तं,
यदा त्रयोदशवर्षीया सा ॥२॥

जब 'अङ्ग्रेजो भारत छोड़ो' का आंदोलन सन् १९४२ में देश में प्रवृत्त हुआ उस समय वह तेरह वर्ष की थी।

बाला किन्तु तदीयोत्साह-
स्तरुणजनेभ्योऽप्यधिकः।
करयो राष्ट्रपताकां धृत्वा,
सा नेत्रीत्वमकार्षीत् ॥३॥

यद्यपि वह छोटी सी बालिका थी, किन्तु उस का उत्साह युवक लोगों से भी अधिक था। अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वजा को ले कर उस ने जुलूस का नेतृत्व किया।

शतशो जनाः सुवीरां बालां,
तामनुजग्मुर्मुदिताः।
जयजयभारतजननीत्थं ते,
सर्वे घोषं चक्रुः ॥४॥

Funding by IKS-MoE

सैंकड़ों आदमी प्रसन्नता से उस सुधीरा बालिका के पीछे-पीछे
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
चल रहे थे। वे सब 'जय-जय भारत माता' ऐसे नारे लगा रहे थे।

स्वातन्त्र्यं लब्धव्यमिदानीं,
दास्यपाशमिह छित्त्वा ।
इत्येवासीत् सर्वजनानां,
मनसि भावना श्लाघ्या ॥५॥

उन सब मनुष्यों के मन में यही प्रशंसनीय भावना थी कि अब हमें दासता के पाश को तोड़ कर स्वतन्त्रता प्राप्त करनी चाहिये।

जनसम्मर्दं दृष्ट्वा शासक-
चित्तं बहुविक्षुब्धम् ।
गच्छत गच्छत सदनं स्वीयं,
भवत चान्यथा दण्ड्याः ॥६॥

भीड़ को देख कर शासकों का चित्त विक्षुब्ध हो गया। जाओ जाओ, तुम अपने घर चले जाओ, नहीं तो तुम्हें दण्ड मिलेगा।

विक्षुब्धोऽसौ शासकवर्गः,
इत्थं तत्र जुघोष ।
राष्ट्रपताकां बाला हस्ता-
दाच्छेत्तुं स च येते ॥७॥

घबराये हुए शासक वर्ग ने वहां इस प्रकार की घोषणा की और उस बालिका के हाथ से राष्ट्रीय ध्वजा को छीनने का यत्न किया।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किन्तु सुवीरा सा नहि बाला,
जहौ स्वराष्ट्रियकेतुम् ।
प्राणाहुतिमपि दातुमुद्यता,
नैव पताकां दास्ये ।।८।।

किन्तु उस सुवीरा बालिका ने राष्ट्रीय ध्वजा को नहीं छोड़ा। मैं प्राणों की भी आहुति देने को तैयार हूं पर इस राष्ट्रीय ध्वजा को तुम्हें न दूंगी।

सिंहनादमित्थं सा चक्रे,
चार्वी निर्भयबाला ।
यं श्रुत्वा तत्रत्यशासकाः,
सर्वे चकिता जाताः ।।९।।

उस सुन्दर निर्भयबाला ने ऐसा सिंहनाद किया जिसे सुन कर वहां के सब शासक अत्यन्त चकित हो गये।

दूरीकर्तुं जनसम्मर्दं,
यष्ट्याघातं चक्रुः ।
नैव यदा परिणामोऽभीष्टो,
गुलिकाभिः प्राजह्रुः ।।१०।।

उस भीड़ को तितर बितर करने के लिए उन्होंने लाठी प्रहार किया, किन्तु जब उसका अभीष्ट परिणाम नहीं हुआ तो वे गोलियों से मारने लगे।

उरसि सुवीराया बालाया,
एका गुलिका विद्धा ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

गया विसंज्ञा भूत्वा कन्या,
अवनीतले निपतिता ॥११॥

उस सुवीरा वाला की छाती में एक गोली लगी जिस से बेहोश हो कर वह भूमि पर गिर पड़ी।

भीषणगुलिकाघाताविद्धा,
नैवोल्लाघा जाता।
भारतमातुः पूतचरणयो-
र्बलिमददात् सा मुदिता ॥१२॥

भयंकर गोली के आघात से घायल हो कर वह आरोग्य लाभ नहीं कर सकी और उस ने प्रसन्नता पूर्वक भारत माता के चरणों में अपने जीवन की बलि दे दी।

धन्या धन्या कनकलते त्वं,
त्वां विनताः प्रणमामः।
नितरामभिनन्द्यां निर्भयतां,
वयमात्मसु च धरामः ॥१३॥

कनकलते! तू अत्यन्त धन्या है। हम नम्र हो कर तुझे प्रणाम करते हैं। तेरी अत्यन्त प्रशंसनीय निर्भयता को हम अपने अन्दर धारण करते हैं।

त्वादृशबालानां बलिरूपः,
स्वतन्त्रतामणिरतुलः।
लब्धोस्माभिस्तस्माद् वत्से,
दिवंगतां प्रणमामः ॥१४॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तेरे जैसी बालिकाओं के बलिदान से ही हम ने अमूल्य स्वतन्त्रता-रूप मणि को प्राप्त किया है, इस लिये हम तुझ दिवंगता बाला को प्रणाम करते हैं ।।

—०—

वीरबाला मरीचि :

(एकोनविंशशतकीया)

सिक्किमप्रदेशे यशपालसिंहोऽ
भवत्सुबुद्धिर्विमलोऽधिकारी ।
तस्यैव योग्या दुहिता मरीचिः,
आसीत् सुशीला सरलेशभक्ता ॥१॥

सिक्किम में यशपालसिंह नाम के एक बुद्धिमान् निर्मल चरित्र के अधिकारी थे । उन की मरीचि नाम की एक सदाचारिणी सरल स्वभाव की ईश्वर भक्ता पुत्री थी ।

सिक्किमप्रदेशस्य समस्तनार्यः,
प्रायः सुवीरा अभया भवन्ति ।
ता निर्भया वै विचरन्त्यरण्ये,
नयन्ति चैकामसिधेनुकां ताः ॥२॥

सिक्किम देश की प्रायः सभी स्त्रियां वीरा और निर्भया होती हैं । वे निर्भय हो कर जंगल में घूमती हैं और अपने साथ एक छुरी ले जाती हैं ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मरीचिबाला भ्रमणप्रियासीद्,
दूरं ह्यरण्ये भ्रमितुं जगाम ।
पुष्पाण्यनेकानि नवौषधीश्च,
संचित्य गेहं पुनराजगाम ॥३॥

मरीचि को भ्रमण करने का शौक था। वह दूर वन में भ्रमण करने के लिए जाया करती थी। अनेक प्रकार के फूल और जंगल की बूटियों को चुन कर वह घर आ जाती थी।

अथैकदा सा ह्यटवीप्रदेशे,
स्वस्रा सहैव भ्रमितुं जगाम ।
दृश्यानि चारूणि विलोक्य मुग्धा,
क्रीडां चकारातिमनोज्ञरूपाम् ॥४॥

एक दिन वह अपनी बहिन के साथ जंगल में भ्रमण करने के लिए गई। सुन्दर दृश्यों को देख और उन पर मुग्ध हो कर वह बड़ी सुन्दर क्रीड़ा करने लगी।

आंग्लाधिकारी किल दुष्टचित्तः,
कश्चिद् ददर्शेत्थममूं विशुद्धाम् ।
क्षुपान्तराले स निगूहमानः,
आत्मानमेनां बहुधा ददर्श ॥५॥

किसी दुष्टचित्त अंग्रेज अफ़सर ने अपने को झाड़ी के पीछे छिपा कर उस पवित्रा बालिका को बार-बार देखा।

वीक्ष्यैव बालां सरलस्वभावां,
रूपान्वितां चारुतया हसन्तीम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

खलः स कामेषुनिपीडितः सन्,
जगाद तां शीघ्रमिहोपसीद ॥६॥

उस सरल स्वभाव वाली (भोलीभाली) सुन्दरी, अच्छी तरह हंसती हुई बालिका को देख कर काम के बाणों से पीड़ित वह दुष्ट बोला कि मेरे पास आ।

बाला सुरम्या सहजस्वभावात्,
तदन्तिके तत्र समाजगाम ।
स दुष्टदृष्टया त्ववलोकितुं तां,
यदोपचक्राम गता ततस्सा ॥७॥

वह अत्यन्त सुन्दर बाला सहज भाव से (भोलेपन से) उस अफ़सर के पास आ गई। जब उस ने उसे दुष्ट दृष्टि से देखना शुरू किया तो वह वहां से चली गई।

उवाच दुष्टो नहि वेत्सि कोऽहम्,
अहं प्रदेशस्य वरोऽधिकारी।
विहाय मां त्वं व्रज नैव दूरं,
त्वां कामयेऽत्यन्तमहं विमुग्धः ॥८॥

उस दुष्ट ने कहा तू नहीं जानती मैं कौन हूं। मैं यहां का सब से बड़ा अधिकारी हूं। तू मुझे छोड़ कर दूर मत जा। मैं तुझ पर अत्यन्त मुग्ध हूं और तुझे चाहता हूं।

मया सहागच्छ विहाय चिन्तां,
सुखेन कालं नय चारुबाले ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मह्यधिकारो विपुलं च वित्त,
गृहं विशालं वस सप्रमोदम् ॥९॥

हे सुन्दर बालिके ! तू सब चिन्ता छोड़ कर मेरे साथ आ और सुखपूर्वक अपना समय गुजार। मेरे हाथ में बड़ा अधिकार है और मेरे पास बड़ा धन है। मेरी बड़ी भारी कोठी है। तू उस में खुशी से मेरे साथ रह।

मरीचिराकर्ण्य विषण्णचेताः,
समीक्ष्य तस्य ह्यतिनिन्द्यभावम् ।
उवाच सा मन्युपरीतचित्ता,
न लज्जसे किं प्रलपंस्त्वमित्थम् ॥१०॥

इस बात को सुन कर और उस अफ़सर के अत्यन्त निन्दनीय भाव को दुःख कर मरीचि दुःखित चित्त वाली हो गई और मन्यु से चित्त वाली हो कर उस ने अफ़सर को कहा कि तुम्हें ऐसी बकवास करते हुए शर्म नहीं आती।

कामातुराणां न भयं न लज्जा,
आभाणकं सच्चरितार्थयन् सः ।
कामातुरांग्लः प्रचकर्ष पाणिं,
तस्या अवीरा ललनेति मत्वा ॥११॥

कामार्त लोगों को न किसी डर का होता है और न लज्जा। इस संस्कृत उक्ति की उत्तम कहावत को चरितार्थ करते हुए उस कामातुर अंग्रेज ने उसे अबला स्त्री समझ कर उस के हाथ को खींचा।

परं मरीचिर्ह्यबला न बाला,
भानोर्मरीचेरुपमा हि तस्याः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जग्राह गुप्तामसिधेनुकां सा,
यमाध्वनीनं च खलं चकार ।।१२।

किन्तु मरीचि अबला बाला नहीं, पर उस की उपमा तो सूर्य की किरण के साथ थी, उस ने अपनी छिपी हुई छुरी को हाथ में पकड़ी और उस दुष्ट को यम के मार्ग का पथिक बना दिया ।

प्रदर्श्य शक्ति शुभसाहसं च,
प्रशंसनीयं स्वगृहं जगाम ।
न्यवेदयद् वृत्तमिदं समस्तं,
मातापितृभ्यां सरला सुकन्या ।।१३।।

वह प्रशंसनीय साहस और शक्ति का इस प्रकार प्रदर्शन कर के घर में वापिस आयी । उस सरल स्वभाव वाली कन्या ने माता पिता को सारा वृत्तान्त सुना दिया ।

ततो ह्यनेकांग्लजनाः समन्तात्,
तदीयतातस्य गृहं विवव्रुः ।
विलोक्य बाला न भयं प्रपेदे,
करे स्वकीयां छुरिकां निधाय ।।१४।।

उवाच तान् सा निहतो मयासौ,
दुष्टः कुदृष्टया ह्यवलोकयन् माम् ।
यः कोऽपि दुष्टो नु करिष्यतीत्थं,
हनिष्यते सोऽपि मया समोदम् ।।१५।।

तब अनेक अङ्गरेजों ने उस के पिता के घर को चारों ओर से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

घेर लिया। इस बात को देख कर उस बालिका को जरा भी डर न लगा। अपने हाथ में छुरी ले कर उस ने कहा कि यह दुष्ट मेरी ओर कुदृष्टि से देख रहा था, इस लिए मैंने इस को मार डाला है और भी जो कोई ऐसा करेगा उसे भी मैं खुशी से तुरन्त मार डालूंगी।

बाला हि सा खलु चतुर्दशवर्षदेश्या,
किन्त्वद्भुतं किल बलं धृतिमेव तस्याः।
संवीक्ष्य सर्वमनुजाश्चकितीबभूवुः,
देवीयमस्ति सकलाः प्रशशंसुरेनाम् ॥१६॥

वह बालिका केवल १४ वर्ष की थी, किन्तु उस का बल और धैर्य अत्यन्त अद्भुत था। इसे देख कर सब मनुष्य अति चकित रह गये और उन्होंने उस की प्रशसा की कि यह सचमुच देवी है।

यद् वक्ति सा खलु यथार्थमिदं ततो नः,
कार्यं किमत्र चकितास्तु वयं व्रजामः।
उक्त्वा ययुः समजना यत आगतास्ते,
शौर्यस्य मूर्तिममलामनमंश्च भक्त्या ॥१७॥

जो कुछ यह कहती है वह सब ठीक है। इस लिए हमारा यहां क्या काम है ? यह कह कर सब आदमी जहां से आये थे, वहीं चले गये और उन्होंने उस शूरवीरता की मूर्ति पवित्र बालिका को भक्ति-पूर्वक प्रणाम किया।

धन्या मरीचे त्वमसीह धन्या,
बालापि यूनोऽप्यतिशायिनी त्वम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

त्वां निर्भयां साहसशौर्यमूर्ति,
वयं नमामो विनयेन वीराम् ॥१८॥

हे मरीचे तू धन्य है। तू बालिका होते हुए भी सब युवकों को परास्त कर गई। तुझ साहस और शूरवीरता की मूर्ति वीरां को हम नम्रता पूर्वक नमस्कार करते हैं ॥

इति महिलामणिकीर्तने विश्रुतवीरवरावर्गनिरूपणं नाम चतुर्थं काण्डम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पञ्चमं काण्डम्

(देशभक्तावर्गः)

देशभक्ता संयोगिता

(द्वादशशतकीया)

संयोगितासीज्जयचन्द्रपुत्री,
युक्ताऽतिदिव्यैर्गुणराशिभिः सा ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उपस्थितान् नस्तरुणान् विहाय,
किं मूर्तिकण्ठे [१]स्रजमार्पयत्सा ? ॥७॥

इस दृश्य को देख कर सब चकित हो गये और कहने लगे यह आश्चर्य की बात है, यह बहुत ही आश्चर्य की बात है कि उपस्थित हम सब युवकों को छोड़ कर क्यों संयोगिता ने मूर्ति के गले में माला डाल दी है ?

दृष्ट्वा स्वपुत्र्याः सुविचित्रकार्यं,
तस्याः पिता रोषपरीतचेताः ।
जगाद मूढा ननु बुद्धिहीना,
त्वं मे रिपुं यन्मनसा वृणीषे ॥८॥

अपनी पुत्री के इस अति विचित्र कार्य को देख कर उस का पिता अत्यन्त क्रोधाविष्ट हो गया और उस ने संयोगिता को कहा कि तू बुद्धिरहिता मूर्खा है जो मेरे शत्रु का तू मन से वरण करती है।

स्वनिश्चयात्सा विचचाल नैव,
संभर्त्सितेत्थं जनकेन धीरा ।
पतिर्वृतो यो मनसा सकामं,
तं नोद्यता हातुमहं तु तात ॥९॥

अपने पिता के हाथ इस प्रकार धमकाये जाने पर भी वह अपने निश्चय से विचलित नहीं हुई और उस ने कहा कि पिता जी ! मैंने अपनी इच्छा से जिस को पति चुन लिया है, मैं उसे छोड़ने को कभी तैयार नहीं ।

रोषान्ध इत्थं जयचन्द्रनीचो
मुहम्मदं ह्याक्रमणे न्यमन्त्रयत् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्रोही स्वदेशस्य स पामराग्र्यः,
सहायकस्तस्य बभूव हीनः ॥१०॥

इस प्रकार क्रोध से अन्धे हो कर नीच जयचन्द्र ने मुहम्मद गौरी को देहली पर आक्रमण के लिए निमन्त्रित किया। वह नीच शिरोमणि स्वदेशद्रोही उस का सहायक बना।

यदैव वृत्तं पृथिवीशभूपः,
शुश्राव हर्षस्य न पारमाप।
आगत्य तां प्रीतमना अनैषीत्,
स्वराजधानीं मुदितान्तरात्मा ॥११॥

जब पृथिवीराज ने यह सारा वृत्तान्त सुना तो उस की प्रसन्नता का पारावार न रहा। अत्यधिक प्रसन्न हो कर वह संयोगिता को अपनी राजधानी में ले गया।

वीराग्रगण्यः पृथिवीशभूपो,
युद्धाय सर्वामकरोत्स सज्जाम्।
संयोगिता चाप्यनुरूपपत्नी,
प्रोत्साहयामास सुधीरचेताः ॥१२॥

वीरों में श्रेष्ठ राजा पृथिवीराज ने युद्ध के लिए सारी तैयारी कर ली और उस की अनुरूप पत्नी संयोगिता ने भी ने जो अत्यन्त धैर्य युक्त चित्त वाली थी उसे ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सा देशभक्ता स्वपितुः कुकृत्यं,
निशम्य तस्या हृदयं प्रदग्धम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुयोग्यतायाश्च सुवीरतायाः,
हेतोरसौ कीर्तिमवाप शुभ्राम् ॥१॥

राजा जयचन्द्र की पुत्री अतिदिव्य गुणराशि से युक्ता थी और अत्यन्त योग्यता और सुवीरता के कारण उस ने शुद्ध कीर्ति को प्राप्त किया था।

कन्नौजदेशाधिपतिः पिता तत्-
स्वयंवरायोजनमेव चक्रे।
सत्क्षत्रियांस्तत्र समस्तयूनो,
न्यमन्त्रयत् किन्तु न पृथ्विराजम् ॥२॥

कन्नौज के राजा उस के पिता ने उस के लिए स्वयंवर का आयोजन किया और उत्तम क्षत्रिय सब युवकों को निमन्त्रण भेजा किंतु पृथ्वीराज को इस के लिए निमन्त्रित नहीं किया।

अन्वर्थनामा स तु वीरसम्राट्,
यद्राजधानी दिहली प्रसिद्धा।
विरोधहेतोर्न निमन्त्रितोऽसौ,
संयोगितायाः अतिनीचपित्रा ॥३॥

वह अपने सार्थक नाम वाला वीर सम्राट् था जिस की राजधानी देहली थी। संयोगिता के अति नीच पिता जयचन्द्र ने विरोध के कारण उस को निमन्त्रण नहीं भेजा था।

न केवलं नैव निमन्त्रितोऽसौ,
द्वारे तदीया प्रतिमा न्यधायि।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्वारस्थितां सा द्योतयितु सगर्वं,
दृष्टौ समेषामपि पातनेच्छया ॥४॥

न केवल उस ने पृथिवीराज को निमन्त्रित नहीं किया था अपितु अभिमान के साथ उसे सब की दृष्टि में गिराने और यह एक द्वारपाल है, यह दिखाने के लिए द्वार पर उस की मूर्ति स्थापित कर दी थी।

संयोगिता स्मयमाना सभायां,
समागता चित्तहरा समेषाम् ।
लावण्यमूर्तिं किल तां विलोक्य,
तस्थुर्युवानो ननु मन्त्रमुग्धाः ॥५॥

संयोगिता मुस्कराती और सब के चित्त को हरती हुई सभा में आई। उस सुन्दरता की मूर्ति को देख कर सब युवक मन्त्रमुग्ध से हो कर खड़े हो गये।

संयोगितायाः पृथिवीशकीर्तिम्,
आकर्ण्य तस्मिन् हि मनो निविष्टम् ।
मूर्तिं तदीयामवलोक्य तस्य,
कण्ठे स्वमालां मुदितार्पयत् सा ॥६॥

संयोगिता का मन पृथिवीराज की कीर्ति को सुन कर उसी में गड़ गया था। उस की मूर्ति को देख कर उस ने अपनी माला को प्रसन्नता के साथ पृथिवीराज की मूर्ति के गले में डाल दिया।

विलोक्य दृश्यं चकिताः समस्ताः,
चित्रं महच्चित्रमिति ह्यवोचुः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्रोहस्य पापाज्जनकः कथंचि-
न्निवार्य इत्थं निरधारयत्सा ॥१३।

वह देशभक्ता थी अतः अपने पिता के इस कुत्सित कार्य को सुन कर उस का दिल जल गया। उसने यह निश्चय किया कि किसी तरह अपने पिता को इस द्रोह के पाप से हटाना चाहिए।

कृत्वा ततः सा पुरुषस्य वेषं,
हयाधिरूढा स्वपितुः सकाशम्।
जगाम संभावयितुं च तातं,
सन्देशमेकं त्वरयाददात्सा ॥१४।

जल्दी से पुरुष का वेष बना और घोड़े पर सवार हो कर वह अपने पिता से मिलने के लिए उस के पास गई और उस ने शीघ्र मिलने के लिए उसे सन्देश दिया।

न्यवेदयत् सा नहि तात घोरं,
द्रोहात्मकं कर्म कदापि कार्यम्।
नातः परं घोरतरं कुकृत्यं,
देशस्य हानिर्यदिह क्रियेत ॥१५॥

उस ने पिता से निवेदन किया पिता जी! आप को देशद्रोह का काम कभी नहीं करना चाहिये। इस से बढ़ कर और कोई भयंकर और नीच कार्य कोई नहीं हो सकता कि देश की हानि की जाय।

मदीयभर्त्रा भवतो विरोधो,
यद्यस्ति किं तेन हि देशनाशः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

क्रियेत हे तात विचार्यतां त्वया,
नात्मा निपात्यः खलु रौरवाग्नौ ॥१६॥

यदि मेरे पतिदेव के साथ आप का विरोध है तो क्या उस के कारण देश का नाश किया जाय ? पिता जी ! आप विचार कीजिए और अपने आप को घोर नरक की अग्नि में न गिराइये ।

हे तात तेऽहं प्रपतामि पादयोः,
न घोरपापं भवता विधीयताम् ।
विहाय वैरं मम वन्द्यभर्त्रा,
देशस्य रक्षा सततं विधीयताम् ॥१७॥

पिता जी ! मैं आप के पैरों पर गिरती हूं । आप इस घोर पाप को न कीजिए । मेरे पूजनीय पति के साथ विरोध का परित्याग कर के देश की रक्षा लगातार कीजिये ।

निवेद्य चेत्थं विनयेन वीरा,
भूयः पितुः सा चरणौ ववन्दे ।
पाषाणचित्तस्य तु पापबुद्धेः,
परं न चेतो द्रवितं बभूव ॥१८॥

इस प्रकार उस वीरा ने विनयपूर्वक निवेदन कर के फिर पिता के चरणों में प्रणाम किया किन्तु उस पत्थर दिल वाले पापबुद्धि जयचन्द्र का दिल नहीं पिघला ।

उवाच मूढे व्रज सत्वरं त्वं,
न ते मया किञ्चिदपि प्रयोजनम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भर्ता त्वदीयो मम घोरवैरी,
वैरप्रतीकारमहं करिष्ये ।।१६।।

वह नीच बोला ऐ मूर्खे ! तू यहां से जल्दी चली जा । तेरा मेरे से कोई मतलब नहीं । तेरा पति मेरा घोर शत्रु है । मैं उस की शत्रुता का बदला निकालूंगा ।

धिक् तात ते कीदृशनीचभावो
म्लेच्छान् यदीच्छस्यधिपान् विधातुम् ।
धर्मस्य नाशो भविता यदैषां,
राज्यं भवेद् भारतपुण्यभूमौ ।।२०।।

संयोगिता ने फिर निवेदन किया — पिता जी ! आप को धिक्कार है । आप का यह कैसा नीच भाव है कि आप म्लेच्छों को इस देश का राजा बनाना चाहते हैं । इस पुण्य भारत-भूमि में जब इन का राज्य होगा तो धर्म का नाश हो जाएगा ।

उक्त्वा निराशा पुनराजगाम,
भर्त्रे च वृत्तं सकलं न्यवेदयत् ।
आकर्ण्य खिन्नोऽपि स वीरवर्यो,
युद्धाय सज्जां सकलामकार्षीत् ।।२१।।

इस प्रकार कह कर वह निराश हो कर वापिस लौट आई और उस ने अपने पतिदेव को सारा वृत्तान्त सुनाया । इसे सुन कर वह वीरवर पृथिवीराज दुःखी हुआ और उस ने युद्ध के लिए सब तैयारी कर ली ।

पातिव्रतं नैव सुरक्षितं नो,
राज्यं यदि स्यादिह दुर्जनानाम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इत्थं विचिन्त्यैव मनस्विनी सा,
तपस्विनीवद् व्रतिनी बभूव ।।२२।।

यदि यहां नीच दुष्ट लोगों का राज्य हो जायेगा तो हमारा पतिव्रता धर्म सुरक्षित नहीं रहेगा। यह सोच कर उस मनस्विनी ने तपस्विनी देवियों की तरह व्रत रखना शुरू किया।

सतीत्वरक्षार्थसुनिश्चयं सा,
चक्रे च तस्या अनुगाः सुवीराः ।
न दुष्टहस्तेषु वयं हि गत्वा,
भ्रष्टा भवेमेति विचार्य सर्वाः । २३।।

उस ने अपने सतीत्व की रक्षा का उत्तम निश्चय कर लिया और उस की अनुयायिनी सुवीरा महिलाओं ने भी हम कहीं दुष्टों के हाथों में पड़कर भ्रष्ट न हो जाएं, यह विचार कर वैसा ही निश्चय किया।

ततः सुघोरस्य रणस्य सज्जा,
यत्राधिकासीद् यवनेशसेना ।
दुष्टेन राज्ञा जयचन्द्रकेन,
तस्यापि साहाय्यमकारि भूरि ।।२४।।

तब भयङ्कर युद्ध की दोनों ओर से तैयारी शुरू हुई, जिस में मुसलमानों की सेना बहुत अधिक थी। दुष्ट राजा नीच जयचन्द्र ने भी उस मुस्लिम सेना की बहुत सहातया की।

परिस्थितिं साधु निरीक्ष्य सर्वां,
पृथ्वीपतिस्तां दयितां बभाषे ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यद्वापि तद्वापि भवत्वहं तु,
रणाङ्गणान्नैव पराङ्मुखः स्याम् ॥२५॥

सारी परिस्थिति को भली-भांति देख कर पृथिवीराज ने अपनी धर्मपत्नी को कहा कि जो कुछ भी हो जाय, मैं कभी लड़ाई के मैदान को छोड़ कर नहीं जाऊंगी।

कुस्वप्नमेकं स ददर्श भूपो,
यत्रास्य मृत्युः खलु सूचितोऽभवत् ।
निशम्य वृत्तं महिलामणिः सा,
न व्याकुलत्वं तु मनाग्जगाम ॥२६॥

एक रात को राजा पृथिवीराज ने एक बुरा स्वप्न देखा, जिस से उस की मृत्यु सूचित होती थी। उसे सुन कर वह महिलामणि संयोगिता जरा भी व्याकुल नहीं हुई।

तं सान्त्वयन्ती दयिता जगाद,
मृत्युर्ध्रुवः प्राणभृतां समेषाम् ।
जीर्णानि वासांसि विहाय सर्वे,
नवानि वाञ्छन्ति मुदाऽपराणि ॥२७॥

अपने पिता को सान्त्वना देती हुई वह बोली कि सब प्राणियों की एक न एक दिन मृत्यु तो निश्चित् ही होती है। सब आदमी पुराने कपड़ों को छोड़ कर प्रसन्नता से नये कपड़े पहनना चाहते हैं।

तस्मान्न चिन्तां निधनस्य कुर्याः,
प्राणेश्वर त्वं निजगौरवेण ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

संप्राप्नुया भोरमरत्वमित्थं,
प्रतिष्ठितं जीवितमेव तत्स्यात् ॥२८।

इस लिए हे प्राणनाथ ! आप मृत्यु की कोई चिन्ता न करें। अपने महत्व से आप अमरता को प्राप्त करें। वही प्रतिष्ठित जीवन होता है।

रणे स्वशत्रून्जहि वीर नाथ,
कीर्तिं ध्रुवां प्राप्नुहि नाशहीनाम् ।
नास्मद्वियोगो भविता कदाचित्,
स्वर्गेऽपि योगो भविता पुनर्नौ ॥२९॥

हे स्वामिन् ! युद्ध में आप शत्रुओं का नाश करें और नाश-रहित स्थिर कीर्ति को प्राप्त करें। हमारा कभी वियोग नहीं होगा और फिर स्वर्ग में भी हमारा मेल होगा।

प्रोत्साहितोऽसौ समरे जगाम,
प्रादर्शयच्चाद्भुतविक्रमं स्वम् ।
युध्यन्नसौ वीरगतिं प्रपेदे,
सत्क्षत्रिया यां भुवि कामयन्ते ॥३०॥

इस प्रकार वीर पत्नी द्वारा प्रोत्साहित हो कर वह (पृथिवी-राज) युद्ध भूमि में गया और वहां उस ने अद्भुत पराक्रम दिखाया। युद्ध करते हुये वह उस वीर गति को प्राप्त हुआ, जिस की उत्तम क्षत्रिय इस भूमि में सदा कामना करते हैं।

दुष्टस्य हस्ते न पतेयमित्थं,
संयोगिता चापि ततो विचार्य ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पति स्मरन्ती सुसती बभूव,
स्वर्गेऽपि पत्या पुनरेव युक्ता ॥३१॥

मैं किसी दुष्ट के हाथ में न पड़ जाऊं, यह विचार कर संयोगिता भी पति का स्मरण करती हुई सती हो गई और इस प्रकार फिर पति के साथ उस का स्वर्ग में भी मेल हो गया।

संयोगिते देवि नमो नमस्ते,
धन्या सतीत्वं शुभदेशभक्ता ।
पातिव्रतस्यात्र च राष्ट्रभक्ते-
स्त्वयोच्च आदर्श इह न्यधायि ॥३२॥

हे देवि संयोगिते ! तुम्हें मेरा बार-बार नमस्कार है, तुम उत्तम देशभक्ता पतिव्रता देवी धन्य हो। तुम ने राष्ट्रीय भक्ति और पतिव्रता धर्म का ऊंचा आदर्श यहां स्थापित किया ॥

— ० —

त्यागमूर्तिः पन्नाधात्री

(पंचदशशतकीया)

संग्रामसिंहो मरुदेशभूपो,
महाप्रतापी प्रथिता बभूव ।
परं सुनीचं बलवीरसंज्ञं,
विश्वस्य तं मन्त्रिपदे युयोज ॥१॥

मारवाड़ का राजा संग्रामसिंह (राना सांगा) बड़ा प्रतापी और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
प्रसिद्ध था किन्तु उस ने एक अत्यन्त नीच बलवीर नाम के व्यक्ति पर विश्वास कर के उसे मन्त्री के पद पर नियुक्त कर दिया था।

संग्रामसिंहे निधनं गते सति,
चकार नीचः स हि राजकार्यम्।
संग्रामसिंहस्य शिशुं सुतं स,
हन्तुं जघन्यः कुमतिर्ववाञ्छ ॥२॥

राना संग्रामसिंह के मर जाने पर वह नीच राजकार्य करने लगा और उस दुष्टबुद्धि कुत्सित बलवीर ने संग्रामसिंह के छोटे शिशु (उदयसिंह) को मारने की इच्छा की।

पन्नेति नाम्नी युवतिः सुधात्री,
अपालयत् तं सुतनिर्विशेषम्।
कर्तव्यनिष्ठा सरलस्वभावा,
पुपोष बालम् उदयेति संज्ञम् ॥३॥

पन्ना नाम की युवती अच्छी दाई थी जो अपने पुत्र की तरह उस बच्चे का पालन करती थी। वह कर्तव्य परायणा, सरल स्वभाव वाली पन्ना उदयसिंह नाम वाले उस राजपुत्र बालक को अच्छी तरह पालती थी।

ज्ञातं सुधात्र्या बलवीरनीचो,
हन्तुं शिशुं बद्धकटिः सदास्ते।
तं रक्षितुं प्राणपणेन चेष्टां,
कर्तुं ध्रुवं सा कृतनिश्चयासीत् ॥४॥

उस उत्तम दाई को यह ज्ञात हो गया कि नीच बलवीर उस

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation Chandigarh
शिशु (उदयसिंह) को मारने के लिए कटिबद्ध है तब उसने प्राणों की भी बाजी लगा कर उस की रक्षा करने का अटल निश्चय किया ।

सक्रान्निशीथे स कृपाणपाणिः
समागतो यत्र शिशुः स शेते ।
दृष्टः सुधात्र्या कुशलस्य वृत्तं
प्रष्टुं समायात इतीत्थमाह ॥५॥

एक वार रात को वह दुष्ट वलवीर तलवार हाथ में ले कर वहां पहुंचा जहां शिशु सो रहा था । जब दायी ने उसे देख लिया तो उस ने कहा कि मैं इस बच्चे का कुशल पूछने के लिए आया हूं ।

धात्री भृशं बुद्धिमती नृपार्थे
त्यागं महान्तं भुवि कर्तुकामा ।
शिशुं स्वकीयम् उदयस्य वस्त्रै-
रावेष्टय शय्यानिहितं चकार ॥६॥

बड़ी बुद्धिमती उस दायी ने राजा के लिए बड़े भारी त्याग करने का निश्चय कर के अपने छोटे बच्चे को उदयसिंह के कपड़ों से ढक कर उस की सेज पर सुला दिया ।

आगत्य नीचः स कृपाणधारया,
खण्डं शिशोस्तस्य चकार निर्दयः ।
रक्तस्य धारा परितः सृतासीत्,
परं विषादं नहि सा त्वदर्शयत् ॥७॥

उस निर्दय ने आ कर तलवार की धार से उस बच्चे के शरीर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के टुकड़े कर डाले । उस की रुधिर की धारा चारों ओर बह रही थी किन्तु पन्ना दाई ने ज़रा भी अपने दुःख को प्रकट नहीं किया ।

सुरक्षिते सा तु नृपस्य पुत्रं,
स्थाने भृशं बुद्धिमती ह्यनैषीत् ।
स्वकीयपुत्रस्य बलिं प्रदाय,
सारक्षयद् राजसुतं गुणाढ्या ॥८॥

उस अत्यन्त बुद्धिमती दाई ने राणा के पुत्र (उदयसिंह) को एक सुरक्षित स्थान में पहुंचा दिया । उस गुणवती देवी ने अपने पुत्र की बलि दे कर राजकुमार की रक्षा कर ली ।

सुदीर्घकालस्तु यदा व्यतीत-
स्तदा जनैर्ज्ञातमिदं सुवृत्तम् ।
त्यागं क्षितावश्रुतपूर्वमेव,
श्रुत्वा सुधात्रीमभितो ननन्दुः ॥९॥

बहुत दीर्घकाल बीत जाने के पश्चात् जब लोगों को यह वृत्तांत ज्ञात हुआ तो उस उत्तम दाई पन्ना के इस पहले कभी न सुने गये अद्भुत त्याग को सुन कर उस का अभिनन्दन करने लगे ।

हे देवि पन्ने ननु वन्दनीया,
त्वं सच्चरित्रा ह्यभिनन्दनीया ।
शिशोर्बलिं स्वस्य नृपस्य रक्षा-
हेतोः प्रदायाद्भुतकार्यकर्त्री ॥१०॥

हे पन्ना देवि ! तू उत्तम चरित्र वाली वस्तुतः प्रशंसनीया और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
वन्दनीया है, जिस ने राजा की रक्षा के लिए अपने पुत्र की बलि देकर एक अद्भुत कार्य किया ॥

—०—

उत्तमशासिकाहल्या देवी

१७३५ – १३ अग. १७९५ ई०

सुविश्रुता मालवदेशशासिका,
श्रीमत्यहल्योद्धृत सर्वशल्या ।
त्रिंशद्धि वर्षाणि चकार राज्यं,
मातेव पुत्रान् प्रतिपालयन्ती ॥१॥

मालव देश की अत्यन्त प्रसिद्धा, सब शत्रुरूप कण्टकों को निकालने वाली शासिका अहल्या बाई थी, जिस ने ३० वर्ष तक राज्य किया और प्रजा का ऐसे पालन किया, जैसे माता पुत्रों का करती है।

राज्ये तदीये सकलाः प्रहृष्टाः,
प्रजा न दुष्टाः क्वचिदेव दृष्टाः ।
पुष्टाः पुमांसो महिला अधृष्टाः,
सर्वा अरिष्टा निजकर्मजुष्टाः ॥२॥

उस के राज्य में सब लोग बड़े प्रसन्न थे। कहीं दुष्ट प्रजाजन नहीं दिखाई देते थे। सब पुरुष हृदयपुष्ट थे और स्त्रियां भी नीरोगा, अपने कर्म का प्रेम से सेवन करने वाली और किसी नीच से दबने वाली न थीं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आसन्नभीष्टं भुवि सेवमाना:,
द्रव्यं परेषां नहि चेहमाना: ।
विचेष्टमाना: शुभधर्मकार्ये,
आसन् विशश्चारु विवर्धमाना: ।।३।।

सब प्रजायें पृथिवी पर अपने अभीष्ट का सेवन करने वाली थीं, वे दूसरों के धन की कभी चाह न करती थीं। उत्तम धर्म कार्यों के लिए वे सदा चेष्टा करती थीं और सब दृष्टियों से वृद्धि को प्राप्त करती थीं।

आसीन्नहि स्तेनभयं जनानाम्,
आसीन्नहि क्षामभयं[1] कदाचित् ।
न निर्धना आढ्यजनप्रपीडिता:,
आसन्नहल्याख्यबुधाप्रशासने ।।४।।

बुद्धिमती अहल्याबाई के राज्य में कहीं मनुष्यों को चोरों का भय न था, कभी दुर्भिक्ष का भय न था और निर्धन लोग धनी पुरुषों द्वारा सताये न जाते थे।

सरजॉनमाल्कम इति सुप्रसिद्ध:,
आङ्ग्लेतिहासज्ञ उवाच नूनम् ।

---

१ क्षाम: – दुर्भिक्षम् ।

"In the most sober view that can be taken of her character, Ahalya Bai certainly appears to have been one of the purest and most exemplary rulers that ever existed."

—Sir John Malcolm,
Advanced History of India P. 672-8.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्रीमत्यहल्याऽतिपवित्रचित्ता,
आदर्शभूता च सुशासिकासीत ॥५॥

सर जान माल्कम नाम के प्रसिद्ध अंग्रेज इतिहासकार ने भी अपने भारत के इतिहास विषयक ग्रन्थ में लिखा है कि श्रीमती अहल्याबाई अत्यन्त पवित्र और आदर्श शासकों में से एक थी।

इत्थं सुयोग्यात्ववशात् स्वदेश-
कीर्तिं जगत्यां परिवर्धयन्तीम् ।
शासित्रिवर्यां नयशास्त्रदक्षां,
वयं नमामो विमलामहल्याम् ॥६॥

इस प्रकार अपनी उत्तम योग्यता के कारण स्वदेश की कीर्ति को जगत् में बढ़ाने वाली शासिकाओं में श्रेष्ठा, नीतिशास्त्र निपुणा, निर्मल चरित्रा अहल्या बाई को हम नमस्कार करते हैं ॥

--o--

सम्राज्ञी रज़िया

(राज्यकालः १२३६–१२४० ई०)

भारतसम्राज्ञी रज़िय सीदाल्मतीशदुहिता या ।
प्रजावत्सला न्यायतत्परा, विमलां कीर्तिं लेभ ॥१॥

सम्राट् आलमतीश की पुत्री रज़िया बेगम भारत की सम्राज्ञी थी, जिस ने प्रजाप्रिय और न्याय परायण होने के कारण उत्तम कीर्ति को प्राप्त किया।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सासीद् वीरा सैन्यनायिका,
प्रशासिकासीद् दक्षा ।
तस्या राज्ये पूर्तिमगच्छत्,
प्रथितं कुतुबमिनारम् ॥२॥

वह एक वीर सेनानायिका और चतुर शासिका थी। इस के राज्यकाल में ही प्रसिद्ध कुतुवमीनार का निर्माण पूरा हुआ था।

जनताहितकर्माण्यनेकशः,
सा सम्राज्ञी चक्रे ।
किन्तु संकुचितभावपूरिताः,
महिलाया राज्ञीत्वम् ॥३॥

उस सम्राज्ञी ने जनता के हितकारक अनेक कार्यों को किया, किन्तु संकुचित भावों से भरे हुए अनेक कट्टर लोगों ने यह मान कर कि स्त्रियों का राज्य नहीं होना चाहिए।

अनुचितमिति मत्वा कुक्रान्तेः,
सूत्रपातमिह चक्रुः ।
मतान्धमुस्लिमलोकाः केचित्,
तत्साहाय्यं प्रददुः ॥४॥

एक बुरी क्रान्ति उस के विरुद्ध कर दी और बहुत से मतान्ध मुसलमानों ने ऐसे क्रांतिकारियों की सहायता की।

पलायितुं यतमानां देवीं,
क्रूरतया ते जघ्नुः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किन्तु शासिकां योग्यां स्वकीयां,
सुहितां रजियां नौमि ॥५॥

तब जान बचाने के लिए पति सहित दौड़ने का यत्न करती हुई उस बेगम की क्रूरता से कुछ दुष्टों ने मिल कर हत्या की, किन्तु मैं अपनी प्रजाओं की उत्तम शासिका और उन की हितकारिणी रजिया की प्रशंसा करता हूं ॥

—o—

स्वदेशभक्ता चांद बीबी

(१५४७-१५९९ ई०)

निजामशाहस्य सुवीरपुत्री,
आसीत्तथाल्यादिलशाहपत्नी ।
स्वदेशभक्तारिविनाशदक्षा,
वीराग्रगण्या किल चांदबीबी ॥१॥

चांदबीबी आल्यादिल शाह की पत्नी और निज़ाम शाह की सुवीर पुत्री थी । वह स्वदेश भक्ता, शत्रुओं के विनाश करने में चतुरा और वीरों की प्रथम पंक्ति में गणना करने योग्य थी ।

सुख्यातिरस्याः खलु सर्वदेशे,
देशानुरागाय सुवीरतायै ।
स्वतन्त्रताप्रेमिभिरद्यवन्द्या,
वीराग्रगण्या किल चांदबीबी ॥२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देशप्रेम और सुवीरता के कारण उस की सारे देश में उत्तम प्रसिद्धि थी। वह सुवीरा चांदबीबी आज भी स्वतन्त्रता प्रेमियों के लिए वन्दनीया है।

अहमदनगरं स्ववशे कर्तुं,
पुत्रं प्रैषयदक्बरसम्राट्।
तस्याक्रमणं विफलमकार्षीत्,
चांदबीबिनाम्नी हि सुवीरा ॥३॥

सम्राट् अकबर ने अहमदनगर को अपने वश में करने के लिए अपने पुत्र मुराद को भेजा, किन्तु उत्तम वीरा चांदबीबी ने उस के आक्रमण को व्यर्थ कर दिया।

मुरादसैन्यं बहु सुविशालं,
किन्तु न वीरा विजहौ धैर्यम्।
दुर्गरक्षणं सा सोत्साहं,
चक्रे बीबी स्वदलसमेता ॥४॥

यद्यपि अकबर के पुत्र मुराद की सेना बहुत बड़ी थी तो भी उस वीरा ने धैर्य परित्याग नहीं किया। अपने दलबल समेत चांदबीबी ने अहमदनगर के किले की उत्साह के साथ रक्षा की।

शौर्यधैर्यसहिता सा लेभे,
विजयं भगवत्कृपया साध्वी।
व्यापादिता नृशंसैर्लेभे,
वीरगतिं भुवनेऽमरसंज्ञाम् ॥५॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भगवान् की कृपा से उस अच्छी देशभक्ता ने शूरता और धीरता से युक्त हो कर विजय प्राप्त की, किन्तु क्रूर लोगों ने उस की हत्या कर दी और इस प्रकार वह वीरगति पा कर अमर हो गई।

स्वकीयसमये त्वनुपमनारी,
नादिरत्उलज़मानिसंज्ञाम् ।
धीरां वीरामतिगम्भीरां,
चांदबीबिमहमद्य नमामि ॥६॥

अपने समय में 'नादिरत् उल जमानी' अर्थात् अनुपम नारी के नाम से प्रसिद्ध धीरा, वीरा अति गम्भीरा चांदबीबी को मैं नमस्कार करता हूं ॥

—o—

सुवीरा साहेब कुंवरी

(अष्टादशशतकीया, निधनम् – १७९९ ई०)

साहिब कुंवरी नाम्नी ख्याता,
वीरा पञ्चनदीया ।
सा गम्भीरा परमा धीरा,
आसीत् सेवितभक्तिसुनीरा ॥१॥

साहेब कुंवरी पञ्जाब प्रांत की एक प्रसिद्ध वीरा थी। वह गम्भीर, परमधीर, भक्ति रूप उत्तम जल का सेवन करने वाली महिला थी।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तस्या भ्राता पटियालेशः,
साहिबसिंहोऽवीरः ।
वीरभगिन्याः करयो राज्यं,
दत्वासौ निश्चिन्तः ॥२॥

उस का भाई पटियाला का राजा साहिबसिंह था, जो बहादुर नहीं था। वह अपनी वीर भगिनी के हाथों में राज्य दे कर निश्चित था।

महाराष्ट्रदेशीयाः केचिद्,
मत्वा राज्ञीमबलाम् ।
आक्रान्तं चक्रुस्तद्राज्यं,
विजयकामनामत्ताः ॥३॥ (१७९३ ई.)

राज्य करने वाली एक अबला स्त्री है, ऐसा समझ कर महाराष्ट्र के कुछ लोगों ने सन् १७९३ में उस के राज्य पर आक्रमण कर दिया।

किन्तु नाकुला सिंहीवासौ,
तत्प्रत्युत्तरमददात् ।
पराजितास्सन्तस्ते सर्वे,
पलायिताः स्वं देशम् ॥४॥

किन्तु ज़रा भी व्याकुल न हो कर शेरनी की तरह उस वीरा ने उन का डट कर मुकाबला किया, जिस से पराजित हो कर उन सब को अपने देश वापिस भाग कर जाना पड़ा।

Funding by IKS-MoE

पुनरेवावसरं लब्ध्वा ते,

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रत्याक्रमणं चक्रुः ।
किन्तु न सिंह्याः चण्ड्या अग्रे,
तेऽवस्थातुं शेकुः ॥५॥

फिर अवसर पा कर उन लोगों ने आक्रमण कर दिया, किन्तु उस शेरनी चण्डी के आगे वे ठहर न सके ।

टॉमस नामा ह्याङ्गलः कश्चिद्,
भृशमात्मानं मेने ।
तस्य तु पुरतोऽवस्थातुं वै,
वीराः केऽपि न शेकुः ॥६॥

टॉमस नाम एक अंग्रेज था, जो अपने को बड़ा बहादुर मानता और कोई वीर उस के आगे उन दिनों ठहर नहीं सकता था ।

मदमत्तोऽसौ शक्तिगर्वित-
स्तिरस्कृतान् विदधेऽन्यान् ।
आतङ्कस्तस्यातुलशक्तेः,
सर्वत्रासीत् प्रसृतः ॥७॥

अपनी शक्ति के अभिमान में चूर वह मदमस्त हो कर और सब का तिरस्कार करता था । उस कीं अनुपम शक्ति का आतंक सब जगह फैला हुआ था ।

वृत्तं श्रुत्वापमानजनकं,
देशभक्तिपरिपूर्णा ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सा वीरा धीरा ह्यतिशूरा,
तत्साम्मुख्यं चक्रे ॥८॥

उस अंग्रेज के अपमानजनक वृत्तान्त को सुन कर देशभक्ति के भावों से भरी हुई उस देवी (साहेब कुंवरी) ने जो धीरा, वीरा, अति-शूरा थी, उस का मुकाबला किया।

तस्याः पुरतो नावस्थातुं,
[1]दृप्त आङ्गलः शेके।
भारतमातुर्नाम सूज्ज्वलम्,
तं विजित्य सा विदधे ॥९॥

वह अभिमानी अङ्गरेज़ उस के आगे ठहर नहीं सका। उस देवी ने उसे जीत कर भारत माता के नाम को अत्यन्त उज्ज्वल कर दिया।

इत्थं विविधैर्या शुभकृत्यै-
विमलां कीर्तिं लेभे।
साहिब कुंवरी संज्ञां वीरां,
[2]सप्रश्रयं नमामः ॥१०॥

इस प्रकार जिस वीरा ने अनेक प्रकार के शुभ कार्यों से विमल कीर्ति को प्राप्त किया, उस साहेब कुंवरी नामक वीरा देवी को हम आदर सहित नमस्कार करते हैं॥

—०—

१ दृप्तः – अभिमानी।
२ सप्रश्रयम् – सादरम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

क्रान्तिकारिणी कामा देवी

(२४ सित. १८६१ – १३ अग. १९३६)

१

कामादेवी पारसीका शुभस्त्री,
स्वातन्त्र्यार्थे क्रान्तिकारिण्यभीका ।
योग्यो विद्वान् श्याम जी कृष्णवर्मा,
तत्कार्ये सा लन्दनेऽभूत्सहाया ॥१॥

कामा देवी एक पारसी उत्तम देवी थी, जिस ने निर्भय हो कर भारत को स्वतन्त्र कराने के लिए क्रांति की थी। महर्षि दयानन्द जी सरस्वती के शिष्य श्री श्याम जी कृष्ण वर्मा एक बड़े योग्य विद्वान् क्रांतिकारी थे, जिन के कार्य में कामा देवी ने लण्डन में बहुत सहायता की थी।

रुग्णो जातो वीरसावर्करोऽभूत्,
तच्छुश्रूषां मातृवत् सा चकार ।
हस्ते धृत्वा भारतीयां ध्वजां सा,
तां सर्वेभ्यो वन्दयामास वीरा ॥२॥ (सन् १९०७)

जब श्री श्याम जी कृष्ण वर्मा के शिष्य सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी देशभक्त, वीर विनायक सावरकर लन्दन में बीमार पड़ गये तो कामादेवी ने माता की तरह उन की सेवा की और हाथ में भारतीय ध्वजा ले कर उस ने बर्लिन नगर के सन् १९०७ के एक सम्मेलन में सब को उस के आगे प्रणाम करवाया।

---

१ श्री सोराब जी फ्राम जी पटेलपुत्री श्री रुस्तम कामापत्नी।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्वतन्त्रताया ध्वज एष वीराः,
हुतात्मवीरैर्निजरक्तसिञ्चितः ।
प्रणाममस्मै कुरुतेति युष्मान्,
अभ्यर्थये सर्वजनान् समेतान् ॥३॥

वीरो ! यह भारत की स्वतन्त्रता का ध्वज है, जिस से भारतीय शहीदों ने अपने रक्त से सींचा है। मैं आप लोगों से प्रार्थना करती हूं कि आप इसे प्रणाम करें।

स्वाधीनताप्रेमिण एव सर्वान्,
सम्प्रार्थये ते परतन्त्रदेशान् ।
दासत्वपाशाद् विनिमोक्तुकामान्,
समुद्धरन्त्वत्र सहायभूताः ॥४॥

मैं सब स्वतन्त्रता के प्रेमियों से प्रार्थना करती हूं कि वे परतन्त्र किन्तु दासता के पाश से मुक्त होने की इच्छा रखने वाले देशों को सहायता दे कर उन का उद्धार करें।

निशम्य शब्दान् हृदयाद् विनिर्गतान्,
स्फूर्तिप्रदांस्तान् भयहीनदेव्याः ।
समुत्थिताः सर्वजनाः समोदं,
ववन्दिरे भारतकेतुमेव ॥५॥

इस प्रकार उस निर्भया देवी के हृदय से निकले हुए स्फूर्तिदायक शब्दों को सुन कर सब लोग खड़े हो गये और उन्होंने प्रसन्नता पूर्वक भारतीय ध्वजा को वन्दन किया।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्वातन्त्र्यार्थं भारतस्य प्रयत्नं,
सा निर्भीका सर्वदा चक्र आरात्[1] ।
सम्पाद्यासौ मातरं वन्द इत्थं,
पत्रं सेवां पेरिसे साध्वकार्षीत् ॥६॥

भारत की स्वतन्त्रता की प्राप्ति के लिए वह निर्भय देवी दूर रह कर भी सदा प्रयत्न करती रही। पेरिस में 'वन्दे मातरम्' नामक अङ्ग्रेजी साप्ताहिक पत्र का सम्पादन कर के उस ने इस प्रकार भारत की बड़ी सेवा की।

इत्थं साध्वीं सद्गुणागारभूतां,
स्वातन्त्र्यार्थं सर्वदा यत्नशीलाम् ।
त्यागं शौर्यं देशभक्ति दधानां,
कामादेवीं श्रद्धयाहं नमामि ॥७॥

इस तरह भारत को स्वतन्त्र कराने के लिए सदा प्रयत्नशीला, उत्तम गुणों की भंडार त्याग, शूरवीरता और देशभक्ति को धारण करने वाली साध्वी कामा देवी को मैं श्रद्धा सहित नमस्कार करता हूं॥

—०—

भारत कोकिला श्रीमती सरोजिनी देवी

(१३ फरवरी १८७९ – २ मार्च १९४९ ई०)

अघोरनाथस्य सुविश्रुता या,
पुत्री विचित्रेण गुणार्णवेन ।

---

१ आरात् – दूरात् आराद् दूरसमीपयोः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
वाग्मिप्रकाण्डा कवयित्रिवर्या,
सरोजिनी कस्य न वन्दनीया? ॥१॥

श्री अघोरनाथ चट्टोपाध्याय की अद्‌भुत गुण समुद्र के कारण अत्यन्त प्रसिद्धा, भाषण करने वालों में और कवियों में श्रेष्ठा श्रीमती सरोजिनी देवी किस के लिए वन्दनीया नहीं।

बाल्येऽपि यस्याः प्रतिभाऽद्वितीया,
प्राज्ञानपीत्थं चकितीचकार।
काव्यस्य हेतोः प्रथिता पृथिव्यां,
राष्ट्रस्य नामोज्ज्वलमेव चक्रे ॥२॥

बचपन में भी जिस की अद्वितीय प्रतिभा को देख कर बड़े-बड़े बुद्धिमान् भी चकित हो जाते थे; अपनी कविताओं के कारण जो पृथिवी में सर्वत्र प्रसिद्ध हुई और जिसने राष्ट्र के नाम को उज्ज्वल किया।

स्वातन्त्र्यवह्निस्तु भृशं प्रचण्डो
जज्वाल तस्या उरसि प्रशान्ते।
ओजस्विभिः काव्यमयैः सुशब्दैः,
सा स्फूर्तिमेवाजनयज्जनेषु ॥३॥

उस देवी की प्रशान्त छाती में स्वतन्त्रता की अग्नि बहुत प्रचंड रूप में जला करती थी। वह अपने कवितामय उत्तम शब्दों से लोगों में स्फूर्ति (जोश) भर देती थी।

[1]बभूव सा राष्ट्रमहासभायाः,
ख्याता प्रधाना सुगुणान् दधाना।

१ कानपुरे १९२५ ई०।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्वराज्यसन्देशमसौ सुकोकिला,
ददौ समेभ्यो विभया सुवक्त्री ॥४॥

वह १९२५ ई. में कानपुर में राष्ट्रीय महासभा 'कांग्रेस' की उत्तम गुणों को धारण करने वाली प्रधाना चुनी गई। उस अत्युत्तम भाषण-कर्त्री निर्भया उत्तम भारत कोकिला ने सब को स्वराज्य का संदेश सुनाया।

सत्याग्रहे भागमसौ गृहीत्वा,
वर्षाण्यनेकानि निरुद्धचारा।
तथाप्यधृष्या निजराष्ट्रवृद्ध्यै,
कार्याण्यनेकानि सदाचचार ॥५॥

सत्याग्रह में भाग ले कर अनेक वर्ष नजरबन्दी अथवा जेल में विताये तो भी किसी से कभी न दबते हुए उन्होंने अपने राष्ट्र की उन्नति के लिए बहुत से कार्य किए।

ख्याता क्षितौ भारतकोकिलेति,
परं स्वराज्यार्थरणे तु सिंही।
प्राकम्पयत्सा महतोऽपि शासकान्,
स्वातन्त्र्यवह्नेः शमने प्रवृत्तान् ॥६॥

वह यद्यपि भारत कोकिला नाम से प्रसिद्ध थीं किन्तु स्वराज्य के लिए किए जाने वाले अहिंसात्मक युद्ध में तो वे सिंही की तरह थीं। स्वतन्त्रता की आग को बुझाने में लगे हुए बड़े से बड़े शासकों को भी वे कंपा देती थीं।

[१]स्वराज्यलाभे खलु राज्यपाला-
पदे नियुक्तोत्तरदेशराज्ये।

---

२ अगस्त १९४७ ई०।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तस्याश्च काले किल हिन्दिभाषा,
संघोषिता संसदि राजभाषा ॥७॥

स्वराज्य के प्राप्त होने पर सन् १९४७ में उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाला (गवर्नर) बनाया गया। उन के शासनकाल में ही हिन्दी को विधान सभा में उत्तर प्रदेश की राजभाषा घोषित किया गया।

गवां वधश्चापि तथा निषिद्धः,
प्रान्तेऽखिलेऽस्मिन् शुभशासनेन।
न केवलं सा प्रथितामरेत्थं,
शान्त्या हि चक्रे परलोकयात्राम् ॥८॥

सारे उत्तर प्रदेश में गोवध का भी निषेध कर दिया गया। इस प्रकार वे न केवल प्रसिद्ध हुईं किन्तु अमर हो गईं और उन्होंने २ मार्च १९४७ को शान्ति से परलोक की यात्रा की।

स्वराज्यसंग्रामविनायिकाग्र्या,
नुमो वयं भारतकोकिलां ताम्।
यस्या विचित्रामतियोग्यतां हि,
जनाः स्मरिष्यन्ति सदा मुदान्विताः ॥९॥

स्वराज्य संग्राम की नायिकाओं में सब से प्रमुखा भारत कोकिल को हम प्रणाम करते हैं, जिस की अद्भुत योग्यता को प्रसन्नता पूर्वक लोग सदा याद किया करेंगे।

न केवलं या निजदेशभक्ता,
[1]आसीत्परेशस्य तथैव भक्ता।

---

१ तथा चावलोक्यतां श्री सरोजिनीदेव्या आङ्गलभाषा-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुवाग्मिनीं तां कवयित्रिवर्या,
सरोजिनीं मोदयुता नमामः ।।१०।।

वे न केवल स्वदेशभक्ता थीं किन्तु साथ ही परमेश्वर की भी भक्ता थीं। ऐसी उत्तम भाषणकर्त्री और कविश्रेष्ठा श्रीमती सरोजिनी देवी को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करेंगे ।।

—॰—

देशभक्ता मान्या कमला नेहरूः
(१ अग. १८९० – २८ फरवरी १९३५ ई०)

वीरजवाहरलालसुपत्नी,
देशभक्तिपरिपूर्णमानसा ।
सहमाना सा विविधयातनाः,
कमला नेहरूः प्रशस्तचरिता ।।१।।

देश के मान्य नेता श्री जवाहरलाल जी की देशभक्ति से परिपूर्ण मन वाली वीर पत्नी जिस ने अनेक कष्टों को देश के लिए सहन किया, वह श्रीमती कमलानेहरू बड़े उत्तम चरित्र वाली थीं।

कविताया निदर्शनमेकम् ।

"Lord of the Universe, Lord of our being, father Eternal ineffable Om.

Thou art the Seed and the Scythe of Our harvests.

Thou art our Hands and our Hearts and our Home."

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

क्षयरोगेण पीडिता सत्यपि,
पत्येऽनुमतिं ददौ सहर्षम् ।
राष्ट्रकृत्यकार्यं किल कर्तुं,
कमला नेहरूः सासीद् वन्द्या ॥२॥

जेल यातनाओं के कारण क्षयरोग से पीड़िता होने पर भी जिस देवी ने अपने पतिदेव को राष्ट्र सम्बन्धी कर्तव्यकर्म करने की सहर्ष अनुमति दी, वह कमला नेहरू सचमुच वन्दनीया थी।

रुग्णा सत्यपि या सत्याग्रह-
युद्धे भागमगृह्णात् ।
क्षमायाचना कार्येत्युक्ते,
'नैव कदापि' जगाद ॥
प्राणाहुतिमपि दातुं सिद्धा,
क्षमां नैव याचिष्ये ।
कथयन्ती सा कमला नेहरूः,
कस्य नहि स्याद् वन्द्या? ॥३॥

रोगग्रस्त होने पर भी जिस ने सत्याग्रह संग्राम मे भाग लिया। क्षमा मांग लो तो तुम्हें जेल से मुक्त कर दिया जायेगा, ऐसा अंग्रेज अधिकारियों द्वारा कहे जाने पर जिस ने स्पष्ट उत्तर दिया कि मैं कभी ऐसा न करूंगी। मैं प्राणों की भी आहुति देने को तैयार हूं, किन्तु कभी क्षमा न मांगूंगी, इस प्रकार कहती हुई श्रीमती कमला नेहरू किस के लिए वन्दनीया नहीं ?

आर्तानां शुश्रूषां कर्तुं, याऽऽसीत् सदैव सिद्धा,
सेवाधर्मे परमे गहने, याऽऽसीद् बहु निष्णाता ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देशसेविका भारतकेतु, धृत्वा जागरयन्ती,
कमलादेवी कस्य न वन्द्या, पतिव्रतोत्तमशीला ॥४॥

पीड़ितों घायल आदि की सेवा करने को जो सदा तैयार रहती थीं और अत्यन्त गहन से वा धर्म में जो अत्यन्त निपुणा थी, वह सच्ची देश सेविका भारत की ध्वजा को हाथ में ले कर जनता को जगाने वाली उत्तम शीला सम्पन्ना पतिव्रता कमला देवी किस के लिए वन्दनीया नहीं ?

इति महिलामणिकीर्तने देशभक्तावर्गनिरूपणं नाम पञ्चमं काण्डम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

षष्ठं काण्डम्

(उत्तमकवयित्रिभक्तावर्गः)

विदुषी कवयित्री विजयाङ्का

(सप्तमशतकीया चन्द्रादित्यराजपत्नी)

विजया विदुषी प्रथिता स्वीये,
काले कविताविषये ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शुभकवयित्री दुःखशमित्री,
कर्णाटकललना सा ॥१॥

विदुषी विजयाङ्का सप्तमशताब्दी में राजा चन्द्रादित्य की धर्मपत्नी, अपने समय में कविता के विषय में प्रसिद्धा थी। वह उत्तम कवयित्री, दुःखों का नाश करने वाली कर्णाटक प्रदेश की महिला थी।

कवितास्तस्या अति रमणीयाः,
प्रसादगुणसम्पन्नाः ।
कालिदासतोऽवरकोटौ सा,
गणिता कविकुलपङ्क्तौ ॥२॥

उस की कविताएं अत्यन्त उत्तम तथा प्रसाद गुण से युक्त थीं। कवियों के समूह की पंक्ति में कालिदास से नीचे की पंक्ति में उस की गणना की जाती थी।

सुभाषित [1]ग्रन्थेष्वद्यापि,
ख्याता कविकुलरत्नम् ।
वैदर्भ्यां शैल्यां निष्णाता,
सात्युत्तमकवयित्री ॥३॥

सुभाषित शब्द भाण्डागार आदि सुभाषित-ग्रन्थों में उस की

---

१ तथा च प. काशिनाथपर्व संकलिते सुभाषितरत्नभाण्डागारे—
"सरस्वतीव कार्णाटी, विजयाङ्का जयत्यसौ ।
या वैदर्भगिरां वासः, कालिदासादनन्तरम् ॥"
(३८ तमे पृष्ठे)

 Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
वदर्भी शैली में निपुणा, कविकुल को रत्नभूत उत्तम कवयित्री के तौर पर प्रसिद्धि है।

[२]कविमतल्लिकां सुरभारत्याः,
विख्यातां विदुषीं ताम्।
कर्णाटककविवृन्दललामां,
विजयां वयं नमामः ॥४॥

संस्कृत की कवयित्री श्रेष्ठाओं में से एक प्रसिद्ध विदुषी, कर्णाटक के कविगण में मस्तक के समाना विजयाङ्का देवी को हम नमस्कार करते हैं॥

—०—

कवयित्रिवर्या विज्जका (विद्यावती)

(अष्टमशतकीया)

विज्जकाविद्यावती, साक्षात्सरस्वत्युत्तमा।
[३]काव्यमत्याह्लादकं, हृदयंगमं चक्रे सदा ॥१॥

विज्जका विदुषी साक्षात् सरस्वती देवी के समान उत्तमा थी जो सब को प्रसन्न करने वाली हृदयङ्गम वा हृदय का स्पर्श करने वाली कविता को सदा बनाया करती थी।

सर्वशुक्ला वै सरस्वत्यस्ति ये प्रोचुः पुरा।
ते स्वकीयां भ्रान्तिमित्थं, मेनिरे मुदितास्तदा ॥

---

२ कविमतल्लिकां – कविश्रेष्ठाम्।
'मतल्लिका मचर्चिका, प्रकाण्डमुद्घतल्लजौ ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

"नीलोत्पलदलश्यामां, विज्जकां तामजानता ।
मुधैव दण्डिना प्रोक्तं, सर्वशुक्ला सरस्वती" ।।२।।

जो कवि लोग यह माना करते थे कि सरस्वती बिल्कुल गौर वर्ण की होती है, वे भी प्रसन्न हो कर इस बात को मानने लगे कि यह उन का भ्रम था ।

श्री सुभाषितरत्नभाण्डागारतुल्ये संग्रहे ।
नाम कवयित्र्याः सहर्षं, दीयते विबुधैर्वरैः । ३।।

श्री काशीनाथ पर्व द्वारा संकलित सुभाषितरत्न भाण्डागार जैसे उत्तम कविता संग्रहों में उत्तम विद्वान् हर्ष के साथ इस विदुषी विज्जा अथवा विद्यावती का नाम लेते हैं ।

खेदविषयोऽयं न तस्या लभ्यते काव्यं शुभम् ।
किन्तु तस्याः कीर्तिगानं, ख्यातमेव महीतले ।।४।।

यह खेद की बात है कि उस विदुषी का बनाया हुआ कोई काव्य आजकल उपलब्ध नहीं होता, किन्तु उस का कीर्तिगान पृथिवी में प्रसिद्ध ही है ।

तादृशीमन्वर्थनाम्नीं, विद्यया समलङ्कृताम् ।
शारदामिव मन्यमानां, सन्नुमो विद्यावतीम् । ५।।

३ विद्यावत्याः कवितानिदर्शनानि—

कवेरभिप्रायमशब्दगोचरं, स्फुरन्तमार्द्रेषु पदेषु केवलम् ।
वदद्भिरङ्गैः कृतरोमविक्रियै-
र्जनस्यतूष्णीं भवतोऽयमञ्जलिः ।।
केनात्र चम्पकतरो बत रोपितोऽसि,
कुग्रामपमारजनान्तिकवाटिकायाम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यत्र अच्छन्दनवशाकविवृद्धिलोभात्,
गोभग्नवाटघटनोचितपल्लवोऽसि ।।

माद्यद् दिग्गजदानलिप्तकरटप्रक्षालनक्षोभिताः,
व्योम्नः सीम्नि विचेरुरप्रतिहता यस्योर्मयो निर्मलाः ।
कष्टं भाग्यविपर्ययेण सरसः, कल्पान्तरस्थायिन-
स्तस्याप्येकवकप्रचारकलुषं, कालेन जातं जलम ।।

ऐसी अपने सार्थक नाम वाली, विद्यारूप भूषण से भूषिता, सरस्वती के समान मानी जाने वाली विद्यावती या विदुषी विज्जका को हम नमस्कार करते हैं ।।

—o—

काश्मीर कवयित्री योगेश्वरी लल्लेश्वरी देवी

(जन्म १३३५ ई०)

[1]लल्लेश्वरिनाम्नी कवयित्री, काश्मीरेषु विशुद्धा ।
यस्याः कविता अतीव हृद्याः, गीयन्ते प्रतिगेहम् ।।१।।

लल्लेश्वरी नाम की कवयित्री कश्मीर देश में अत्यन्त प्रसिद्धा है, जिस की कविताएं अत्यन्त प्यारी हैं और जिन का वहां घर-घर में गान किया जाता है ।

पद्मावती नाम सा लेभे,
पत्युः सदनं गत्वा ।

१ अतुदत् – अपीडयत् तुद – व्यथने ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

दौर्भाग्यस्य विडम्बनेयम्

श्वश्रूः प्रतिदिनमतुदत् ॥२॥

विवाह के पश्चात् पति के घर में जाने पर उस ने पद्मावती यह नाम प्राप्त किया। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि उस की सास उसे प्रतिदिन सताती थी।

किन्तु सहनशीला सा साध्वी,
बुधा तितिक्षामूर्तिः।
उपालम्भपरमेकं शब्दं,
जातु न कञ्चिदवोचत् ॥३॥

किन्तु वह सहनशीलता की मूर्ति, सहनशीला, बुद्धिमती साध्वी किसी के प्रति एक भी उपालम्भ वा शिकायत का शब्द नहीं कहती थी।

काश्मीरेष्वद्याप्येतस्याः,
सहनशीलता ख्याता।
एतामेव तितिक्षामूर्तिं,
ख्यापयन्ति बुधवर्याः ॥४॥

कश्मीर वासियों में अब भी उस की सहनशीलता प्रसिद्ध है। बुद्धिमानों में श्रेष्ठ लोग उस को सहनशीलता की मूर्ति के रूप में प्रसिद्ध करते हैं।

सा शिवभक्ता भक्तिसुधायाः,
पानेऽनिशमनुरक्ता।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भक्तेः सरितं सुखदाममलां,
प्रावाहयत् स्वदेशे ॥५॥

वह शिवभक्ता भक्तिअमृत के पान में दिनरात अनुरक्त हो कर सुखदायिनी, निर्मल भक्ति-नदी को अपने देश में सदा प्रवाहित करती थी।

ईश्वरभक्तेः परतरमन्यत्,
किञ्चिदस्ति नहि लोके।
ज्ञानतुल्यमपरं नहि तीर्थं,
शङ्करसमो न बन्धुः ॥६॥

उस की यह शिक्षा थी कि ईश्वर-भक्ति से बढ़ कर संसार में कोई चीज नहीं। ज्ञान के तुल्य कोई और तीर्थ नहीं। शङ्कर (शिव) के समान कोई बन्धु नहीं।

सर्वव्यापकशिवदेवोऽयं,
सकलजनानां जनकः।
घृणां परित्यज निजमात्मानं,
सम्यगवेहि बुधश्चेत् ॥७॥

यह शिव देव सर्वव्यापक है, वह सब लोगों का पिता है। घृणा का परित्याग कर दे। यदि तू बुद्धिमान् है तो अपनी आत्मा का ज्ञान प्राप्त कर।

मनो न यावच्छुद्धं विमलं,
किं स्नानेन नदीषु।

Funding by IKS-MoE

अश्मपूजया कस्ते लाभः
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

योगाभ्यासमिहाचर ॥८॥

जब तक मन शुद्ध पवित्र नहीं हुआ तब तक नदियों में स्नान करने से क्या हो सकता है ? पत्थर की पूजा से क्या लाभ ? तू इस जीवन में योगाभ्यास कर ।

यः पश्येन्निजात्मवत्सर्वान्,
यो द्वन्द्वेषु समः स्यात् ।
यस्य संशयः स्यादुच्छिन्नः,
शिवस्तेन ननु दृष्टः ॥९॥

जो अपने समान सब को देखे, जो सुख-दुःखादि द्वन्द्वों में समान हो, जिस का संशय नष्ट हो चुका हो उसी ने समझना चाहिये कि शिव के दर्शन किए हैं ।

अधिकभोजनं हानिकरं स्यात्,
अहङ्कार उपवासे ।
मिताहारमेवाश्रय तस्मात्,
समतामाप्स्यसि तेन ॥१०॥

अधिक भोजन करना हानिकारक है, उपवास करने में भी अहंकार हो सकता है, इसी लिए मिताहार का आश्रय ले । इस से तू समता को प्राप्त करेगा ।

समतामाहारादिषु कृत्वा,
अभ्यस्येत्थं सततम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
अपावृतं त्वं मुक्तिद्वारं,
द्रक्ष्यसि साधक सुखदम् ॥११॥

आहार आदि में समता को कर के इस प्रकार के लगातार अभ्यास द्वारा हे साधक ! तू सुखदायक मुक्ति के द्वार को खुला हुआ देखेगा ।

पशुबलिदानं मौढ्यसूचकं,
पण्डित कथं करोषि ?
जडमूर्त्यर्थं सजीवजन्तुं,
किं भो विमूढ हंसि ॥१२॥

पशुओं की बलि देना मूर्खता का सूचक है, हे पण्डित ! तू ऐसी मूर्खता क्यों करता है ? हे मूर्ख ! जड़ मूर्ति के लिए सजीव प्राणी की हिंसा तू क्यों करता है ।

सहनशीलता कठिना लोके,
किन्तु सदाभ्यसनीया ।
सन्तोषस्य धनं भृशमर्जय,
भाव्यमवश्यं भावि ॥१३॥

सहनशीलता संसार में कठिन है, किन्तु उस का सदा अभ्यास करना चाहिए । सन्तोष के धन का अच्छी प्रकार संचय कर, जो होना है, वह तो अवश्य हो कर ही रहेगा ।

तपनः सर्वेभ्यो भुवि तापं,
विना भेदमिह [1]ददते ।

---

१ ददते – ददाति दद – दाने आ० भौवादिकः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सलिलं सर्वजनेभ्यः सुखदं,
भेदं जातु न तनुते ॥१४॥

सूर्य विना भेद-भाव के पृथिवी में सब को ताप देता है, पानी सब मनुष्यों के लिए सुखदायक है, वह में कोई भेद नहीं रखता।

शिवस्य सृष्टौ भेदभावना,
तस्मात्सदा ह्यनुचिता।
समता विना शिवस्यावाप्तिः,
नैव कदाचिच्छुक्था। १५॥

इस लिए शिव की सृष्टि में यह भेदभाव रखना सदा अनुचित है। समता की भावना के बिना शिव की प्राप्ति कभी नहीं हो सकती।

कुर्युर्मे परिहासं लोकाः,
खेदो मम नहि चित्ते।
चेच्छिवभक्ताहं सत्या स्यां,
मलिनो मम नहि मुकरः ॥१६॥

यदि लोग मेरा उपहास करें तो मेरे चित्त में कोई भी दुःख नहीं होता। यदि मैं शिव की सच्ची भक्ता हूं तो मेरा दर्पण कभी मैला नहीं हो सकता।

नाहं खिन्ना परिहासेन,
कुर्युर्जना यथेष्टम्।

Funding by IKS-MoE

यदा प्रसीदति शिवदेवो मे

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जनोपहासे किं स्यात् ॥१७॥

मैं किसी के परिहास करने में दुःखित नहीं होती। लोगों की जो मर्जी करें। जब शिव देव मुझ से प्रसन्न हैं तो लोगों के मखौल उड़ाने से मेरा क्या बिगड़ सकता है ?

प्रातःकाले उषसः पूर्वं, बुद्ध्वा देवध्याने ।

जपे मानसं मया योजितं,तेन पवित्रीजाता ॥१८॥

प्रातः उषः काल से पहले जाग कर मैंने अपने मन को देव के ध्यान और जप में लगाया, इस से मैं पवित्र हो गई।

यदि विपदा सोढा मोदेन,

शाश्वतसुखमेवाप्स्यसि ।

क्रोधं वैरं घृणां परित्यज,

शिवं तदा द्रष्टासि ॥१९॥

यदि तूने आपत्ति को प्रसन्नता पूर्वक सहन कर लिया तो तू स्थायी सुख को प्राप्त करेगा। तू क्रोध, वैर-विरोध और घृणा का परित्याग कर दे, तब तू शिव के दर्शन करेगा।

इत्थं यस्याः शिवभक्तायाः,

उपदेशा अति रम्याः ।

तां कवयित्रीं शुभगुणधर्त्रीं,

लल्लेश्वरीं नमामः ॥२०॥

इस प्रकार जिस शिवभक्ता के उपदेश अत्यन्त रमणीय थे,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
उस उत्तम गुणों को धारण करने वाली कवयित्री [illegible] को हम नमस्कार करते हैं ।

—०—

सुकवयित्री पण्डिता वैजयन्ती देवी

(जन्मकालः – १६८५ वैक्रमाब्दः, बङ्गदेशे)

सुता मयूरभट्टस्य, वैजयन्ती सुपण्डिता ।
काव्यव्याकरणोपाङ्ग-दर्शनेषु विचक्षणा ॥१॥

बंगाल के विद्वान् पं. मयूरभट्ट की पुत्री बड़ी पण्डिता थी जो काव्य-व्याकरण और उपाङ्गरूप दर्शनों में अत्यन्त निपुणा थी ।

दुर्गादासो महाविद्वान्,
तर्कवागीश संज्ञितः ।
अत्यन्तामद्भुतां तस्याः,
योग्यतां प्रतिभान्विताम् ॥२॥
विवाहं कारयामास,
दृष्ट्वा स्वीयसुतेन तु ।
उच्चवंशाभिमानं च,
विजहौ योग्यतोन्मुखः ॥३॥

तर्क वागीश महाविद्वान् दुर्गादास ने उस की प्रतिभायुक्त योग्यता को देख कर उच्च वंश के अभिमान का भी त्याग कर दिया और उस के साथ अपने पुत्र का विवाह सम्बन्ध निश्चित कर दिया ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर तस्याः पतिः कृष्ण-
नाथो जातिमदान्वितः ।
विजहावनघां देवीं,
महापातकमाचरन् ॥४॥

किन्तु उस के पति कृष्णनाथ ने अपनी उच्च जाति के मद से युक्त हो कर उस निष्पापा देवी का परित्याग कर के महा पाप किया ।

तथापि धीरा सा देवी,
नात्यजद् धैर्यमुत्तमम् ।
काव्यं च सुरभारत्यां,
प्राहिणोत्पतिसन्निधौ ॥५॥

तो भी उस धीरा देवी ने उत्तम धैर्य का परित्याग नहीं किया और संस्कृत में अपने पति के पास कविता बना कर भेजी ।

तत्पत्रसमकालं हि, नेत्र उद्घाटिते स्वयम् ।
पत्युर्जात्यभिमानेन, मत्तस्य विदुषः परम् ॥६॥

उस पत्र को प्राप्त करते ही जाति के अभिमान से मत्त किन्तु महाविद्वान् उस के पति पं. कृष्णनाथ की आंखें खुल गईं ।

पश्चात्तापाग्निसन्तप्तः, कृष्णनाथो बुधोत्तमः ।
स्वयमेव समानं तामानयामास सुव्रताम् ॥७॥

पश्चात्ताप की अग्नि से सन्तप्त, बुद्धिमानों में श्रेष्ठ कृष्णनाथ बड़े मान के साथ उस उत्तम व्रत वाली देवी को ले आया ।

पतिव्रतानघा देवी, पतिपूजापरायणा ।
गृहकृत्यं स्वयं सर्वं, चकार मुदिता सती ॥८॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वह पति की पूजा में तत्परा, निष्पापा पतिव्रता देवी प्रसन्न चित्त से सारे घर के कार्यों को किया करती थी।

नाहङ्कारलवेनापि, ग्रस्ता सासीत्पतिव्रता ।
यज्ञरूपेण गेहस्य, चक्रे कार्यं मुदान्विता ।।९।।

उस पतिव्रता के अन्दर अहंकार का लेशमात्र भी न था। वह प्रसन्न हो कर गृह कार्य को यज्ञरूप मान कर किया करती थी।

आनन्दलतिकाचम्पूकाव्यं भर्त्रैव सा बुधा ।
निर्ममे विबुधानन्द-कारणं प्रतिभान्विता ।।१०।।

उस प्रतिभाशालिनी बुद्धिमती देवी ने विद्वानों को आनन्दित करने वाले आनन्द-लतिका नामक चम्पू काव्य को अपने पतिदेव के साथ मिल कर बनाया।

इत्थं या सुगुणैरलङ्कृततनूः
रूपेण चैवान्विता,
स्त्रीजातेः समतोलयच्छुभमनाः
सद्वैजयन्तीं सदा ।
तां शुभ्रां प्रतिभान्वितां सुविदुषीं
भर्तुः सदानुव्रतां,
देवीं काव्यसुशब्दशास्त्रनिपुणां
श्री वैजयन्तीं नुमः ।।११।।

इस प्रकार उत्तम गुणों और रूप से युक्ता जिस उत्तम मन वाली देवी ने स्त्री जाति की श्रेष्ठ ध्वजा को फहराया, उस नर्मल

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
प्रतिभाशालिनी, पतिव्रता, काव्य और उत्तम शब्दशास्त्र में निपुणा वैजन्ती देवी को हम नमस्कार करते हैं ॥

—०—

सुमधुरवाणी कवयित्री मधुरवाणी

(दाक्षिणात्या सप्तदशशतकीया)

मधुरवाणीनामिकासौ,
मधुरवाणीसंयुता ।
राजते कविमण्डलस्य,
व्योम्नि शुभ्रशशिप्रभा ॥१॥

मधुरवाणी से युक्ता मधुरवाणी नाम वाली देवी कविमण्डल के आकाश में स्वच्छ चन्द्रिका के समान शोभायमान है ।

श्रीरघुनाथसभाया भूषण-
मासीत् सा तंजौरपतेः ।
सर्वोच्चं स्थानं सा लेभे,
कवितासौष्ठवकारणतः ॥२॥

वह तंजौर के राजा श्री रघुनाथ की सभा का भूषण थी जिसे उत्तम कविता के कारण उस के दरबार में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ था ।

श्रीरामस्तुतिविषयामस्याः,
कवितां चारु निशम्य ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
भूपोभवत्प्रहृष्टो भूयो-
भूयस्तां प्रशशंस ॥३॥

उस की श्री राम की स्तुति विषयक कविता को अच्छी प्रकार सुन कर राजा बहुत ही प्रसन्न हुआ और उस ने बार२ उसकी प्रशंसा की।

कविता मया श्रुता वै शतशः,
श्रीरामस्तुतिरूपाः ।
किन्तु तादृशी मधुरा कविता,
हृद्या श्रुता न जातु ॥४॥

राजा ने प्रसन्न हो कर कहा कि श्री राम की स्तुति विषयक सैंकड़ों कविताएं मैंने सुनी हैं किन्तु ऐसी हृदय को लगने वाली मधुर कविता मैंने कभी नहीं सुनी।

इत्थं कथयित्वासौ भूपः,
श्रीरामायणमखिलम् ।
न्यवेदयत्तां कर्तुं विबुधां,
सा च मुदाङ्गीचक्रे ॥५॥

यह कह कर राजा ने उस बुद्धिमती देवी से सारी रामायण को कविता रूप में बनाने के लिये निवेदन किया और उस ने प्रसन्नता से इसे स्वीकार कर लिया।

तद्रचितं रामायणमेतत्,
सहृदयहृदयारामम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यस्य चतुर्दशकाण्डावधिको,
भागः क्वाप्युपलभ्यः ॥६॥

उसका बनाया हुआ रामायण काव्य सहृदय लोगों (कवियों) के हृदय को बहुत अच्छा लगने वाला है जिसके चौदह काण्ड कहीं-कहीं अब भी उपलब्ध होते हैं।

मधुरैर्हृद्यै रतिरमणीयैः,
शब्दैर्मनो हरन्तीम्।
वीणावादननिष्णातां तां,
देवीं मुदा नमामः ॥७॥

मधुर प्रिय अत्यन्त उत्तम शब्दों से मन को हरण करने वाली; वीणा बजाने में निपुणा उस देवी को हम प्रसन्नता से नमस्कार करते है।

अर्धघण्टामिते काले, शतं श्लोकान् विनिर्ममे।
अष्टभाषासु या देवी, तां महापण्डितां नुमः ॥८॥

जो महापण्डिता मधुरवाणी आधे घण्टे के अन्दर आठ भाषाओं में १०० श्लोक बना लेती थी ऐसी देवी को हम नमस्कार करते हैं ॥

— ० —

बङ्गदेशीया पण्डिता प्रियंवदा
(सप्तदशशतकीया)

प्रियंवदा प्रियंवदा, महापतिव्रता बुधा।
कुशाग्रबुद्धिकारणात्, श्रुतेः सुशिक्षिताभवत् ॥१॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रिय वचन बोलने वाली, बड़ी पतिव्रता, बुद्धिमती प्रियंवदा कुशाग्र बुद्धि (अत्यन्त तेज बुद्धि) के कारण सुनने से भी उतम रूप से शिक्षिता हो गई ।

शिवेति नामकः पिता, स्वछात्रपाठने रतः ।
तदन्तिके स्थिता स्वयं,समस्तपाठमध्यगात् ॥२॥

उस के पिता शिव नामक विद्वान् अपने विद्यार्थियों के पढ़ाने में लगे रहते थे । उन के पास बैठकर यह प्रियंवदा सुने हुए सारे पाठ को याद कर लेती थी ।

ततः पिताप्यपाठयत्, सुकाव्यदर्शनादिकम् ।
सुकाव्यचातुरीप्रभा, यतः प्रवर्धिताऽभवत् ॥३॥

उस के पश्चात् उस के पिता ने भी उत्तम काव्य, दर्शन शास्त्रादि उसे पढ़ाया जिस से उस की उत्तम कविता करने की योग्यता और प्रतिभा में वृद्धि हो गई ।

महाविपश्चिदग्रणीर्बभूव सा परिश्रमात् ।
परं पतिव्रता सती, गृहं न जातु सं जहौ ॥४॥

वह अपने परिश्रम से विद्वानों में शिरोमणि बन गई किन्तु उस पतिव्रता सती ने कभी घर के कर्तव्य कर्म का परित्याग नहीं किया ।

सदैव मातृवत्स्वयं, स्वभर्तृशिष्यवृन्दकम् ।
अभोजयत्स्वपाययत्, रुजार्तकानसेवत ॥५॥

वह माता की तरह अपने पतिदेव के शिष्य समूह को भोजन खिलाती और रोगियों की सेवा करती थी ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
स्मृतः सुशक्तिरद्भुता ऽस्मराद्धि कोषमामरम् ।
गणादिपाठभारते, कथाश्च पक्षकालके ॥६॥

उसकी स्मृति शक्ति अत्यन्त अद्भुत थी। उसने एक पक्ष (१५ दिन) में सारे अमर कोष को याद कर लिया गणादि पाठ और भारत का भी बहुत सा भाग याद कर लिया था।

सदा प्रियं वचोऽवदन्न सा कठोरमण्वपि।
प्रियंवदेति नामतः, समैर्जनैः समादृता ॥७॥

वह सदा प्रिय वचन बोलती थी। कभी थोड़ा सा भी कठोर वचन न बोलती थी। इसीलिए सब लोग उन्हें प्रियंवदा के रूप में उस का आदर करते थे।

मोक्षधर्मस्य टीकैका, कृता विबुधया तया।
यात्याश्चर्यकरी बङ्गे कवीनामपि मण्डले ॥८॥

उस बुद्धिमतियों में श्रेष्ठा प्रियंवदा ने महाभारत शान्तिपर्वान्तर्गत मोक्ष धर्म पर्व की एक उत्तम टीका की थी जो बङ्ग देश (बङ्गाल) के कविमण्डल को भी आश्चर्य चकित कर देने वाली है।

तस्याः पतिः श्रीरघुनाथमिश्रः,
काश्याः स्वयं संस्कृतपुस्तकानि।
आनाययत् तानि पपाठ साध्वी,
सद्दर्शनान्यत्र तथाध्यगीष्ट ॥९॥

उस के पति श्री रघुनाथ मिश्र काशी से बहुत सी पुस्तकों को मंगवाया करते थे। वह साध्वी स्त्री उन को तथा उत्तम दर्शनों को पढ़ा करती थी।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रियंवदामित्थमतीव चार्वीम्,
अन्वर्थसंज्ञां कवयित्रिवर्याम् ।
पतिव्रतां चैव वयं नमामः,
शुभस्वभावां सरलां प्रशान्ताम् ॥१०॥

इस प्रकार सदा उत्तम अपने नाम के अनुसार गुणों वाली, कवयित्री पतिव्रता, अच्छे स्वभाव वाली, सरला, बहुत शान्त स्वभाव वाली प्रियंवदा देवी को हम नमस्कार करते हैं ॥

—o—

कवयित्री आनन्दमयी देवी

(सप्तदशशतकीया)

सुकवेरामगते रायस्य
दुहितानन्दमयी विबुधासीत् ।
यस्या भर्तायोध्यारामः
स्वयमपि कविकुलभूषणमभवत् ॥१॥

बुद्धिमती आनन्दमयी बङ्गाल के उत्तम कवि रामगति राय की पुत्री थी जिस का पति अयोध्याराम भी कविकुल भूषण था ।

धर्मशास्त्रनिष्णाता कविता-
कला प्रवीणा सरला ।
बङ्गदेश इह महापण्डिता-
रूपे ख्यातिं लेभे ॥२॥

Funding by IKS-MoE

आनन्दमयी की बङ्गाल में धर्मशास्त्र में निपुणा, कविता और
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
कला में चतुरा सरला महापण्डिता के रूप में हो गई।

हरिविद्यालङ्कारपण्डितः
कृष्णदेवबुधतनयः ।
शिवपूजनपद्धतिमेकां सं-
लिख्य विदुष्याः सविधे ॥३॥

प्रैषयदति महिता विबुधा सा
तस्या अनेकदोषान् ।
दृष्ट्वा तत्पितरं विबुधेशं
तदाऽसूचयद् विभया ॥४॥

विद्वान् कृष्णदेव के पुत्र हरिविद्यालङ्कार ने एक शिवपूजन पद्धति विषयक पुस्तक लिखकर उस विदुषी के पास भेजी। अत्यन्त पूजिता उस बुद्धिमती देवी ने उस के अनेक अनेक दोषों को देखकर उस के विद्वानों में श्रेष्ठ पिता पं. कृष्ण देव को निर्भयता पूर्वक उन को सूचित किया।

राजवल्लभाख्यः शुभभूपः
अग्निष्टोमविधानम् ।
सुमतिं रामगतिं पप्रच्छ
यतो ह्यसौ विबुधाग्र्यः ॥५॥

राजवल्लभ नाम राजा ने उत्तम बुद्धिमान् प० रामगति राय से अग्निष्टोम विधान के विषय में प्रश्न किया क्योंकि उस समय वह विद्वानों में उत्तम माना जाता था।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पुरश्चरणनिरतत्वान्नासौ,
स्वयमुत्तरितुं शेके ।
तदा स्वकीयां दुहितरमनघाम्,
उत्तरितुं स जगाद ।
तथा चारु सोत्तरमददाद् यत्
समे राजकवयोऽपि ॥६॥
जाताश्चकिता भृशं विस्मिताः,
हर्षेणाप्लुतनयनाः ।
भूरिभूरि तस्याः श्लाघान्ते
मुदिताः सर्वे चक्रुः ॥७॥

स्वयं गायत्री पुरश्चरण के अनुष्ठान में लगे हुए होने से वे स्वयं उस का उत्तर नहीं दे सके अतः उन्होंने अपनी पापरहिता पुत्री आनन्दमयी को उस का उत्तर देने के लिए कहा ।

उस विदुषी ने अग्निष्टोम विधान विषयक प्रश्न का इतना अच्छा उत्तर दिया कि सब राज पण्डित भी उस को पढ़ कर बहुत आश्चर्य चकित हो गये और उन की आंखों में हर्ष के मारे आंसू आ गये । उन सब ने अत्यन्त प्रसन्न हो कर उस की बहुत बहुत प्रशंसा की ।

सा न केवलं धर्मपण्डिता,
किन्तु चारु कवयित्री ।
उमाविवाहाख्यं कवयित्र्या,
तया सुकाव्यमकारि ॥८॥

वह न केवल धर्मशास्त्र की पण्डिता थी अपितु उत्तम कवयित्री भी थी । उस ने उमाविवाह नामक उत्तम काव्य का निर्माण किया ।

Funding by IKS-MoE

हरिलीलासंज्ञे सत्काव्ये
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
तस्या अनेककविताः ।
जयनारायणकविसंकलिताः,
सन्त्यद्याप्युपलभ्याः ॥९॥

जयनारायण कवि द्वारा संकलित हरिलीलानामक उत्तम काव्य में भी उस देवी आनन्दमयी की अनेक कविताएं आज तक मिलती हैं ।

तस्या रचना शब्दसौष्ठवं
लालित्यं माधुर्यम् ।
द्योतयतीह न संशयलेशो
विपश्चितां चित्ते स्यात् ॥१०॥

उस की रचना, शब्दों की उत्तमता, ललितता और मधुरता को सूचित करती है इस विषय में विद्वानों के चित्त में सन्देह नहीं हो सकता ।

आनन्दमयीदेव्या बङ्गभाषामिश्रितसंस्कृत-
कविताया निदर्शनम्—
विवाह समये रमणी सभा वर्णनम्-
हेर चौदिके कामिनी लक्षे लक्षे
समक्षे, परक्षे, गवाक्षे, कराक्षे ।
कति प्रौढरूपा ओ रूपे मजन्ति
हसन्ति, स्खलन्ति, द्रवन्ति, पतन्ति ॥
कत चारु वक्त्रा, सुवेशा, सुकेशा,
सुनासा, सुहासा, सुवासा, सुभाषा ।
करे दौड़ि दौड़ा मदमत्त प्रौढ़ा
अनूढा, विमूढ़ा, नवोढा, निगूढा ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अतो वयं मुदिता अति भूत्वाऽऽ
नन्दमयीं प्रणमामः ।
महापण्डितां तां सुकवयित्रीं
विबुधोत्तमां नमामः ॥११॥

इस लिए हम अत्यन्त प्रसन्न हो कर महापण्डिता, उत्तम कवयित्री, बुद्धिमतियों में श्रेष्ठा पण्डिता आनन्दमयी को प्रणाम करते हैं ।।

—o—

इतराः प्रमुखाः संस्कृतकवयित्र्यः

[1]मोरिका मारुला चैव, [2]सुभद्रा फल्गुहस्तिनी ।
इन्दुलेखा च विदुषी, शीलाभट्टारिका[3] बुधा ॥१॥

---

१ शीला विज्जा मारुला मोरिकाद्याः,
काव्यं कर्तुं सन्ति विज्ञाः स्त्रियोऽपि ।
विद्यां वेत्तुं वादिनो निर्विजेतुं
विश्वं वक्तुं यः प्रवीणः स वन्द्यः ।।
(शार्ङ्गधर पद्धतौ धनदेवोक्तिः)

२ पार्थस्य मनसि स्थानं, लेभे खलु सुभद्रया ।
कवीनां च वचोवृत्ति–चातुर्येण सुभद्रया ।
(राजशेखर कृत सूक्तिमुक्तावली)

३ शब्दार्थयोः समो गुम्फः, पाञ्चाली रीतिरिष्यते ।
शीलाभट्टारिका वाचि, बाणोक्तिषु च सा यदि ।।
(सूक्तिमुक्तावली)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विकटप्रमुनितम्बाद्याः,
कवयित्र्योऽभवन् शुभाः ।
गीर्वाणवाण्याः साहित्यं,
याभिः सम्यगलङ्कृतम् ॥२॥

मोरिका, मारुला, सुभद्रा, फल्गुहस्तिनी, इन्दुलेखा, बुद्धिमती शीला भट्टारिका विकट नितम्बा आदि अनेक उत्तम कवयित्रियां हुई हैं जिन्होंने संस्कृत भाषा के साहित्य को अच्छी तरह अलंकृत किया ।

गंगादेवी सुपत्न्यासीत्, कम्पनस्यावनीभृतः ।
मदुराविजयं काव्यं, यया चारु विनिर्मितम् ॥३॥

श्री गङ्गादेवी कर्णाटक के राजा कम्पनरय की विदुषी पत्नी थी जिसने मदुराविजय नामक सुन्दर काव्य की रचना की ।

मोरिकायाः कविताया निदर्शनम्—

प्रियतमस्त्वमिमामनघार्हसि,
प्रियतमा च भवन्तमिहार्हति ।
नहि विभाति निशारहितः शशी,
न च विभाति निशापि विनेन्दुना ॥

सुभद्रायाः कवितायाः निदर्शनम्—

दुग्धं च यत्तदनु यत् क्वथितं ततो न,
माधुर्यमस्य हृतमुन्मथितं च वेगात् ।
जातं पुनर्घृतकृते नवनीतवृत्ति,
स्नेहो निबन्धनमनर्थपरम्पराणाम् ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विद्यालङ्कारपदभाक् हठीनाम्नी सुपण्डिता ।
वर्धमानेऽभवद् यस्याश्चतुष्पाठी सुविश्रुता ।।४।।

विद्यालंकार पदवी धारिणी हठी नाम की बंगवासिनी संस्कृत की सुपण्डिता थी जिस की वर्धमान जिले में (वर्दवान) में चतुष्पाठी पाठशाला अत्यन्त प्रसिद्ध थी ।

तस्यामध्यापयच्छात्राः, सर्वं व्याकरणादिकम् ।
वार्धक्ये च समायाता, काश्यां तत्राप्यपाठयत् ।।५।।

उस पाठशाला में वह व्याकरण साहित्यादि सब विषयों को पढ़ाती थी । वृद्धावस्था में वह काशी आ कर वहां भी छात्राओं को पढ़ाती रही ।

ततो वृन्दावनेऽवात्सीद्, ध्यानाभ्यासपरायणा ।
निर्ममे कविता हृद्याः, गीयन्ते या गृहे गृहे ।।६।।

उस के पश्चात् उस ने ध्यानाभ्यास में तत्पर रह कर वड़ी सुन्दर कविताएं बनाईं जिन को अब भी वहां घर-घर में गाया जाता है ।

एताश्चान्याश्च विदुषीः, शुद्धबुद्धियुता वयम् ।
नमामो मोदसहिताः, देववाणीविचक्षणाः ।।७।।

हम शुद्धबुद्धि सम्पन्ना इन तथा अन्य देवभाषा संस्कृत में निपुणा विदुषी देवियों को प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ।।

— o —

Funding by IKS-MoE

हिन्दी कवयित्री [1]श्रीमती सुभद्रा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(जन्म प्रयागे १९६९ वै. निधनम – २००४ वै.)

आसीत् कवयित्री हि सुभद्रा,
हिन्दीभाषायामतिदक्षा ।
मनोऽमोहयद् यस्याः कविता,
राष्ट्रियभावानभरत्सततम् ॥१॥

ठाकुर रामनाथसिंह की पुत्री और श्री लक्ष्मणसिंह जी चौहान की धर्मपत्नी सुभद्रा जी हिन्दी भाषा में अत्यन्त निपुण कवयित्री थी जिन की कविता मन को मोहित कर देती और राष्ट्रीय भावनाओं को निरन्तर अन्दर भर देती थी ।

शब्दजालरहिता तत्कविता,
हृदयस्यान्तस्तलविनिर्गता,
अविशद् हृदये गहनगभीरा,
जागरयन्ती दिव्यभावनाम् ॥२॥

उन की कविता शब्दजाल से रहित, हृदय के अन्तस्तल से निकली होने के कारण गहन गम्भीर हो कर दिव्यभावना को जागृत करती हुई हृदय में प्रवेश करती थी ।

[2]झांसीराज्ञीविषये तस्याः
कविता सकले देशे ख्याता ।

---

१ ठाकुर रामनाथसिंहपुत्री श्रीलक्ष्मणसिंह चौहानपत्नी ।

२ 'झांसी की रानी' कविता का कुछ नमूना—

सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी
बूढ़े भारत में भी आई, फिर से नई जवानी थी ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्फूर्ति धत्तेऽद्यापि नवीनां
यदि सुगायकैः सम्यग् गीता ॥३॥

उन की 'झांसी की रानी' विषयक कविता सारे देश में प्रसिद्ध हो गई। वह अच्छी गायकों से गाई जा कर आज भी नवीन स्फूर्ति को धारण करती है।

न केवलं सा चक्रे कवितां,
सत्याग्रहदीक्षां जग्राह।
कारावासयातनाः सेहे
देशभक्तिशुभभावपूरिता ॥४॥

श्रीमती सुभद्रा देवी ने केवल कविता ही नहीं की बल्कि सत्याग्रह की दीक्षा ली और देशभक्ति की भावनाओं से परिपूर्ण हो कर जेल के कष्टों को भी सहन किया।

लुटी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी
दूर फिरंगी को करने की, सब ने मन में ठानी थी।
बुन्देले हर बोलों के मुख, हमने सुनी कहानी थी
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झांसी वाली रानी थी।।
रानी गई सिधार, चिता अब उसकी दिव्य सवारी थी
मिला तेज से तेज-तेज की वह सच्ची अधिकारी थी।
अभी उम्र कुल तेइस की थी, मनुज नहीं अवतारी थी
हम को जीवित करने आई, बन स्वतन्त्रता नारी थी।
दिखागई पथ, सिखागई हम को जो सीख सिखानी थी
बुन्देले हरबोलों के मुख, हमने सुनी कहानी थी
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झांसी वाली रानी थी।।

Funding by IKS-MoE

हृदयवादकवितानिपुणां
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
स्वाभाविकच्चित्रणविख्याताम् ।
देशसेवने दत्तसुचित्तां
प्रणमामो भक्त्याति सुभद्राम् ॥५॥

हृदयवाद की कविता में निपुणा, स्वाभाविक चित्रण के कारण प्रसिद्धा, देश सेवा में जीवन भर दत्त चित्ता दिवंगता सुभद्रादेवी को हम अत्यन्त भक्ति से प्रणाम करते हैं ॥

—०—

आर्यधर्मप्रचारिका सङ्घमित्रा

सम्राडशोकेन यदा तु बौद्ध-
धर्मस्य दीक्षा विधिवद् गृहीता ।
देशे विदेशेषु च तत्प्रचारं
कर्तुं सदैवानलसः स येते । १ ।

जब सम्राट् अशोक ने बौद्ध धर्म की दीक्षा विधिपूर्वक ले ली तो वह आलस्य रहित हो कर उस के प्रचार में दिन-रात प्रयत्नशील हो गया ।

लङ्कापतिस्तिष्यनृपोऽपि बौद्ध-
मतस्य दीक्षामुररोचकार ।
सम्राट् तदा विंशति वर्षदेश्यं
सुतं महेन्द्रं समदेशयद् यत् ॥२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
लंका के राजा तिष्य ने भी बौद्ध धर्म की दीक्षा को जब स्वी-कार कर लिया तब सम्राट् ने अपने लगभग २० वर्ष वाले पुत्र महेन्द्र को बुला कर कहा ।

भोः पुत्र देशे तु भृशं प्रचारो
धर्मस्य जातो नहि तत्र चिन्ता ।
तत् तात लङ्कां प्रति याहि तूर्णं
धर्मप्रचारं च कुरुष्व तत्र ॥३॥

हे पुत्र ! अपने देश भारत में तो धर्म का प्रचार बहुत हो गया, अतः उस की कोई चिन्ता नहीं । इस लिए हे प्रिय ! शीघ्र लका में जाओ और वहां जा कर धर्म का प्रचार करो ।

गतो महेन्द्रस्त्वरया स लङ्कां
सच्छीलवान् सद्विनयान्वितश्च ।
साफल्यमापाद्भुतमेव तत्र
जनैश्च सर्वैरभिनन्द्य आसीत् ॥४॥

उत्तम शील और विनययुक्त महेन्द्र तब शीघ्र लंका गया । वहां उस ने धर्मप्रचार में अद्भुत सफलता प्राप्त की और वह सब मनुष्यों द्वारा अभिनन्दनीय बना ।

तिष्यस्यपत्नी गुणवत्यनूला
दीक्षां ग्रहीतुं प्रमुदोद्यतासीत् ।
कर्तुं महेन्द्रं स्वगुरुं हि तस्य
सुशीलयूनोऽनुमतिं ययाचे ॥५॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

राजा तिष्य की पत्नी गुणवती अनुला भी बौद्धमत दीक्षा लेने के लिए प्रसन्नतापूर्वक तैयार थी। महेन्द्र को अपना गुरु बनाने के लिए उस ने उस युवक की अनुमति मांगी।

आर्यो युवा प्रावतनधर्मरीतिं
स्मरन्नहि स्वानुमतिं ददौ सः।
'स्वसा मदीयास्ति हि सङ्घमित्रा,
दीक्षां ततोऽङ्गीकुरु' इत्युवाच ॥६॥

उस युवक आर्य ने प्राचीन धर्म की रीति का स्मरण करते हुए अपनी अनुमति नहीं दी और कहा कि मेरी बहिन सङ्घमित्रा है। आप उस से दीक्षा प्राप्त करें।

राज्ञी प्रहृष्टाप्तजनांस्तदानीं,
संप्रेषयामास नृपस्य पार्श्वे।
तं प्रार्थयामास च सङ्घमित्रां
तूर्णं मुदा प्रेषयितुं हि लङ्काम् ।७॥

तब रानी ने प्रसन्न हो कर कुछ आप्त लोगों को राजा के पास भेजा और सङ्घ मित्र को प्रसन्नता पूर्वक शीघ्र लंका भेजने की प्रार्थना की।

दीक्षां गृहीत्वा त्वहमन्यनारीः
सं प्रेरयेयं शुभधर्ममार्गे।
सम्राट् तदा मोहवशात् तदीये
निवेदने नो व्यदधात् स्वचित्तम् ।।८॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उस रानी ने यह भी कहा कि मैं स्वयं धर्मदीक्षा ले कर अन्य स्त्रियों को भी उत्तम धर्म के मार्ग में प्रेरित कर सकूं। किन्तु सम्राट् ने मोह वश उस के निवेदन की ओर ध्यान नहीं दिया।

गतो महेन्द्रो यदि यास्यसि त्वं,
को मेऽवलम्बो भविता जरायाम्।
इत्येवमुक्ता स तु सङ्घमित्रां
न गच्छ लङ्कामिति संबभाषे ॥६॥

उस ने कहा कि महेन्द्र यहां से चला गया है। यदि तू भी चली जाएगी तो वृद्धावस्था में मेरा कौन सहारा रहेगा ? यह कह कर उस ने सङ्घ मित्रा को कहा कि तू लंका मत जा।

परं विनीता मनसः सुभावं,
न्यवेदयत् सा शुभधर्मशीला।
नाहं व्रजेयं यदि तात राज्ञी
न दीक्षिता धर्मपथे भवित्री।
अन्याश्च नार्यः खलु या सहस्रं
ता धर्मलाभान्ननु वञ्चिताः स्युः। १०॥

किन्तु उस विनीता, उत्तम धर्मयुक्त स्वभाव वाली सङ्घमित्रा ने अपने मन के उत्तम भाव को इस प्रकार प्रकट किया। हे पिता जी ! यदि मैं लंका न जाऊं तो रानी धर्म मार्ग में दीक्षिता न होगी। अन्य भी हज़ारों स्त्रियां धर्म के लाभ से वञ्चिता हो जाएंगी।

ततस्तु हे तात जहि स्वमोहं,
धर्मप्रचारं भुवि कारयेस्त्वम्।

Funding by IKS-MoE

कीर्तिस्त्वदीया प्रसृता मिता स्याद्
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
धर्मप्रचारेण च शान्तिलाभः ॥११॥

इसीलिये हे पिता जी ! आप अपने मोह का परित्याग कर दें और संसार में धर्म का प्रचार करायें। आप की विमल कीर्ति का सब जगह प्रसार हो और धर्म के प्रचार से शान्ति का लाभ हो।

निशम्य पुत्र्या वचनं यथार्थम्,
अन्वर्थनाम्न्याः सुगुणान्वितायाः।
सम्राडनुज्ञां प्रददौ समोदं,
लङ्कां प्रतस्थे शुभसङ्घमित्रा ॥१२॥

अपनी पुत्री के यथार्थ (सत्य) वचन को सुन कर जो सचमुच सङ्घ मित्रा अर्थात् मनुष्य समूह की मित्र और उत्तम गुणों से युक्ता थी, सम्राट् ने प्रसन्नतापूर्वक अनुमति दे दी और सङ्घ मित्रा ने लंका के लिए प्रस्थान किया।

विहाय सर्वाः सुविधाः स्वकीयाः
सुदूरदेशस्थितनव्यदेशे।
धर्मप्रचारार्थमिह व्रजन्ती
कन्या न केनास्त्यभिनन्दनीया !॥१३॥

अपनी सारी सुविधाओं को छोड़ कर सुदूर स्थित नवीन देश में धर्मप्रचार के लिए जाती हुई कन्या किस के लिए प्रशंसनीय नहीं है ?

सा तत्र गत्वाद्भुतकार्यजातं,
कृत्वा स्वदेशस्य सुगौरवं तत्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
संवर्धयामास सुकार्यदक्षा
तदर्थमेनामभिनन्दयामः ॥१४॥

उस उत्तम कार्य करने में निपुणा (सङ्घ मित्रा) ने वहां जा कर अनेक अद्भुत कार्य कर के अपने देश के गौरव को बढ़ाया। इस के लिए हम उस का अभिनन्दन करते हैं।

धर्मस्त्वहिंसापरमः स आर्यः
श्रेष्ठानि कर्माणि सदा करोति।
इत्यादि तत्त्वानि मुदादिशन्तीं
तां सङ्घमित्रां विनता नमामः ॥१५॥

अहिंसा परम धर्म है। जो सदा श्रेष्ठ कर्म करता है वही आर्य है इत्यादि उत्तम तत्वों का प्रचार करती हुई उस सङ्घ मित्रा को हम विनय पूर्वक नमस्कार करते हैं।

अद्यापि तस्याः सितकीर्तिमेव
गायन्ति लङ्कास्थजनाः सहर्षम्।
कृतज्ञतां चापि हि भारतस्य
प्रदर्शयन्त्युत्तमभावपूर्त्यै ॥१६॥

आज भी लंका के लोग उस (संघ मित्रा) की विमल कीर्ति का प्रसन्नता से गान करते हैं और उत्तम भाव भरने के लिए भारत के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं॥

—०—

Funding by IKS-MoE

मोहनभक्ता मीरा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(१५०० - १५४६ ई०)

या राजपत्नी[1] परमेशभक्ता,
विहाय भोगान् भवजान् समस्तान् ।
गोविन्दगीते भजनेऽथ कीर्तने
दिवानिशं संसदि तत्पराऽभूत् ॥१॥

जो राज पत्नी (मेवाड़ के राज राजा भोज की धर्म पत्नी) होते हुई भी सांसारिक समस्त भोगों का परित्याग कर के परमेश्वर गान में मस्त, गोविन्द के गीत, भजन और कीर्तन में दिन-रात सभाओं में तत्पर थी ।

यस्यास्तु गीतानि मनोहराणि,
हरन्ति चेतांसि सदा जनानाम् ।
येष्वस्ति शक्तिर्निहितातिदिव्या
मीरा सुधीरा शुभभक्तिहोरा ॥२॥

जिस के मनोहर गीत सदा लोगों के चित्तों का हर लेते हैं, जिन के अन्दर अत्यन्त दिव्य शक्ति विद्यमान है ऐसी मीरा अत्यन्त धीरा और शुभ भक्ति के हीरे वाली थी ।

श्री कृष्णवंशीस्वरमोहिता या,
वंशीं स्वकीयां मधुरामनादयत् ।

१ मीरा मेवाड़ाधिपति राणासांगेति सुप्रख्यातवीरस्य पुत्रस्य भोजराजस्य पत्नी आसीत् ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
या मोहमायासि जनान् समस्तान्,
कलेन नादेन सदा नवेन ॥३॥

श्री कृष्ण की वंशी के स्वर में मोहित हो कर जिस ने अपनी मधुर बांसरी को बजाया। जिस ने अपने सदा नवीन मधुर शब्दों से सब लोगों को मोहित कर दिया।

गोविन्द मां त्वं कुरु देव दासीं,
त्वया विना जीवितुमस्म्यशक्ता।
रात्रौ न शान्तिर्न दिवास्ति शान्तिः,
शान्तिप्रदः केवलमेक एव ॥४॥

हे गोविन्द (श्री कृष्ण) तुम मुझे अपनी दासी बना दो। तुम्हारे विना मैं जी भी नहीं सकती। न दिन में मुझे कल है न रात में, शान्ति देने वाला केवल एक परमेश्वर है।

इत्थं प्रमत्ता विषयेषु, मत्ता
देवेशभक्तौ सततानुरक्ता।
मीरा न निन्दां न तथापवादं,
कदापि पूताऽगणयन्नराणाम् ॥५॥

इस प्रकार विषयों में प्रमत्त रह कर देवेश परमात्मा की भक्ति में ही मस्त और लगातार प्रेम रखने वाली थी। पवित्रा मीरा ने न लोगों की निन्दा की पर्वाह की और न अपवाद व बुराई की।

कष्टान्यनेकानि हि सा प्रसेहे
दत्तानि या स्वीयजनैर्विरोधिभिः।

Funding by IKS-MoE

न भक्तिमार्गं तु जहौ कदाचित्

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मीरा मता तेन सुभक्तिधीरा ॥६॥

अपने सम्बन्धियों ने भी विरोधी हो कर जो अनेक कष्ट दिये उनको जिसने सहन किया किन्तु कभी भक्ति मार्ग को नहीं छोड़ा इसलिये मीराबाई को उत्तम भक्ति की धीरा माना गया है ।

विचारभेदेऽपि हि देवरूपे,
नमामि मीरां सरलस्वभावाम् ।
रात्रिन्दिवं देवमिहार्चयन्तीं,
सद्भक्तिगङ्गापरिपूतचित्ताम् ॥७॥

इसलिये देव परमेश्वर के विषय में निराकार वादी होने के कारण विचार भेद होने पर भी मैं सरलस्वभाव वाली, दिन-रात अपने विचारानुसार देव की पूजा करने वाली उत्तम भक्ति की गङ्गा से पवित्र चित्त वाली भक्ता मीरा बाई को नमस्कार करता हूं ॥

—o—

श्री कृष्णभक्ता यवनकन्या ताजदेवी

(पञ्चाम्बुप्रदेशीया सप्तदशशतकीया)

यवनतनया ताजनाम्नी, कृष्णभक्तासीच्छुभा,
या स्वभावान्-काव्यरूपे, सुन्दरे प्राकाशयत् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चित्रमेतद् यवनदुहिता, कथमभूदेतादृशी,
¹कृष्णमेवाराधयन्ती, तन्मना विमलाशया ॥१॥

एक मुसलमान की पुत्री ताज श्री कृष्ण की अच्छी भक्ता थी जिसने अपने भावों को सुन्दर कविता के रूप में प्रकट किया। यह आश्चर्य की बात है कि एक यवन की पुत्री कैसे श्री कृष्ण की पूजा करने वाली, उसी में मन लगाने वाली, पवित्र भावों वाली हो गई।

तत्कृताः कविताः समस्ताः भक्तिपूराप्लाविताः,
अद्ययावत्कविजनैर्गीयन्त एवानन्ददाः।
सा स्वकीयाङ्गीकृता पौराणिकैर्नो बान्धवैः,
मुस्लिमैर्द्विष्टा स्वकीयैर्बन्धुभिश्च तिरस्कृता ॥२॥

उस की बनाई हुई सारी कविताएं भक्ति के भाव से भरी हुई और आनन्द देने वाली है जिन को आजतक कवि लोग प्रेम से गाते हैं। उस को पौराणिक बन्धुओं ने अपनाया नहीं और मुसलमानों और उस के अपने भाई बन्दों ने भी उस से द्वेष किया तथा उसका तिरस्कार किया।

---

१ ताजस्य कवितायाः एकं निदर्शनम्—
सुनो दिलजानी मेरे दिल की कहानी तुम,
दस्त ही बिकानी, बदनामी भी सहूंगी मैं ;
देवपूजा ठानी हौं निवाजहूँ भुलानी तजे
कलमा कुरान सारे गुन न गहूंगी मैं।
श्यामला सलोना सिरताज सिर कुल्ले दिये
तेरे नेह दाग में निदाग ह्वै रहूंगी मैं।
नन्द के कुमार, कुरबान ताणी सूरत पर
हौं तो तुरकानी हिन्दुआनी ह्वै रहूंगी मैं ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किन्तु यत्सत्यं तया ज्ञातं न तज्जात्वत्यजत्,
काव्यरूपे चातिहृद्ये, स्वाशयं प्राकाशयत् ।
तां तथा कवयित्रिवर्यां, सच्चरित्रधनान्वितां
ताजबेगमनामिकामार्यां नमामः सम्मुदा ॥३॥

किन्तु उस ने जो कुछ सत्य समझा, उसका कभी परित्याग नहीं किया और सुन्दर कविता के रूप में अपने भाव को प्रकाशित किया। ऐसी उस कवयित्रियों में श्रेष्ठा, सच्चरित्र रूप धन से सम्पन्न ताज बेगम नामवाली आर्या को हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ॥

—•—

त्यागमूर्तिः शारदामणिः

(२२ दिस. १८५३ - २० जु. १९२०)

श्री रामकृष्णतपस्विनः,
पत्नी सुशीला धार्मिकी ।
यासीत् स्वपत्युरनुव्रता,
सन्त्यज्य कामान् लौकिकान् ॥१॥

श्री शारदामणि तपस्वी श्री रामकृष्ण परमहंस की सुशीला, धार्मिक पत्नी थी जो लौकिक कामनाओं का परित्याग कर अपने पति अनुव्रता बन के रही ।

तुष्टा स्वपतिशुश्रूषणे,
ज्ञानार्जने या तापसी ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

माता मता सर्वजनैः,
नहि कस्य वन्द्या शारदा? ॥२॥

जो अपने पतिदेव की सेवा में और ज्ञानार्जन में लगी रही और जिस को सब श्री रामकृष्ण परमहंस के शिष्य और अनुयायी माता मानते रहे वे शारदामणि जी किस के लिये वन्दनीया नहीं।

भर्ता तवोन्मत्तो भृशं,
नहि बुद्धिरस्य गरीयसी।
रात्रिन्दिवं देव्यः उपास्तौ,
तत्परो मतिहीनवत् ॥३॥

व्यर्थं त्वदीयं जीवितं,
न सुखस्य काप्याशास्ति ते।
इत्थं जनैरतिभीषिताऽपि
बिभाय या न विवेकिनी ॥४॥

तेरा पति बिल्कुल पागल है, उस की बुद्धि ठीक नहीं, वह पागलों की तरह दिन-रात देवी की उपासना में लगा रहता है, तेरा जीवन व्यर्थ है, तुझे सुख मिलने की कोई आशा नहीं, इस प्रकार लोगों से डराये जाने पर भी जो विवेक सम्पन्ना देवी भयभीत नहीं हुई।

देवोऽस्ति मे स्वपति-
स्तमेवाहं सदैवानुव्रता।
दुःखं सुखं यदिहास्तु
तच्चिन्तान मेऽस्ति मनागपि ॥५॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ऐसे पति जो देव हैं, मैं तो उन के अनुकूल व्रत को ही ग्रहण करूंगी, दुःख हो सुख हो इस की मुझे कुछ भी पर्वाह नहीं है।

एवं सुधीराऽशिक्षितापि
चचाल धर्मपथान्न या।
सत्त्यागमूर्तिरसौ सुवीरा,
विश्ववन्द्या शारदा ॥६॥

इस प्रकार उत्तम धैर्य सम्पन्ना जो देवी अशिक्षिता सी होती हुई, भी धर्म मार्ग से कभी विचलित नहीं हुई वह उत्तम त्याग की मूर्ति, आध्यात्मिक दृष्टि से उत्ताम वीरा शारदामणि सब के लिये वन्दनीया है।

देवि ! त्वया सह मे विवाहो,
जात एव न संशयः।
यदि लौकिकं सम्बन्धमेवे-
च्छस्यहं तु समुद्यतः ॥७॥

पत्या स्वयं प्रोक्तापि तं,
नहि या बुधाधोऽपातयत्।
किन्तु तस्यालौकिकाध्वनि,
या चचाल सदा मुदा ॥८॥

हे देवि ! तेरे साथ मेरा विवाह हो चुका है। इस में कोई सन्देह नहीं, यदि तू मेरे साथ लौकिक सम्बन्ध ही रखना चाहती है तो मैं उस के लिए भी तय्यार हूं, इस प्रकार अपने पति श्री रामकृष्ण परमहंस द्वारा कहे जाने पर भी जिस बुद्धिमती ने उन्हें नीचे नहीं गिराया किन्तु जो उनके ही अलौकिक आध्यात्मिक मार्ग में सदा प्रसन्नता से चलती रही।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शारदामणिमीदृशीं,
महिलामणिं प्रणतोऽस्म्यहम् ।
सा कस्य नो वन्द्या भवेद् भुवि,
यौवनेऽपि तपस्विनी ॥९।

ऐसी महिलाओं में मणि के समान माता शारदामणि को मैं प्रणाम करता हूं। वह युवावस्था में भी तापस्विनी देवी पृथिवी में किस के लिए वन्दनीया नहीं ?

कृत्वा तपस्यां साधनां,
याध्यात्ममार्गविशारदा ।
चक्रे सुमार्गनिदर्शनं,
सा मातृवद् वन्द्या समैः । १०॥

तपस्या और साधना कर के जो अध्यात्म मार्ग में निपुणा बन गई और फिर जिस ने शिष्य वर्ग को मार्ग प्रदर्शन किया वह तपस्विनी देवी सब के लिये माता के समान वन्दनीया है ॥

— ० —

आनन्दमयी माता

ध्यात्वा सदानन्दमयीं दयालुं,
या मातरं भक्तियुतार्द्रचित्ता ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सदा रसाप्लावितमानसास्ते
वन्द्यास्ति सानन्दमयीह माता ॥१॥

जो आनन्दमयी दयालु जगन्माता का ध्यान कर के उस के रस से आप्लावित मन वाली रहती है वह आनन्दमयी माता यहां वन्दनीया है।

शिक्षाप्रसारे सततं रता या,
आर्तोपकारेऽर्पितचित्त वित्ता ।
प्रसुप्तलोकानपि बोधयन्ती
वन्द्यास्ति सानन्दमयीह माता ॥२॥

जो शिक्षा के प्रचार में सदा तत्परा है और दुःखित रोग पीडित लोगों के उपकार में जिस ने चित्त और वित्त(धन)को लगाया हुआ है, सोते हुए लोंगों को भी जगाने वाली वह आनन्दमयी माता वन्दनीया है।

स्रोतोऽस्ति शान्तेर्भगवानिहैक-
स्तस्यास्त्युपासाघविनाशयित्री ।
सेवा परो धर्म इतीरयन्ती
वन्द्यास्ति सानन्दमयी हि माता ॥३॥

एक मात्र भगवान् ही आनन्द का स्रोत है और उस की उपासना ही पाप समूह का नाश करने वाली है, सेवा परम धर्म है इस प्रकार उपदेश देती हुई माता आनन्दमयी वन्दनीया है।

परोपकारेण हि देवसेवा,
विद्याप्रसारः सततं विधेयः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सद्बोधदानेन सुतर्पयन्ती

वन्द्यास्ति साऽऽनन्दमयी हि माता ॥४॥

परोपकार के द्वारा परमेश्वर की सेवा होती है, विद्या का प्रसार निरन्तर करना चाहिये, इस प्रकार के उत्तम ज्ञान से लोगों को अच्छी तरह तृप्त करने वाली माता आनन्दमयी वन्दनीया है ॥

इति महिलामणिकीर्तने उत्तमकवयित्रिभक्तावर्गनिरूपणं नाम षष्ठं काण्डम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सप्तमं काण्डम्

(विख्यातविदेशीयमहिलावर्गः)

जॉन दी आर्क
(१४१२ – १४३१ ई०)

ग्राम्यबाला या ह्यबोधा, किन्तु दिव्यां प्रेरणां,
प्राप्य देशं फ्रांससंज्ञं, कर्तुमायेतेऽनिशम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुस्वतन्त्रं शक्तियुक्तं, दासत्वपाशान्मोचितम्,
एतदुद्दिश्यैव सर्वान्, बोधयन्ती याभवत् ॥१॥

जॉन दी आर्क एक ग्रामवासिनी अशिक्षिता सी बालिका थी किन्तु दिव्य प्रेरणा को प्राप्त कर के उस ने फ्रांस देश को अच्छी तरह स्वतन्त्र, शक्तियुक्त और दासता के पाश से मुक्त करने का प्रयत्न किया और इसी उद्देश्य को ले कर वह सब को बोध देती रही ।

अद्भुतासीद् भावना सद्देशभक्तिश्चातुला,
येन देवानुग्रहं लब्ध्वागमत्कृतकृत्यताम् ।
किन्तु दुर्भाग्यान्नराः केचिद् विरोधं चक्रिरे,
अन्धविश्वासे निमग्ना दुर्जना ईर्ष्यालवः ॥२॥

उस की अद्भुत भावना थी और उस की देशभक्ति (अपने समय में) अनुपम है, जिस में ईश्वर की कृपा को प्राप्त कर उस ने सफलता प्राप्त की । किन्तु दुर्भाग्य से अन्धविश्वास में फसे हुए कुछ ईर्ष्यालु दुर्जनों ने उस का विरोध किया ।

तेऽभियोगं चालयित्वा त्वनृतं न्यायालये
मृत्युदण्डेनैव देवीं तां शुभामायोजयन् ।
भो दुरात्मानः कथं, यूयं विलज्जास्तादृशा
मानयोग्यां तां सुवीरां, हत्यया समयोजयत ।
नापतत्सा मानयोग्या किन्तु यूयं निन्द्यतां,
संप्रयाताः सज्जनानां शुद्धदृष्टौ सन्ततम् ॥३॥

उन्होंने उस देवी पर न्यायालय में झूठा मुकद्दमा चला कर उसे मृत्युदण्ड दिला दिया । हे दुर्जनों ! तुम क्यों इतने निर्लज्ज बन गये कि

Funding by IKS-MoE

एक मान इसके योग्य नहीं वीरा देवी को तुमने मरवा डाला। वह CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh. माननीया देवी तो सज्जनों की दृष्टि में नहीं गिरी, किन्तु तुम ही सज्जनों की शुद्ध दृष्टि में निरन्तर निन्दनीय बन गये ।

न गौरवं हीनमभूत् तदीयं,
कालेन तत् किन्तु गतं प्रवृद्धिम् ।
बर्नार्डशाहादि सुलेखकैस्तु,
तस्याः सुकीर्तिः स्वयमेव गीता ।४।।

उस का गौरव तो कम नहीं हुआ बल्कि समय के गुजरने के साथ साथ वह बढ़ता ही गया और बर्नार्ड शा आदि उत्तम लेखकों ने स्वयम् उस की उत्तम कीर्ति का गान किया ।

सा वीरबाला न मनागपीह
दोषैर्युता किन्त्वनघैव सासीत् ।
देवीति सा पूज्यत एव लोके
यद्यप्यनर्थो विहितोऽतिदुष्टैः ॥५॥

वह वीर बाला कुछ भी दोषयुक्ता वा अपराधिनी नहीं, किन्तु निष्पापा थी । यद्यपि उस समय, अति दुष्टों ने बड़ा अनर्थ किया तथापि उस की देवी के रूप में अब भी पूजा होती है ।

तां धर्मशीलां परमेशभक्तां,
स्वातन्त्र्यकार्ये प्रमुखां सुवीराम् ।
तिरस्कृतां किन्तु विशुद्धचित्तां,
ज्ञानार्कदेवीं विनतो नमामि ॥६॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उस धर्मशीला परमेश्वर की भक्ता स्वतन्त्रता के कार्यों में प्रमुख भाग लेने वाली और उत्तम वीरा, उस समय के दुष्ट लोगों द्वारा तिरस्कृता किन्तु वस्तुतः विशुद्धचित्ता ज्ञानार्क देवी (जानार्क देवी, जान दी आर्क) को मैं विनीतभाव से नमस्कार करता हूं ।।

—०—

फ्लौरेन्स नाइटिंगेल्

(१२ मई १८२० – १३ अग. १९१० ई०)

फ्लौरेन्स नाइटिंगेल नाम्नी,
विश्रुता महिलाभवत् ।
या रोगपीडितलोकसेवा,
कार्यनिरताहर्निशम् ॥१॥

फ्लौरेन्स नाइटिंगेल् नाम की एक प्रसिद्ध महिला हुई है जो रोग पीड़ित लोगों की सेवा में दिनरात तत्पर थी ।

नवनीतवद्धि सुकोमलं, हृदयं तदीयं निर्मलम् ।
तस्मात्सदार्तानां जनानां, दुःखविद्रावणपरम् ।२।

उस का हृदय मक्खन के समान कोमल और निर्मल था । इस लिए वह सदा दुःखित जनों के दुःखों को दूर करने का ही चिन्तन करता था ।

सा क्रीमियायुद्धस्य काले,
मण्डलीं समयोजयत् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
समरे क्षतानां या जनानां,
सुष्ठु शुश्रूषणरता ॥३॥

उस ने क्रीमिया युद्ध के समय एक मण्डली का संगठन किया जो युद्ध में घायल हुए लोगों की सेवा शुश्रूषा किया करती थी।

या कर्म चक्रेऽत्यद्भुतं,
सर्वैः प्रशस्यं मानवैः ।
यत्कारणात् फ़्लौरेन्सदेवी,
जगति संपूज्याभवत् ॥४॥

उस ने सब मनुष्यों द्वारा प्रशंसनीय एक अत्यन्त अद्भुत कर्म किया जिस के कारण फ्लौरेन्स देवी जगत् में पूजनीया बन गई।

यासौ चिकित्सालयगणे,
परिचारिकाणां शिक्षणम् ।
संस्थाप्य संस्थाः शोभनाः,
कर्तुं दयालुमनाः सदा ॥५॥
लोकोपकारं पुण्यदं, चक्रे सुकीर्तिकरं तथा ।
देशे विदेशे येन लाभो दृश्यते सकलैर्जनैः ॥६॥

जिस ने चिकित्सालयों में परिचारिकाओं (Nurses) की शिक्षा का प्रबन्ध करने वाली संस्थाओं की अत्यन्त दयालु मन हो कर स्थापना की। इस प्रकार जिस ने पुण्यदायक, उत्तम कीर्तिकारक लोकोपकार कार्य किया जिस के कारण देश-विदेश में सब मनुष्यों को लाभ दिखाई देता है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
एतादृशी देवी न वन्द्या.
कस्य वै भुवने भवेत् !
यस्याः समस्तं जीवितं,
पीडितविशां सेवारतम् ।।७।।

ऐसी देवी संसार में किस के लिए वन्दनीया नहीं, जिस का सारा जीवन पीड़ित प्रजाओं की सेवा में तत्पर था।

कीर्तिः सिता तस्याः समस्ते,
जगति वै प्रसृता स्वयम् ।
विनता नमामस्तां वयं,
फ़्लौरेन्स देवीं सुव्रताम् ।।८।।

उस की शुद्ध कीर्ति सारे जगत् में स्वयं फैल गई। ऐसी उत्तम व्रत वाली फ्लौरेन्स देवी को विनीत हो कर हम नमस्कार करते हैं।

—०—

दयादेवी ऐलिज़बेथ फ़्राई

ऐलिजेबेथ फ़्राईति नाम्नी, विश्रुता महिलाभवत्,
या समुत्पन्नाङ्लदेशेऽतीव करुणाप्लाविता ।
बन्दिनामतिशोचनीयां वीक्ष्य विधवानां दशां,
तत्सुधारेऽहर्निशं, सा दत्तचित्तैवाभवत् । १।।

एलिज़बेथ फ़्राई नामक दयालु प्रसिद्ध महिला थी जो इङ्गलैंड

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में उत्पन्न हुई। कैदियों और विधवाओं की अत्यन्त शोचनीय दशा को देख कर उन के सुधार में जिस का दिन रात चित्त लगा हुआ था।

कोमलं तस्यास्तु चित्तं, चारु करुणार्द्रं सदा–
बन्दिनो विधवास्तथान्ये ये भृशं पतिता जनाः।
स्यात् समेषामुद्धृतिः, सर्वं जगल्लभतां सुखम्
एतदुद्देश्यं दधाना, सा प्रयेतेऽनारतम् ॥२॥

उस का चित्त अत्यन्त कोमल पवित्र और दयायुक्त था, कैदी, विधवाएं तथा जो अन्य अत्यन्त पतित जन हैं उन सब का उद्धार हो, सारा जगत् सुख को प्राप्त करे। इस उद्देश्य को मन में रख कर जिस ने दिन-रात प्रयत्न किया।

जीवनं सङ्कटमयं कृत्वापि या कार्यं दधे
स्तेयहत्याकारिणस्तेषां समुद्धारे रता।
कारागृहे गत्वा सदा तत्पुत्रशिक्षणतत्परा
ऐल्जेबेथ फ़्राईति देवी,कस्य नो वन्द्याभवत्?॥३॥

अपने जीवन को संकट में डाल कर भी जो कार्य करती रही, जो चोर तथा हत्यारे थे उन के भी उद्धार में जो तत्पर रही। जेलों में जा कर उन चोर आदि अपराधियों के पुत्रों को शिक्षा देने में लगी रही ऐसी ऐलिज़ेबेथ फ्राई नामक देवी किस के लिए वन्दनीया नहीं?

यत्प्रभावाल्लोकसंसन्निर्ममे नियमांस्तथा
यैः सुधारः स्यात्समासां बन्दिनीनां सर्वशः।
या दयादेवीति नाम्ना, विश्रुता जगतीतले
ऐल्ज़ेबेथ फ़्राईति नाम्नीं, तां महाभागां नुमः॥४॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
इन के प्रभाव से इङ्गलैंड की पार्लियामेंट ने इस प्रकार के कानून बनाये जिन से सब कैद वाली स्त्रियों का सब प्रकार से सुधार हो। जो संसार में दया देवी के नाम से प्रसिद्ध है उस ऐलिज़बेथ फ्राई नाम वाली महाभागा को हम नमस्कार करते हैं।

— ० —

सुवाग्मिनी वसन्ती देवी (डा. ऐनी बीसेन्ट)

(१ अक्तू. १८४७–३० सित. १९३३ ई०)

आयर्देशोद्भवा या,
शुभगुणसहितौजस्विनी वाग्मिनी च,
आर्याणां संस्कृतौ या,
सुरगिरि च तथा, या समाधत्त निष्ठाम्।
आसीद् यत्कार्यशक्तिः,
सकलजननुताऽत्यद्भुता वाञ्छनीया,
ऐनी बीसेन्टनाम्नीं, गुणगणमहितां,
साधु देवीं नमामः ।।१।।

जो आयर् देश में उत्पन्ना, उत्तम गुण सम्पन्ना, ओजस्विनी बहुत अच्छी वक्त्री, आर्यों की संस्कृति और संस्कृत में जिस की बड़ी निष्ठा थी, जिस की कार्य करने की शक्ति सब लोगों द्वारा प्रशसित, अत्यन्त अद्भुत तथा चाहने योग्य थी, ऐसी ऐनीबीसेन्ट (बसन्ती देवी) नामक गुण समूह के कारण पूजित उत्तम देवा को हम नमस्कार करते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

न केवल या शुभवाग्मिवर्या,
किन्तूत्तमा यापि च लेखिकासीत् ।
आस्तिक्यमुद्बोधयितुं सयत्नां,
देवीं वसन्तीं मुदिता नमामः ॥२॥

जो न केवल उत्तम वक्त्री थी किन्तु बड़ी उत्तम लेखिका भी थी । आस्तिकता की भावना को जगाने के लिए सदा प्रयत्नशीला बसन्ती देवी का हम प्रसन्नता पूर्वक नमस्कार करते हैं ।

या भारतं पुण्यभुवं हि मेने,
तथार्यधर्मे धृतनिश्चयासीत् ।
गीतानुवादं च चकार चारुं,
देवीं वसन्तीं मुदिता नमामः ॥३॥

जो भारत को अपनी पुण्यभूमि मानती थी और जिस का आर्य धर्म में दृढ़ निश्चय था । जिस ने भगवद्गीता का उत्तम अनुवाद किया था, उस वसन्ती देवी को हम प्रसन्नतापूर्वक नमस्कार करते हैं ।

स्वातन्त्र्यमेतत्तु लभेत राष्ट्रं,
दास्यं विदेशीयनृणां विहाय ।
इत्येतदर्थं यतमानशीलां,
देवीं वसन्तीं मुदिता नमामः ॥४॥

यह भारत राष्ट्र, विदेशियों की दासता को छोड़ कर स्वतन्त्रता को प्राप्त करे, इस के लिए सदा प्रयत्नशीला बसन्ती देवी को हम प्रसन्नतापूर्वक नमस्कार करते हैं ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

निर्वाचिताध्यक्षपदे जनैर्या,
स्वातन्त्र्यहेतोरनिशं प्रयत्नम् ।
मुदाचरन्तीं स्वसुखं त्यजन्तीं,
देवीं वसन्तीं मुदिता नमामः ॥५॥ (१९१७ई.)

जो सन् १९१७ में राष्ट्रीय महासभा (कांग्रेस) की अध्यक्षा चुनी गई, भारत की स्वतन्त्रता के लिए दिन-रात प्रयत्न करने वाली ऐसी श्रीमती वसन्ती देवी को हम प्रसन्नतापूर्वक नमस्कार करते हैं।

हिन्दूमहाविद्यालयं, वाराणसी नगरे हि या
संस्थाप्य छात्रेष्वार्य-धर्म-प्रीतये येते सदा।
सद्धर्मशिक्षापुस्तकानि लिलेख छात्राणां कृते
कर्मदक्षां देवभक्तां, तां वसन्तीं संस्तुमः ॥६॥

जिस ने बनारस में हिन्दू महाविद्यालय (सेन्ट्रल हिन्दू कालेज) की स्थापना कर के विद्यार्थियों में आर्य धर्म के प्रति प्रेम उत्पन्न करने का यत्न किया था, जिस ने छात्रों के लिए अनेक धर्मशिक्षा की पुस्तकों को लिखा था, उस कार्य करने में निपुणा, ईश्वरभक्ता श्री वसन्ती देवी को हम प्रसन्नतापूर्वक नमस्कार करते हैं।।

—०—

विश्रुतवैज्ञानिकवरा मेरी क्यूरी
(७ नव. १८६७–४ जु. १९३४)

मेरीक्यूरी नाम्नी विदुषी, विज्ञाने ह्यतिदक्षा ।
निजभर्त्रा साकं सा चक्रे, रेडियमाविष्कारम् ॥१॥

Funding by IKS-MoE

मेरीक्यूरी नाम की विदुषी विज्ञान में अत्यन्त निपुणा थी, जिस
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
ने अपने पति डा० पीरेक्यूरी के साथ रेडियम का आविष्कार किया था ।

प्रियभर्त्रोक्तं प्रिये यदि स्या-
न्नावयत्तीकृतमेतत् ।
व्यापारिकलाभो भूयान् स्यात्,
स्यावावामतिधनिकौ ।।२।।

उस के प्रिय पति पीरेक्यूरी ने कहा कि प्रिये ! यदि इस आविष्कार पर हम अपना पूर्ण अधिकार कर लें तो हमें इस से बहुत व्यापारिक लाभ हो और हम बहुत धनी बन जाएं ।

मेरी विप्रोवाच सस्मितं,
भोः प्राणेश्वर! इत्थम् ।
करणं स्याद् विज्ञानभावना-
विपरीतं ननु निन्द्यम् ।।३।।

ब्राह्मणवृत्ति वाली मेरीक्यूरी ने मुस्करा कर उत्तर दिया कि हे प्राणनाथ ! ऐसा करना विज्ञान की भावना के विरुद्ध और वस्तुतः निन्दनीय होगा ।

येन स्यादुपकारोऽन्येषां,
बहुविधरोगनिवृत्तिः ।
तथा सदावाभ्यां करणीयं,
नार्थलब्धिरिह मुख्या ।।४।।

जिस से औरों का उपकार हो और अनेक प्रकार के रोगों की

Funding by IKS-MoE

निवृत्ति हो वैसा कार्य हमें करना चाहिए, धन की प्राप्ति ही मुख्य वस्तु नहीं है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्रुत्वेदं वचनं दयितायाः, गद्गदहृदयो भर्ता ।
स्वार्थभावनारहितं तस्याः भावं भृशं शशंस ।।५ ।

अपनी प्रिए पत्नी के इस वचन को सुन कर डा० क्यूरी का हृदय गद्गद हो गया और उन्होंने उस के स्वार्थभावना से रहित भाव की प्रशंसा की ।

वैज्ञानिकमूर्धन्या गणिता,
बभूव सातिप्रथिता ।
तथापि तस्या जीवितमभवद्,
बाह्याडम्बररहितम् ।।६।।

उस की(मैडम क्यूरी)की गणना वैज्ञानिक शिरोमणियों में की जाती थी और वह बहुत अधिक प्रसिद्धि को प्राप्त हुई, तो भी उस का जीवन बाह्य आडम्बर (टीप टाप और दिखावे) से सर्वथा शून्य था ।

तद् भर्तुर्निधनं संवृत्तं, फ्रेञ्चशासकैरुक्तम् ।
सेवोत्तारकालीनां वृत्तिं, दित्सामोऽत्रभवत्यै ।।७ ।

जब उन के पति डा. क्यूरी का एक आकस्मिक दुर्घटना में देहावसान हो गया, तो फ्रांस की सरकार ने कहा कि हम आप को सेवोत्तर कालीन वृत्ति वा पेन्शन देना चाहते हैं ।

किन्त्वात्माभिमानिनी महिला,
सा प्रतिषेधं चक्रे ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तरुणी नहि सेवात्तिरवृत्तिम्,
ईहे कर्म करिष्ये ॥८॥

किन्तु उस स्वाभिमानिनी महिला ने पेन्शन लेने से इन्कार कर दिया और कहा कि मैं अभी युवती हूं, मैं पेन्शन लेना नहीं चाहती, मैं काम करूंगी।

यदामरीकापतिर्हार्डिञ्जो,
रेडयोग्राम् उपहारम्।
ददौ न सा स्वीचक्रे स्वयमिह,
किन्तु सकललाभार्थम् ॥९॥

जब अमरीका के राष्ट्रपति हार्डिञ्ज ने उसे रेडियोग्राम का उपहार दिया तो भी उस ने केवल अपने लिए उसे लेना स्वीकार नहीं किया किन्तु सब के लाभ के लिए ही उसे लिया।

एवं विधां त्यागिनीं विप्रां,
विज्ञानाद्यतिदक्षाम्।
मेरीक्यूरीनाम्नीं देवीं,
सश्रद्धं प्रणमामः ॥१०॥

ऐसी त्यागिनी ब्राह्मणवृत्ति वाली विज्ञानादि में अति निपुणा मेरीक्यूरी देवी नामक देवी को हम श्रद्धा सहित प्रणाम करते हैं॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विदुषी मार्गरेट् कज़िन्स

(Mrs. Margaret Cousins) निधनं १९५३ ई०

जेम्सकज़िन्सायरदेशीयः, कलावित्सु विख्यातः ।
सद्विचारकस्तत्त्वज्ञानी, कविरुत्तमो मनस्वी ॥१॥

डा. जेम्स कज़िन्स आयर देशवासी एक प्रसिद्ध कलाकार, उत्तम विचारक, तत्त्वज्ञानी, उत्तम मनस्वी कवि हुए हैं ।

आर्याणां प्राचीनसंस्कृतौ, तस्यासीद् ध्रुवनिष्ठा ।
जयरामः कुलपतिरितिसंज्ञां, तत्प्रभावितो लेभे ॥२॥

उन की आर्यों की प्राचीन संस्कृति में बड़ी अचल श्रद्धा थी और उस से प्रभावित हो कर उन्होंने अपना नाम भी कुलपति जयराम रख लिया था ।

[1]शान्तिमार्गं इति नाम्नि पुस्तके,
वैदिकसंस्कृतिविषये ।
खल्वियमेवादर्शसंस्कृतिः,
यया हि जगदुद्धारः ॥३॥

Path to Peace (शन्तिमार्ग) नामक पुस्तक में उन्होंने वैदिक-संस्कृति के विषय में लिखा है कि यही आदर्श संस्कृति है जिस से जगत् का उद्धार हो सकता है ।

इत्थं जुघोष नूनं मतिमान्,
विबुधो लोकहितैषी ।

1 'Path to Peace' by Dr. James Cousins.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
तस्यैवासीत्पत्न्यनुव्रता,
मार्गिरथाख्या विदुषी ॥४॥

बुद्धिमान् लोकहितैषी डा॰ कज़िन्स ने इस प्रकार की घोषणा की थी। विदुषी मार्गरेट् उन्हीं की अनुव्रता विदुषी पत्नी थी।

स्त्रीणां स्वातन्त्र्यार्थं देशे, स्वीये यत्नमकार्षीत्।
तासामुद्धारार्थमहर्निशमासीद् यत्नवती सा ॥५॥

उस देवी ने अपने देश में स्त्रियों की स्वतन्त्रता के लिए यत्न किया और उनके उद्धार के लिए वह दिनरात यत्न करती रही।

भारतदेशं पुण्यभूमिरिति,
सा सह भर्त्रा मेने।
स्त्रीणां सेवां यथाशक्ति सा,
विदधे प्रमुदितचित्ता ॥६॥

वह अपने पति देव के साथ भारत को पुण्यभूमि मानती थी और प्रसन्न चित्त से यथाशक्ति सेवा करती रहती थी।

मांसभक्षणं जातु न कार्यं,
मानवताविपरीतम्।
करुणादृष्टया ह्यवलोक्याः स्युः,
प्राणभृतो भुवि सकलाः ॥७॥

मांस कभी न खाना चाहिए। ऐसा करना मानवता के विरुद्ध है। इस पृथिवी के सब प्राणियों को दयादृष्टि से देखना चाहिए।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इत्थं प्रचारयन्ती विभया,
करुणामूर्तिरुदारा ।
डब्लिनन्यूयार्कादिषु संस्थाः,
समस्थापयद् विमलाः ॥८॥

इस प्रकार निर्भयता से प्रचार करती हुई उस दया की मूर्ति उदार देवी ने आयर की राजधानी डब्लिन् व अमरीका की राजधानी न्यूयार्क आदि में पवित्र शाकाहार प्रचारिणी संस्थाओं (Vegetrian Societies) का उद्घाटन किया ।

एवं विधामुदारां सदयां, सेवानिरतामनिशम् ।
महिलोद्धारे सदानुरक्तां, मार्गिरथाख्यां नौमि । ९॥

इस प्रकार की उदारा, दयालु, दिनरात सेवापरायण, महिलाओं के उद्धार में सदा प्रेम रखने वाली मार्गिरथ (मार्गरेट्) नाम की देवी को मैं नमस्कार करता हूं ॥

—o—

मार्गेरेट् नोबेल्स (भगिनी निवेदिता)

(२८ अक्तू. १८६७–१३ अक्तू. १९११)

मार्गेरेट् नोबेलसनाम्नी यायरिशमहिला शुभा ।
भारतीया संस्कृतिर्यस्या अरोचत सत्तमा ॥१॥

मार्गरेट नोवेल्स एक बड़ी अच्छी आयरिश महिला थी जिस को श्रेष्ठा भारतीय संस्कृति से बड़ा प्रेम था ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्री विवेकानन्दसुमतेः या सुशिष्या विश्रुता ।
भारतं या पुण्यभूरिति श्रद्धया मेनेऽनिशम् ॥२॥

वह सुप्रख्यात बुद्धिमान् संन्यासी स्वामी विवेकानन्द की सुप्रसिद्धा उत्तम शिष्या बनी और वह भारत भूमि को श्रद्धापूर्वक सदा पुण्यभूमि मानती थी ।

भारतीयं नाम या, जग्राह चारु निवेदिता ।
आर्यसंस्कृतिपोषणार्थं पुस्तकानि लिलेख या ॥३॥

उस ने स्वामी विवेकानन्द जी की शिष्या बन कर निवेदिता यह सुन्दर नाम ग्रहण किया और आर्य संस्कृति के समर्थन में Religion and Dharma इत्यादि कई पुस्तकें लिखीं ।

आर्तसेवातत्परां, तां साधुभगिनिनिवेदिताम् ।
श्रद्धया वन्दामहे, विदुषीं सुशीलां सुव्रताम् ॥४॥

उस रोगियों और पीड़ित लोगों की सेवा में तत्पर, उत्तम स्वभाव और व्रत वाली भगिनी निवेदिता की हम श्रद्धापूर्वक वन्दना करते हैं ॥

—०—

सम्राज्ञी विक्टोरिया
(१८१९–१९०१ ई.)

आंग्लदेशराज्ञी या भारत-
सम्राज्ञी प्रथिताभूत् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रजावत्सला शासनदक्षा,
न्यायतत्पराऽविरतम् ॥१॥

विक्टोरिया इङ्गलैंड की रानी और भारत की प्रसिद्ध सम्राज्ञी थी, जो प्रजा के साथ प्रेम करने वाली, शासन में निपुणा और निरन्तर न्यायपरायणा थी ।

यस्याः शासनमस्ति विश्रुतं, निजदेशस्यसमृद्धयै ।
षष्टयब्दाधिककालं यावद्, राज्यपदेऽध्यारूढा ॥२॥

अपने देश की समृद्धि के लिए जिस का शासन प्रसिद्ध है, जिस को उस ने ६० से अधिक वर्षों तक किया ।

स्वातन्त्र्यं धार्मिकविषये स्यान्नहि राज्यस्याक्षेपः ।
इति नीतिं या राज्यारोहण-समये साधु जुघोष ॥३॥

जिस ने अपने राज्यरोहरण के समय यह घोषणा कर दी कि धार्मिक विषयों में लोगों को पूरी स्वतन्त्रता हो और राज्य का उन में हस्तक्षेप न हो ।

विदेशिशासकवार्ता त्वन्या,
केचित् तत्र सुधूर्ताः ।
किन्तु न यस्या विषये द्वेषो-
ह्यभवत्क्वापि जनानाम् ॥४॥

विदेशीय शासन की बात तो अलग है (वह तो कभी भी वाञ्छनीय नहीं) विदेशीय शासकों में कई बड़े धूर्त भी हुए हैं किन्तु महारानी विक्टोरिया के विषय में किसी का भी द्वेषभाव न था ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जनताहितसाधककार्येषु व्यस्तमानसां दक्षाम् ।
सम्राज्ञीं भुवने प्रख्यातां, विक्टोरियां नुमस्ताम् ॥५॥

ऐसी जनता के हितकारी कार्यों में सदा दत्तचित्ता, चतुरा, संसार में प्रसिद्धा सम्राज्ञी विक्टोरिया की हम स्तुति करते हैं ॥

—०—

शुभशिक्षिका मेरी मौन्तसेरी

Dr. Marie Montessari

(जन्म इटली प्रदेशे १८७०–१९६० ई०)

मौंत्सेरी नाम्नी सुविख्याताभवद् विदुषी शुभा,
या शिशुभ्यः श्रेष्ठशिक्षां दातुमयतिष्टानिशम् ।
बालकाः प्रेम्णा सुशिक्षा-ग्रहण इह चोत्कण्ठिताः
स्युस्तथा रम्यां सुपद्धतिमाविरकरोद्धीमती ॥१॥

मेरी मौन्तसेरी इटली की सुप्रसिद्धा अच्छी विदुषी देवी थी, जो दिन रात छोटे बच्चों को उत्तम शिक्षा देने के लिए प्रयत्न करती रहती थी। उस बुद्धिमती ने बालक प्रेम से उत्तम शिक्षा ग्रहण करें और उस के लिए स्वयं उत्सुक रहें ऐसी उत्तम सुन्दर पद्धति का यूरप में आविष्कार किया था ।

बालकोद्यानेति नाम्ना, सा प्रसिद्धा पद्धतिः,
शिक्षया सह वर्णिनां, मनसो भवेदपिरंजनम् ।
एष सिद्धान्तः समस्तैर्यो मनोवैज्ञानिकैः,
मन्यते श्रेष्ठस्तयोपन्यस्त आसीत् प्राक् पुरः ॥२॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
[illegible] किंडरगार्टेन के नाम से प्रसिद्ध है । शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का मनोरञ्जन भी हो यह जो सारे मनोवैज्ञानिकों द्वारा सम्मत सिद्धान्त है, सब से पहले इसे पाश्चात्य देशों में उसने प्रस्तुत किया था ।

ताडनान्न ऋते कदाचिद्, बालकानां शिक्षणम्,
लालनाश्रयिणस्तु दोषास्ताडनाश्रयिणो गुणाः ।
एष सिद्धान्तो विचित्रो बद्धमूलो जनगणे,
नूतनं कृत्वा परीक्षणवृन्दमनयाऽपाकृतः ॥३॥

मारे या दण्ड दिये बिना बालकों को शिक्षा नहीं दी जा सकती, लाड़ करने से बच्चे बिगड़ते हैं और ताड़ना करने से ही उन के अन्दर गुण आते हैं, ऐसा जो एक विचित्र सिद्धान्त लोगों के अन्दर जम गया था, उस ने नये अनेक परीक्षण कर के इसे दूर कर दिया ।

वन्दनीया सा न देवी, स्यात्कुतः सकलैर्जनैः,
शिशु-हितं हृदये दधाना, यात्र येतेऽहर्निशम् ।
मान्यसूरीतीह सर्वैः, शिक्षकैर्भुविसत्कृतां,
लोकविख्यातां नमामः,श्रद्धया शुभशिक्षिकाम् । ४ ।

ऐसी देवी की सब लोग क्यों न वन्दना करें जिस ने छोटे बच्चों के हित को हृदय में सदा धारण करते हुए दिनरात यत्न किया । सब शिक्षकों द्वारा मान्या विदुषी के रूप में सत्कार की हुई, जगद्विख्याता उत्तम शिक्षिका डा. मौन्तसेरी को हम नमस्कार करते हैं ॥

—o—

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मान्या मीरा माता

(श्री अरविन्दाश्रमसंचालिका २१ फर्वरी १८७८)

या फ्रांसदेशीया मिरा,
बाल्यात्सुसंस्कारान्विता ।
अध्यात्ममार्गे तत्परा,
अरविन्दशिष्यात्वं गता ॥१॥

जो छोटी आयु से ही उत्तम सस्कारों से युक्ता फ्रांस देशोत्पन्ना मीरा अध्यात्ममार्ग में तत्परा हो कर सुप्रसिद्ध योगी श्री अरविन्द जी की शिष्या बनी ।

योगिप्रकाण्डसुसङ्गतः.
कृत्वा प्रकृष्टामुन्नतिम् ।
सत्प्रार्थनाध्यानादिना,
संप्राप्य.शक्तिमलौकिकीम् ॥२॥

योगाश्रमस्य सुचालने, रात्रिन्दिवं व्यग्रा मुदा ।
मातेति यां सर्वे जनाः, आबालवृद्धं मन्वते ॥३॥

उत्तम योगी श्री अरविन्द जी के सत्संग से जिस ने अच्छी उन्नति की और उत्तम रूप से प्रार्थना और ध्यान आदि द्वारा अलौकिक शक्ति को प्राप्त कर के जो श्री अरविन्द आश्रम पाण्डीचेरी के संचालन में दिनरात लगी हुई है, जिसे आबाल वृद्ध आश्रम बासी माता मानते हैं ।

वात्सल्यपूर्णं वर्तनं,
करुणारसेनाप्लावितम् ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यस्याः समस्तान् साधकान्,
प्रति वर्ततेऽमृतवर्षणम् ।।४।।

दया के रस से आप्लावित जिस का प्रेम पूर्ण व्यवहार सब साधकों के प्रति अमृत की वर्षा करने वाला है।

माता पिता बन्धुः सखी,
आत्माऽस्ति याश्रमवासिनाम् ।
यस्या हि सङ्केतेऽखिलम्,
आश्रमसुचक्रं भ्राम्यते ।।५।।

जो आश्रमवासियों के लिये माता, पिता, बन्धु, सखी बल्कि उन की अपनी आत्मा के समान है, जिस के इशारे पर सारा आश्रम का चक्र घूमता है।

याशीतिवर्षेभ्योऽधिका, किन्त्वात्मशक्तियुतासती।
नटयत्यमन्दं साधकान्,या सूत्रधारीवाखिलान् ।।६।।

जो ८० वर्ष से अधिक (अब मार्च १९६३ में लगभग ८५ वर्ष की) आयु वाली हो कर भी आत्मिक शक्ति से युक्ता हो कर सूत्रधार की तरह सब आश्रमवासियों को वेग से मानो नचाती है।

शक्ति स्रवत्यमितां सुधां,
यस्याः सुदृष्टिः सन्ततम् ।
यद्दर्शनेनाश्रमजनाः,
धन्यान् हि मन्वत आत्मनः ।।७।।

जिस की उत्तम दृष्टि लगातार शक्ति और अपरिमित आनन्द रूप अमृत को झरती है, जिस के दर्शन से आश्रम वासी अपने को धन्य मानते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अध्यात्मधारा सर्वतः, प्रवहेद्धि तापविनाशिनी।
उद्दिश्य कुर्वन्तीं क्रियां, नौमीह मीरां मातरम् ॥८॥

ताप का नाश करने वाली अध्यात्मधारा चारों ओर अच्छी तरह बहती रहे इस उद्देश्य को लेकर काम करती हुई मीरा माता जी को मैं नमस्कार करता हूं।

[1]आत्मनो मम भूमिरेतन्नूनमस्ति हि भारतम्।
तत्सुरक्षावश्यकी खलु विश्वशान्त्यै सर्वदा ॥९॥

यह भारत मेरी आत्मा का देश है। विश्वशान्ति के लिए उस की उत्तम प्रकार से रक्षा करना आवश्यक है।

[2]भारतं जगतो गुरु ध्रुव-सत्यमेतन्निश्चितम्।
विश्वशान्त्यै शक्तमेतत्,केवलं भुवि भारतम् ॥१०॥

भारत जगत का गुरु है यह निश्चित अटल सत्य है, इस भूमि पर केवल भारत ही ससार में शान्ति स्थापित करने में समर्थ है।

[3]सत्यसन्देशं जगत्यां, भारत दातुं क्षमम्।
घोषणीयं तेन सत्यं, नो विलम्बोऽपेक्ष्यते ॥११॥

---

1 "India is my true country, the country of my soul and spirit." 15-8-1954.
'India must be saved for the good of the world, since India alone can lead the world to peace and a new world. Order."

2 'The future of India is very clear. India is the Guru of the world.'

3 "India must proclaim the truth to the world." The Mother on India.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
भारत ही जगत् में सत्य का सन्देश देने में समर्थ है ऐसी घोषणा उसे अविलम्ब कर देनी चाहिए।

इत्थमस्मल्लाभदृष्टया, घोषयन्तीं सर्वदा।
श्री मिरानाम्नीं सुदेवीं, सम्मुदा वन्दामहे ॥१२॥

इस प्रकार हमारे लाभ की दृष्टि से सदा घोषणा करने वाली उत्तम मीरा देवी को हम बड़ी प्रसन्नता से नमस्कार करते हैं।

ध्यानानि यस्याः प्रार्थनाः,
आनन्ददायिन्यः सदा।
प्रीतिं हि तां विग्रहवतीं,
नौमीह मीरां मातरम् ॥१३॥

जिस के ध्यान और प्रार्थनाएं (Prayers & meditations) सदा आनन्द देने वाली हैं, उस सच्ची प्रीति की मूर्ति मीरा माता जी को मैं नमस्कार करता हूं।

इति महिलामणिकीर्तने विख्यातविदेशीयमहिलावर्ग-
निरूपणं नाम सप्तमं काण्डम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उपसंहारः

इत्येवं महिलामणीन् बहुविधान्,
संग्रन्थ्य यत्नः कृतः,
आदर्शान् विमलान् स्त्रियां तु पुरता,
विन्यस्तुमेवोत्तमान्।
अस्माकं महिला इमान् शुभगुणान्
धृत्वा भवेयुर्भुवि,
विख्याताः समलङ्कृता [1]गुणसुमः,
सर्वेभ्य आनन्ददाः ॥१॥

इस प्रकार अनेक प्रकार अर्थात् विविध क्षेत्रों की महिलामणियों का संचय कर मैंने स्त्रियों के सम्मुख निर्मल उत्तम आदर्शों को रखने का यत्न किया है। हमारे देश की महिलाएं इन शुभ गुणों को धारण कर के पृथिवी में प्रसिद्धा, गुणरूप पुष्पों से अलंकृत और सब के लिए आनन्ददायिनी बनें।

---

१ सुमैस् – कुसुमैः पुष्पैरित्यर्थः।

 Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यत्तद् धार्मिकशिक्षण सुसुखद,
नैवेह तद् दीयते,
नादर्शाः शुभशान्तिदाः सुविमलाः,
स्थाप्यन्त एवोत्तमाः ।
इत्थं नो महिलागणस्य परमा,
जातून्नतिः श्रेयसी,
शक्येत्येव विचार्य खिन्नमनसो
यत्नोऽस्त्ययं मामकः ॥२॥

आज कल हमारे विद्यालयों महाविद्यालयों में प्रायः उत्तमसुख-दायिनी धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती और न ही उत्तम शान्तिदायक निर्मल उत्तम आदर्श छात्राओं के सामने रखे जाते हैं । इस प्रकार महिलाओं की वास्तविक श्रेष्ठ उन्नति नहीं हो सकती यह विचार कर के दुःखित मन वाले मेरा यह यत्न है ।

धार्मिक्यो विबुधा भवेयुरखिला
देव्यः शुभा मातरो,
वीराः स्युर्निजदेशभक्तिसहिता
देवेशभक्तास्तथा ।
सेवाभावयुताः पतिव्रतपराः
शिक्षाप्रसारे रताः,
इत्युद्दिश्य कृतं मया सुसरलं
स्त्रीरत्नसंकीर्तनम् ॥३॥

सब देवियां धार्मिकी, विदुषी, बुद्धिमती, उत्तम माताएं, वीरा, स्वदेशभक्ता, ईश्वरभक्ता, सेवाभावनायुक्ता, पतिव्रता और शिक्षाप्रसार

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में तत्पर हों, इस उद्देश्य से [illegible] हम महिलामणिकीर्तन का निर्माण किया है।

विज्ञानादिकशिक्षणेन सह या,
शिक्षा सुधर्मस्य सा,
यावन्नैव वितीर्यते हितकरी,
श्रेयो न तावद् भवेत्।
सत्स्त्रीणां चरितं भवेद् भुवि सदा,
सत्स्फूर्तिसन्दायकं,
छात्राः सन्महिलाः स्युरेवमखिला
लाभान्विताः सन्ततम् ॥४॥

विज्ञानादि की शिक्षा के साथ जब तक सब के लिए हितकारिका उत्तम धर्मशिक्षा नहीं दी जाती, तब तक देशवासी नरनारियों का सच्चा कल्याण नहीं हो सकता। उत्तम स्त्रियों का चरित्र सदा उत्तम स्फूर्तिदायक होता है। अतः सब विद्यार्थिनियां और अन्य महिलाएं इस से लाभ उठायें।

पूर्णः केवलमेक एव परमो
देवो न चान्यः क्वचित्,
सन्त्यत्रापि निरूपिताः सुमहिलाः
पूर्णा अदोषा न हि।
हित्वा फल्गुगणं[1] मरालवदतो[2]
वल्गु[3] ग्रहीतुं समैः,

---

१ फल्गु – निस्सारं दुर्गुणगणम्। २ मरालः – राजहंसः।
३ वल्गु – ससारं सद्गुणगणम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सिद्धमाध्यमिति श्रमाणमहो

विज्ञापना मत्कृता ॥५॥

पूर्ण तो संसार में केवल एक परमेश्वर ही है अन्य कोई नहीं । इस ग्रन्थ में जिन उत्तम महिलाओं का निरूपण किया गया है वे भी पूर्ण तथा सर्वथा दोषरहिता नहीं । इस लिए सब को चाहिए कि हंस की तरह निस्सार (दुर्गुण) का परित्याग कर के सारयुक्त उत्तम गुणों का ही ग्रहण करने के लिए सदा उद्यत रहें, यही मेरा निवेदन है ॥

इति धर्मदेवविद्यामार्तण्डविरचितं महिलामणिकीर्तनं पूर्तिमगात् ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पं० धर्मदेव विद्यामार्तण्ड रचित कुछ पुस्तकें

(१) **महापुरुषकीर्तनम्** – भाषानुवाद सहितम् उत्तरप्रदेश-शासनद्वारा पुरस्कृतम् । पृष्ठ संख्या २३२ अबन्ध प्रतेः मूल्यम् २)रु. सबन्ध प्रतेः२)२५ प्राप्तिस्थानम्– गुरुकुल पत्रिका कार्यालयः, गुरुकुल कांगड़ी, उ०प्र० ।

२) **वेदों का यथार्थ स्वरूप** (हि) – पृष्ठ संख्या ५३० मूल्यम् ६-५० न. पै. गुरुकुल पुस्तक-भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी ।

३) **वैदिक कर्तव्यशास्त्र** (हि.) – मूल्यम् १.५० नये पैसे गुरुकुल पुस्तक भंडार ।

(४) **भारतीय समाजशास्त्र** (हि.) – प्रकाशक–– आर्य साहित्य मण्डल, अजमेर मूल्यम् २) रुपये ।

(५) **स्त्रियों का वेदाध्ययन और वैदिक कर्मकांड में अधिकार** सार्वदेशिक आर्यप्रतिनिधि सभा दयानन्द भवन राम-लीला मैदान नई देहली १ से प्राप्तव्य मू. १.२५न.पै. ।

(६) **वैदिक धर्म प्रश्नोत्तरी ७ म संस्करण** – प्रकाशक – म. राजपाल ऐण्ड सन्स काश्मीरी गेट देहली मू. .६२न.पै. ।

(७) **अमर धर्मवीर स्वामी श्रद्धानन्द जी २ य संस्करण** – प्रकाशक–राजपाल ऐण्ड सन्स का.गेट देहली मू. १) ।

(८) **आर्य धर्म निबन्ध माला** – ,, ,, मू. १)रु. ।

(९) Mahatma Buddha an Arya Reformer — Published by the author Ananda Kutir, Jwalapur. Rs 1.50 nP.

देवी विद्यावती जी (धर्मपत्नी पं. धर्मदेव जी विद्या-मार्तण्ड) कृत पुस्तक **'सोम-सुधा'** (स्वरचित आध्या-त्मिक भजनों का संग्रह १) रुपया ।

प्राप्तिस्थान — आनन्द कुटीर ज्वालापुर (उ० प्र०)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

महापुरुषकीर्तनम्

(पं० धर्मदेव विद्यावाचस्पति, विद्यामार्तण्डप्रणीतम्)

भाषानुवादसहितम्

[उत्तरप्रदेशीय सरकार द्वारा पुरस्कृत]

'महापुरुषकीर्तनम्' नामक यह पुस्तक पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड ने सरल ललित संस्कृत श्लोकों में लिखी है, जिसमें भाषानुवाद भी साथ दिया गया है। इसमें देश-विदेश के लगभग ८० प्रसिद्ध महापुरुषों का गुण-कीर्तन, उन की प्रमुख शिक्षा और कार्य का निर्देश करते हुए किया गया है। भारत के वर्तमान मान्य राष्ट्रपति डा राधाकृष्णन् जी ने इस पुस्तक को पढ़कर अपने १७ अगस्त १९५९ के पत्र में पं० धर्मदेव जी को लिखा कि "हमारे देश में ऐसे साहित्य की कमी है जो हमारे युवकों और युवतियों के लिए स्फूर्तिदायक हो। आपने निश्चय पूर्वक संस्कृत श्लोकों में (भाषानुवाद सहित) इस पुस्तक को लिख कर अत्यन्त प्रशंसनीय प्रयत्न किया है। मैं अवश्य ही यह आशा करता हूं कि इस पुस्तक का विस्तृत रूप से सर्वत्र अध्ययन किया जायेगा।" ऐसी ही प्रशंसात्मक सम्मति भूमिका लेखक बिहार के राज्यपाल श्री अनन्त शयनम् जी आयंगार, विद्वद्वर पं. चूड़ामणि जी शास्त्री भू. पू. आचार्य सनातन धर्म संस्कृत कालेज मुलतान, श्री काका कालेलकर जी, श्री डा. मंगलदेव जी शास्त्री, श्री डा. बाबूराम जी सक्सेना इत्यादि सुप्रसिद्ध विद्वानों द्वारा प्राप्त हुई। यह तथा लेखक की नवीन कृति महिलामणिकीर्तनम् निम्न पते पर मंगवाइये जिसका मूल्य २)५० है। दोनों पुस्तकें इकट्ठी मंगवाने पर रियायती मूल्य ४) रुपये होगा। डाक-व्यय पृथक्।

लेखक का पता—

धर्मदेव विद्यामार्तण्ड
सम्पादक गुरुकुल पत्रिका, गुरुकुल कांगड़ी
जिला सहारनपुर (उ. प्र.)

Bhawan's Sri Sankaracharya ...
819

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE